शुक्रवार, 4 जुलाई 2025

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आषाढ़ शुक्लपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 32 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदय: 4:56 | सूर्यास्त: 18:25 |



गिल के रिकॉर्ड दोहरे शतक से भारत मजबूत

पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : सहायता से ज्यादा जरूरी है साथ लेकिन वो भी नि:स्वार्थ।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## मुख्यमंत्री ममता ने गृह मंत्री शाह को लिखा पत्र

# भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट व साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भड़काऊ सोशल मीडिया सामग्री और साइबर अपराध के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताते हुए गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा और कड़े विधायी एवं नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता पर जोर दिया। दो पन्ने के पत्र में सोशल मीडिया पर हाल ही में प्रसारित 'भड़काऊ बयानों, भ्रामक सामग्री और फर्जी वीडियो' का जिक्र किया गया है, जिनके चलते समाज के कुछ वर्गों में आपराधिक प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिला है। ममता ने लिखा कि इस तरह की सामग्री न केवल गलत सूचना फैलाती है, बल्कि सांप्रदायिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, हिंसा भड़काने, सामाजिक सद्भाव में खलल डालने और महिलाओं के खिलाफ अपराध को बढ़ावा देने की भी क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल मंचों के दुरुपयोग की तात्कालिक और व्यापक



प्रकृति इन प्रभावों को कई गुना बढ़ा देती है। उन्होंने कहा है कि ऐसे सूचनाओं के प्रसार ने आग में घी डालने का काम किया है। शाह को लिखे अपने पत्र में ममता ने साइबर अपराध में खतरनाक वृद्धि के खतरे को भी उजागर किया। उन्होंने कहा कि इसकी (साइबर अपराधों की) जटिलता और हानिकारक प्रभाव, दोनों बढ़ रहे हैं। ममता ने लिखा कि वित्तीय धोखाधड़ी और पहचान की चोरी से लेकर ऑनलाइन उत्पीड़न और मानहानि तक, साइबर अपराध व्यक्तियों एवं संस्थानों पर समान रूप से गंभीर असर डाल रहे हैं। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट और साइबर अपराध, दोनों ही समाज के संवेदनशील वर्गों-महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को असमान रूप से प्रभावित करते हैं। ममता ने भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट के प्रसार और साइबर अपराध पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कड़े विधायी उपाय लागू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र और दुर्भावनापूर्ण तत्वों द्वारा अपनाए गए परिष्कृत तरीकों से निपटने के लिए मौजूदा कानूनी ढांचे और इसके प्रवर्तन को और मजबूत करने की जरूरत है। ममता ने गृह मंत्री से संवेदनशील कार्यक्रमों, डिजिटल साक्षरता अभियानों और सामुदायिक सहभागिता पहलों के साथ-साथ जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध विश्व के निर्माण में योगदान देगा

## प्रधानमंत्री मोदी ने घाना में कहा

- **प्रधानमंत्री मोदी घाना की दो दिवसीय यात्रा के बाद त्रिनिदाद और टोबैंगो के लिए रवाना**

**अक्रा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय एवं प्रभावी सुधारों पर जोर देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारत जितना मजबूत होगा दुनिया को उतना ही सशक्त बनाएगा और वैश्विक स्थिरता बढ़ाने में योगदान करेगा। घाना की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' को आवाज दिए बिना प्रगति संभव नहीं है। दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में भारत का लोकतंत्र आशा की किरण बना हुआ है। इसी प्रकार भारत की विकास यात्रा वैश्विक प्रगति को गति देने वाली है। विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र एक ऐसा स्तंभ है, जो जितना मजबूत होगा, दुनिया को उतना ही सशक्त



प्रधानमंत्री मोदी को घाना के राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया

बनाएगा और वैश्विक स्थिरता बढ़ाने में योगदान करेगा।'' भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि स्थिर राजनीति और शासन की नींव पर भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा, ''हम पहले से ही वैश्विक विकास में लगभग 16 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं। भारत में अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा 'स्टार्ट-अप इकोसिस्टम' है। भारत एक नवाचार और प्रौद्योगिकी केंद्र है, जहां वैश्विक कंपनियां जुटना चाहती हैं।'' प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी विश्व शासन व्यवस्था तेजी से बदल रही है। मोदी ने कहा, ''प्रौद्योगिकी में क्रांति, 'ग्लोबल साउथ' का उदय और बदलती जनसांख्यिकी इसकी गति और विस्तार में योगदान दे रहे हैं।'' मोदी ने कहा, ''दुनिया जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और साइबर सुरक्षा जैसे नए और जटिल संकटों का भी सामना कर रही है। पिछली सदी में बनाए गए संस्थान जवाबदेही का सामना कर रहे हैं। बदलती परिस्थितियों में वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता है।'' उन्होंने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' को आवाज दिए बिना प्रगति संभव नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमें नारों से ज्यादा कुछ चाहिए। हमें कार्रवाई की जरूरत है। इसीलिए, भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान, हमने 'एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य' के दृष्टिकोण के साथ काम किया।'' उन्होंने कहा, ''भारत अफ्रीका की विकास यात्रा में एक प्रतिबद्ध भागीदार बना हुआ है। हम अफ्रीका की विकास रूपरेखा, एजेंडा 2063 का समर्थन करते हैं, ताकि यहां के लोगों के लिए एक उज्ज्वल और टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।''

### डोनाल्ड ट्रंप की बड़ी जीत, 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' को अमेरिकी कांग्रेस ने दी मंजूरी

**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का चर्चित 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' गुरुवार देर रात हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से 218-214 के अंतर से पास हो गया है जो उनके दूसरे कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धि बताई जा रही है। इस विधेयक को सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से पारित होने के बाद अब राष्ट्रपति के साइन के लिए भेजा जाएगा। वहीं, विधेयक पर मतदान के दौरान दो रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर डेमोक्रेटिक पक्ष में मतदान किया।

# दीपिका पादुकोण हॉलीवुड 'वॉक ऑफ फेम' में हुईं शामिल

## सम्मान पाने वाली पहली भारतीय अदाकारा

**लॉस एंजिलिस :** अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को हॉलीवुड 'वॉक ऑफ फेम' के लिए चुना गया है और इस प्रतिष्ठित सम्मान को हासिल करने वाली संभवत: वह पहली भारतीय कलाकार होंगी। हॉलीवुड 'वॉक ऑफ फेम' का प्रबंधन करने वाले आधिकारिक संगठन 'हॉलीवुड चैंबर ऑफ कॉमर्स' ने बुधवार रात 'इंस्टाग्राम' पर यह खबर साझा की। पोस्ट में बताया गया, हॉलीवुड चैंबर ऑफ कॉमर्स' के 'वॉक ऑफ फेम' चयन पैनल द्वारा मोशन पिक्चर्स, टेलीविजन, थिएटर/प्रस्तुति, रेडियो, रिकॉर्डिंग और खेल मनोरंजन की श्रेणियों में कुछ मनोरंजन पेशेवरों को हॉलीवुड 'वॉक ऑफ फेम' के लिए चुना गया है। 'हॉलीवुड चैंबर ऑफ कॉमर्स' ने बताया, 2026 के 'वॉक ऑफ फेम' श्रेणी में आपका (दीपिका पादुकोण) स्वागत करते हुए हमें गर्व महसूस हो रहा है!। एमिली ब्लंट, टिमोथी चालमेट, मैरियन कोटिलार्ड,



स्टेनली टुकी, रामी मालेक, रेचल मैकएडम्स, डेमी मूर, फिल्म निर्माता क्रिस कोलंबस और टोनी स्कॉट सहित कई लोकप्रिय हॉलीवुड अभिनेताओं के साथ-साथ दीपिका पादुकोण इस सम्मान को प्राप्त करने वाली भारतीय कलाकार होंगी। पैनल ने 14 जून, 2024 को आयोजित एक बैठक में सैकड़ों नामांकनों में से इन कलाकारों का चयन किया और उसी दिन हॉलीवुड चैंबर के निदेशक मंडल द्वारा इसकी पुष्टि की गई। अभिनेत्री (39) ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा, आभार...।

# जिन कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव नहीं हुए, वहां यूनियन के कमरे बंद रहेंगे : हाई कोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहित दुष्कर्म के बाद शिक्षा संस्थानों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठे हैं। इसी मामले में सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि राज्य के सभी महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों में, जहां छात्र संघ चुनाव नहीं हुए हैं, वहां के छात्र संघ कक्ष (यूनियन रूम) को बंद किया जाए। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि इन छात्र संघ कक्ष में किसी भी तरह की मनोरंजन या निजी गतिविधि पर रोक रहेगी। सिर्फ बेहद जरूरी आधिकारिक काम के लिए ही इन कमरों का इस्तेमाल किया जा सकेगा, वो भी तभी जब



विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार या महाविद्यालय के प्राचार्य से लिखित अनुमति ली जाए। हालांकि, कोर्ट ने यह भी कहा कि दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज का छात्र संघ कक्ष पूरी तरह सील रहेगा। वहां किसी भी परिस्थिति में इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जाएगी क्योंकि यह मामला सीधे उसी कॉलेज से जुड़ा हुआ है और जांच जारी है। हाई कोर्ट में दाखिल याचिकाओं में यह भी कहा गया है कि राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में कई वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं। इससे यूनियन रूम पर कब्जा करने और उसका दुरुपयोग करने की घटनाएं बढ़ी हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार से चुनाव को लेकर योजना बताने को कहा है। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को 17 जुलाई तक हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा है कि छात्र संघ चुनाव कब और कैसे कराए जाएंगे। तब तक सभी ऐसे कमरे बंद रहेंगे। कोर्ट ने यह भी कहा कि छात्रों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाना जरूरी है।

# न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के प्रस्ताव पर जल्द ही सांसदों के हस्ताक्षर लिए जाएंगे : रीजीजू

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रमुख विपक्षी दलों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है और इस संबंध में सांसदों के हस्ताक्षर कराने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि यह प्रस्ताव लोकसभा में लाया जाएगा या राज्यसभा में। लोकसभा के लिए कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर की आवश्यकता होती है। राज्यसभा के लिए कम से कम 50 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होती है उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यह निर्णय लेने के बाद कि प्रस्ताव किस सदन में लाया जायेगा, हस्ताक्षर कराये जायेंगे।



संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अनुसार, जब किसी न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव किसी भी सदन में स्वीकार कर लिया जाता है, तो अध्यक्ष या सभापति, जैसा भी मामला हो, तीन-सदस्यीय एक समिति का गठन करेंगे जो उन आधारों की जांच करेगी जिनके आधार पर न्यायाधीश को हटाने (महाभियोग) की मांग की गई है। समिति में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) या उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, 25 उच्च न्यायालयों में से किसी एक के मुख्य न्यायाधीश और एक ''प्रतिष्ठित न्यायविद'' शामिल होते हैं। रीजीजू ने कहा कि चूंकि यह मामला न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़ा है, इसलिए सरकार सभी राजनीतिक दलों को साथ लेना चाहती है। न्यायमूर्ति वर्मा के सरकारी आवास पर नकदी मिलने की घटना के बाद गठित जांच समिति की रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि तीन न्यायाधीशों की समिति की रिपोर्ट का उद्देश्य भविष्य की कार्रवाई की सिफारिश करना था क्योंकि केवल संसद ही एक न्यायाधीश को हटा सकती है।

### पुतिन ने लक्ष्य पूरा होने तक यूक्रेन में युद्धविराम से इनकार किया: क्रेमलिन के अधिकारी

**मॉस्को :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत के दौरान कहा कि सभी लक्ष्य हासिल होने तक यूक्रेन के खिलाफ सैन्य अभियान जारी रहेगा। क्रेमलिन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। क्रेमलिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने दोनों राष्ट्रपतियों के बीच एक घंटे तक चली टेलीफोन वार्ता के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि मास्को जारी संघर्ष का कूटनीतिक समाधान तलाशना जारी रखेगा, लेकिन इसके मूल कारणों को अनदेखा नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि पुतिन ने लगभग साढ़े चार साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए जल्द से जल्द युद्धविराम समझौते की ट्रंप की अपील को अस्वीकार कर दिया।

# रक्षा मंत्रालय ने एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी अधिग्रहण परियोजनाओं को मंजूरी दी

- **भारतीय सेना को मिलेंगी नई मिसाइलों से लेकर बख्तरबंद गाड़ियां**

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्रालय ने लगभग 1.05 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 'सैन्य हार्डवेयर' और 'प्लेटफार्मों' के लिये पूंजीगत अधिग्रहण से जुड़ी परियोजनाओं को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इन खरीद परियोजनाओं को मंजूरी दी। पूंजीगत अधिग्रहण से आशय उस व्यय से है, जो बजट में पूंजीगत मद में वर्णित होता है। आधिकारिक बयान के अनुसार, डीएसी ने



बख्तरबंद रिकवरी वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, तीनों सेनाओं के लिए एकीकृत सामान्य इन्वेंट्री प्रबंधन प्रणाली और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद को मंजूरी दे दी। बयान में कहा गया है कि इन खरीद से सशस्त्र बलों की अभियानगत तैयारियां और बेहतर होंगी। 'माइन काउंटर मेजर वेसल', 'सुपर रैपिड गन माउंट' और 'सबमर्सिबल ऑटोनॉमस वेसल' की खरीद को भी मंजूरी दी गई। मंत्रालय ने कहा, इन खरीद से नौसेना और व्यापारिक जहाजों के लिए संभावित खतरों को कम करने में मदद मिलेगी।

**विदेशी मुद्रा व्यापार धोखाधड़ी मामला:**

# ईडी ने स्पेन में 131 करोड़ रुपये की नौका और दो मकान जब्त किए

**नयी दिल्ली :** ईडी ने बृहस्पतिवार को कहा कि धोखाधड़ी में शामिल विदेशी मुद्रा व्यापार मंच के खिलाफ धन शोधन रोधी कानून के तहत की गई कार्रवाई के दौरान स्पेन में स्थित दो नौका, दो मकान और कुछ अन्य संपत्तियां कुर्क की गयी हैं, जिनकी कीमत 131 करोड़ रुपये से अधिक है। ईडी के अनुसार इस 'ऑक्टाएफएक्स' ने कथित तौर पर कई निवेशकों से धोखाधड़ी की है। निदेशालय ने बताया कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक लग्जरी नौका, एक मिनीजेट बोट, एक महंगी कार और स्पेन में दो आवासीय संपत्तियों को जब्त करने का एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है, जिनकी कीमत 131.45 करोड़ रुपये है। ईडी ने कहा कि चेरी नामक यह नौका पश्चिमी भूमध्य सागर में भ्रमण कर रही है। धन शोधन की जांच पुणे पुलिस (शिवाजी नगर थाने) द्वारा कई व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से शुरू हुई है, जिन पर 'ऑक्टाएफएक्स फॉरेक्स-ट्रेडिंग' प्लेटफॉर्म के माध्यम से उच्च रिटर्न का झूठा वादा करके निवेशकों को धोखा देने का आरोप है।

### भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर हो सकता है बड़ा फैसला!

**नयी दिल्ली :** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत जारी है। इस व्यापार समझौते को अगले 48 घंटे में अंतिम रूप दिये जाने की संभावना है। साथ ही व्यापार मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह बताया कि भारत का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही बातचीत के लिए वाशिंगटन जाएगा। जिससे की सभी मुद्दों पर बातचीत के बाद अंतरिम व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए जा सकें। वहीं यह व्यापार समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ यानी 9 जुलाई से पहले पूरी होने की संभावना है। इस तय वक्त के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति भारत से अमेरिका आने वाले सामानों पर हाई टैरिफ लगाने वाले है। एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका यह मांग कर रहा है कि भारत मक्का, डेयरी और गेहूं के लिए आयात खोलें। इसके साथ ही भारत अमेरिका में होने वाले टैरिफ कम करने की बात कर रहा है। वो प्रोडक्ट जिन पर अमेरिका टैरिफ कम करने की बात कर रहा है वो प्रोडक्ट पिस्ता, बादाम और अखरोट शामिल है।

# भारत में 13 फीसदी बच्चों का समय पूर्व जन्म: स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े

**नयी दिल्ली :** भारत के जनसांख्यिकीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 के मुताबिक देश में 13 प्रतिशत बच्चों का जन्म समयपूर्व हो रहा है जबकि जबकि 17 प्रतिशत बच्चों का जन्म के समय वजन मानक से कम होता है। इसके मुताबिक वायु प्रदूषण भी जन्म से जुड़े प्रतिकूल प्रभावों का कारण बन रहा है। दिल्ली स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान,मुंबई स्थित अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान तथा ब्रिटेन और आयरलैंड के संस्थानों के शोधकर्ताओं ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 और दूर संवेदी डेटा का अध्ययन करके गर्भावस्था के दौरान वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से प्रसव परिणामों पर प्रभावों का विश्लेषण किया। टीम ने पाया कि गर्भावस्था के दौरान पीएम 2.5



(सूक्ष्म कण प्रदूषण) के अधिक संपर्क (में रहने) से जन्म के समय कम वजन वाले बच्चे पैदा होने की आशंका 40 प्रतिशत तथा समय से पहले प्रसव की आशंका 70 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। जलवायु परिस्थितियों जैसे वर्षा और तापमान, का प्रतिकूल जन्म परिणामों से अधिक गहरा संबंध पाया गया। स्वास्थ्य पत्रिका 'पीएलओएस ग्लोबल पब्लिक हेल्थ' में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक भारत के उत्तरी जिलों में रहने वाले बच्चे परिवेशीय वायु प्रदूषण के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। वातावरण में मौजूद 2.5 माइक्रोन से भी छोटे व्यास वाले सूक्ष्म कण पदार्थ को पीएम 2.5 कहा जाता है और इन्हें सबसे हानिकारक वायु प्रदूषक माना जाता है। वातावरण में इनकी मौजूदी के लिए जीवाश्म ईंधन और बायोमास के दहन को प्रमुख कारणों में से एक माना जाता है। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक ऊपरी गंगा क्षेत्र में पीएम 2.5 प्रदूषकों का स्तर अधिक है, जिसमें उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य शामिल हैं, तथा देश के दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में इसका स्तर कम है। अध्ययन के मुताबिक समय से पहले जन्म के अधिक मामले उत्तरी राज्यों जैसे हिमाचल प्रदेश (39 प्रतिशत), उत्तराखंड (27 प्रतिशत), राजस्थान (18 प्रतिशत) और दिल्ली (17 प्रतिशत) में आए। मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा में समय पूर्व बच्चों के जन्म के सबसे कम मामले सामने आए हैं। पंजाब में जन्म के समय मानक से कम वजनी बच्चें पैदा होने की दर सबसे अधिक 22 प्रतिशत पाई गई। इसके बाद दिल्ली, दादरा और नगर हवेली, मध्य प्रदेश, हरियाणा और उत्तर प्रदेश का स्थान आता है। अनुसंधानपत्र लेखकों ने कहा कि इस मानदंड पर पूर्वोत्तर भारत के राज्यों का प्रदर्शन कहीं बेहतर है।




## जिंदगी बचाने की पहल करे एनएचएआई

निस्संदेह, हाल के वर्षों में भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे आदि का आशातीत विस्तार हुआ है। सड़कों के नेटवर्क सुधार से उपभोक्ताओं के समय व धन की बचत हुई है तो उद्योग-व्यापार को भी गति मिली है। लेकिन इससे जुड़ी तमाम विसंगतियां भी सामने आई हैं। सड़कों के त्रुटिपूर्ण डिजाइन व निर्माण में चूक को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। पिछले हफ्ते मध्यप्रदेश में लगातार 40 घंटे लगे जाम से जहां हजारों लोगों को घंटों परेशान होना पड़ा, वहीं जाम में फंसकर तीन लोगों की मौत हुई है। निश्चय ही यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसको लेकर शासन-प्रशासन के साथ ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानी एनएचएआई को गंभीरता से लेना चाहिए। उन तमाम आशंकाओं को टालना चाहिए जो भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति के कारक बन सकते हैं। बहरहाल, मध्यप्रदेश की घटना को लेकर एनएचएआई की आलोचना की जा रही है। इस घटना के बारे में एनएचएआई के एक अधिकारी की संवेदनहीन टिप्पणी को लेकर भी सवाल उठे हैं। यहां तक कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने भी एनएचएआई के रुख को कठोर और संवेदनहीन बताया है, जो जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करने वाला है। दरअसल, एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने एनएचएआई को दोषपूर्ण और देर से सड़क निर्माण के लिये फटकार लगायी है, जिसके कारण आगरा-मुबई राष्ट्रीय राजमार्ग के इंदौर-देवास खंड में जाम लग गया था। बताते हैं कि एनएचएआई के कानूनी सलाहकार ने इस बाबत संवेदनहीन टिप्पणी की कि लोग बिना किसी काम के घर से इतनी जल्दी क्यों निकलते हैं? इस टिप्पणी ने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया। निश्चित रूप से इस दुर्घटना और हजारों लोगों के घंटों जाम में फंसे रहने के मामले में जहां एनएचएआई की तरफ से माफी मांगने की जरूरत थी, वहीं उसने दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिये दोष लोगों पर लगाते हुए असंवेदनशील बयान दे डाला। जिसके खिलाफ तल्ख प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक था। यही प्रतिक्रिया अदालत की टिप्पणी में भी झलकती है।

इसमें दो राय नहीं कि अकसर बड़ी सड़कों और राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण के दौरान अंतहीन असुविधा भारतीय यात्रियों के लिए रोजमर्रा के अनुभव हैं। अधिकांश साइटों पर निर्माण से जुड़ी, यात्रियों के अनुकूल सर्वोत्तम परंपराओं को अपनाना और यातायात में व्यवधान को कम से कम करना सुनिश्चित नहीं किया जाता है। निस्संदेह, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय संभाल रहे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सक्रियता व प्रतिबद्धता की अकसर सराहना होती रहती है। वे सड़कों की गुणवत्ता और सुरक्षा मापदंडों को बढ़ाने को लेकर लगातार अभियान चलाते भी रहते हैं। हालांकि, वे भी मानते रहे हैं कि अभी सुधार की काफी गुंजाइश है। निस्संदेह, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण निरंतर यातायात को सुगम मानकों के अनुरूप बनाने के लिये प्रयासरत रहता भी है। निश्चित रूप से स्थलों की स्थिति और भूमि अधिग्रहण के तमाम विवाद भी हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण काम राजमार्गों की व्यावहारिक दिक्कतों को दूर किया जाना होना चाहिए। दरअसल, योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन बड़े पैमाने पर निर्माण फर्मों और ठेकेदारों के माध्यम से किया जाता है। जिसमें व्यापक अनुभव, क्षमता और नैतिकता जैसे कारक मिलकर भूमिका निभाते हैं। निस्संदेह, काम की गुणवत्ता समस्याओं के समाधान में मददगार साबित हो सकती है। लेकिन जरूरी है कि इस काम में बाह्य हस्तक्षेप राजनीतिक व अन्य स्तर पर न हो। जैसा कि हिमाचल प्रदेश में एक मंत्री पर एनएचएआई के दो अधिकारियों के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। जिसको लेकर कई आरोप-प्रत्यारोप सामने आए हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में भारत में सड़कों का नेटवर्क काफी सुधरा है। लेकिन एनएचएआई को अपनी कार्यशैली पर पुनर्विचार करना चाहिए। जिससे भविष्य में लंबे जाम लगने और दुर्घटनाओं को टाला जा सके। निस्संदेह, देश के शहरों में आए दिन जाम लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। शासन-प्रशासन को इसके तार्किक समाधान की दिशा में वैज्ञानिक तरीके से गंभीरता के साथ प्रयास करने चाहिए। जाम की सूचना मिलने पर उसे खुलवाने की तत्काल पहल होनी चाहिए। यात्रियों के लिये तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए ताकि भविष्य में जाम में फंसकर किसी की जान न जाए।

# स्वामी विवेकानंद : भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक जागरण के अग्रदूत



प्रदीप कुमार वर्मा

आधुनिक भारत के एक महान चिंतक। महान देशभक्त एवं दार्शनिक। युवा संन्यासी एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत। और भारतीय नवजागरण के अग्रदूत। स्वामी विवेकानंद की एक पहचान

एक भारतीय हिंदू भिक्षु, दार्शनिक, लेखक, धार्मिक शिक्षक और भारतीय रहस्यवादी रामकृष्ण के मुख्य शिष्य के रूप में भी है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि उठो और जागो और तब तक रुको नहीं जब तक कि तुम अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते। स्वामी विवेकानंद का यह कथन देश के युवा एवं विद्यार्थी से लेकर हर वर्ग के लोगों के जीवन पर सटीक बैठता दिखाई पड़ता है। क्योंकि लक्ष्यहीन जीवन का ना तो कोई मतलब होता है और ना ही उपयोगिता। यही वजह है कि स्वामी विवेकानंद के सिद्धांत और कथन उनके निधन के कई सालों के बाद भी प्रासंगिक हैं। करीब सवा सौ साल पहले आज ही के दिन 4 जुलाई को स्वामी विवेकानंद का निधन हुआ था। आज उनकी पुण्यतिथि के मौके पर उनके आध्यात्मिक तथा युवाओं को संदेश को स्मरण करने का दिन है।

अपने ओजश्वी विचारों से लोगों की जिंदगी को रोशन करने वाले स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। उनके बचपन का नाम नरेंद्र नाथ था, लेकिन संन्यास लेने के बाद इनका नाम विवेकानंद हुआ। वर्ष 1884 में अल्पायु में ही उनके पिता विश्वनाथ दत्त की मृत्यु हो गई। पिता की मृत्यु के बाद अत्यंत गरीबी की मार ने उनके चित्त को कभी डिगने नहीं दिया। स्वामी विवेकानंद ने 16 वर्ष की आयु में कलकत्ता से एंट्रेंस की परीक्षा पास की और कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि प्राप्त की। स्वामी विवेकानंद नवंबर 1881 ईस्वी में संत रामकृष्ण से मिले और उनकी आंतरिक आध्यात्मिक चमत्कारिक शक्तियों से नरेन्द्रनाथ इतने प्रभावित हुए कि वे उनके सर्वप्रमुख शिष्य बन गए। धर्म और आध्यात्म की अपनी यात्रा में स्वामी विवेकानंद ने 1 मई 1897 में कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन और 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की।

पहली नजर में भले ही यह अतिशयोक्ति लगे लेकिन महज 25 वर्ष की आयु में नरेंद्र दत्त ने गेरुआ वस्त्र पहन लिए। तत्पश्चात उन्होंने भारतवर्ष में सामाजिक और आध्यात्मिक तथा हिंदू धर्म की हालत को देखने के लिए पैदल ही पूरे भारतवर्ष की यात्रा की। सन 1893 में अमेरिका के शिकागो में विश्व धर्म परिषद् हो रही थी। स्वामी विवेकानंदजी उसमें भारत के प्रतिनिधि के रूप से पहुंचे। विदेशी लोग उस समय पराधीन भारतवासियों को बहुत हीन दृष्टि से देखते थे। वहां लोगों ने बहुत प्रयत्न किया कि स्वामी विवेकानंद को सर्वधर्म परिषद में बोलने का समय ही न मिले। एक अमेरिकन प्रोफेसर के प्रयास से उन्हें थोड़ा समय मिला, किंतु उनके विचार सुनकर सभी विद्वान चकित हो गए। अमेरिका में उन्होंने रामकृष्ण मिशन की अनेक शाखाएं स्थापित कीं। अनेक अमेरिकन विद्वानों ने उनका शिष्यत्व ग्रहण किया। वे सदा अपने को गरीबों का सेवक कहते थे। भारत के गौरव को देश-देशांतरों में उज्ज्वल करने का उन्होंने सदा प्रयत्न किया।

**स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि 4 जुलाई**



स्वामी विवेकानंद का मानना है कि किसी भी राष्ट्र का युवा जागरूक और अपने उद्देश्य के प्रति समर्पित हो, तो वह देश किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। युवाओं को सफलता के लिये समर्पण भाव को बढ़ाना होगा तथा भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिये तैयार रहना होगा। विवेकानंद युवाओं को आध्यात्मिक बल के साथ-साथ शारीरिक बल में वृद्धि करने के लिये भी प्रेरित करते हैं। युवाओं के लिये प्रेरणास्रोत के रूप में विवेकानंद के जन्म दिवस, 12 जनवरी को भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस तथा राष्ट्रीय युवा सप्ताह मनाया जाता है। इस महोत्सव का उद्देश्य राष्ट्रीय एकीकरण, सांप्रदायिक सौहार्द्र तथा भाईचारे में वृद्धि करना है। स्वामी विवेकानंद का मानना है कि भारत की खोई हुई प्रतिष्ठा तथा सम्मान को शिक्षा द्वारा ही वापस लाया जा सकता है। किसी देश की योग्यता तथा क्षमता में वृद्धि उस देश के नागरिकों के मध्य व्याप्त शिक्षा के स्तर से ही हो सकती है।

स्वामी विवेकानंद ने ऐसी शिक्षा पर बल दिया जिसके माध्यम से विद्यार्थी की आत्मोन्नति हो और जो उसके चरित्र निर्माण में सहायक हो सके। साथ ही शिक्षा ऐसी होनी चाहिये जिसमें विद्यार्थी ज्ञान प्राप्ति में आत्मनिर्भर तथा चुनौतियों से निपटने में स्वयं सक्षम हों। विवेकानंद ऐसी शिक्षा पद्धति के घोर विरोधी थे जिसमें गरीबों एवं वंचित वर्गों के लिये स्थान नहीं था। आज भी देश में बनाई गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर स्वामी विवेकानंद के शिक्षा दर्शन की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। इसके साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा युवाओं के कल्याण के लिए संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं को भी स्वामी विवेकानंद के युवा दर्शन के रूप में देखा जा सकता है। देश की तरक्की में युवाओं की सबसे बड़ी भागीदारी होती है। इसी तथ्य को ध्यान में रखकर स्वामी विवेकानंद के विचारों के अनुरूप ही सरकार है युवाओं को शिक्षा रोजगार एवं उनके स्वर्णिम भविष्य के लिए काम कर रही हैं।

यह भारतवर्ष का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि मात्र 39 वर्ष की उम्र में 4 जुलाई 1902 को उनका निधन हो गया। स्वामी विवेकानंद का भारत को दिया गया सबसे महत्वपूर्ण योगदान भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता को विश्व स्तर पर पहचान दिलाना है। विश्व धर्म संसद में अपने भाषण से भारत को एक नई पहचान दी, और वेदांत और योग के दर्शन को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाया।

जिससे लोगों को मानसिक और आध्यात्मिक शांति प्राप्त करने में मदद मिली। स्वामी विवेकानंद ने भारत में राष्ट्रवाद की भावना को जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वामी विवेकानंद का जीवन और कार्य आज भी भारत और दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करते हैं। यही वजह है कि स्वामी विवेकानंद एक विश्व महापुरुष के साथ-साथ भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक जागरण के अग्रदूत के रूप में लोगों के दिलों में आज भी जिंदा हैं।

# प्रेमचंदीय संवेदना के पुनर्पाठ का मूल्यांकन



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

हिंदी साहित्य के इतिहास में प्रेमचंद (1880-1936) को सामाजिक यथार्थ का सबसे सशक्त और प्रभाव-शाली कथाकार माना जाता है। उनकी कहानियों में भारतीय समाज की जटिलताएं, विशेषकर वर्गभेद, जातिगत असमानता, आर्थिक विषमता, स्त्री की दशा, और किसानों-मजदूरों की व्यथा अत्यंत मार्मिक रूप में चित्रित हुई है। प्रेमचंद का रचना संसार न केवल उनके समय की सामाजिक स्थितियों का दस्तावेज है, बल्कि वर्तमान भारत की परिस्थितियों को समझने का एक गहन माध्यम भी है। जब प्रेमचंद की कहानियों का वर्तमान भारत के परिप्रेक्ष्य में गहन अध्ययन किया जाता है, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि सामाजिक विषमता की जो जड़ें उन्होंने उकेरी थीं, वे अब भी गहराई से जमी हुई हैं।

प्रेमचंद का युग ब्रिटिश उपनिवेशवाद, सामंती व्यवस्था और सामाजिक रूढ़ियों से ग्रसित था। उस समय समाज में वर्गों के बीच गहरी खाई थी-भूमिपति और खेतिहर किसान, महाजन और कर्जदार, गैर दलित और दलित, पुरुष और स्त्री, साक्षर और निरक्षर-इन सभी वर्गों में स्पष्ट विभाजन था।

प्रेमचंद ने इस विषमता को न केवल पहचाना, बल्कि अपनी कहानियों में इसे अत्यंत सजीव रूप में प्रस्तुत किया। पंच परमेश्वर, सद्गति, कफन, बूढ़ी काकी, ठाकुर का कुआँ, दो बैलों की कथा-इन सभी रचनाओं में समाज की क्रूर असमानताओं का संवेदनात्मक चित्रण मिलता है।जातिगत असमानता भी ज्यों की त्यों दिखती है।

सद्गति में एक गरीब दलित 'दुखी' की मौत केवल इसलिए हो जाती है कि वह पंडित के आदेशानुसार लकड़ी काटते-काटते थककर गिर पड़ता है और उसकी लाश को कोई नहीं छूता क्योंकि वह 'अछूत' था। यह कहानी वर्तमान भारत में तब और भी प्रासंगिक हो जाती है जबअखबारों में पढ़ने को मिलता है कि दलितों को मंदिर में प्रवेश नहीं करने दिया गया, दलित युवक को घोड़ी पर चढ़ने पर पीटा गया या उन्हें ऊँची जातियों के कुएं से पानी भरने से रोका गया।

देश के संविधान ने जातिगत भेदभाव को गैरकानूनी घोषित किया है, लेकिन सामाजिक व्यवहार में ये भेदभाव अब भी विद्यमान है। प्रेमचंद की 'सद्गति' इस शाश्वत अन्याय की अमर कहानी बन जाती है, जिसका पुनर्पाठसमाज का कटु सत्य है।

कफन जैसी कहानी में जब घीसू और माधव अपनी मरी हुई औरत के कफन के पैसे से शराब पीते हैं, तो यह एक नैतिक पतन की कहानी नहीं, बल्कि एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था की विफलता की कहानी है जिसने इन पात्रों को पशुता के कगार तक पहुँचा दिया है। गरीबी केवल आर्थिक संकट नहीं है, वह मनुष्य के आत्मसम्मान, नैतिकता और रिश्तों को भी खा जाती है। जबभारत में करोड़पतियों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और दूसरी ओर भूख से मरते गरीबों की खबरें एक ही अखबार में पढ़ते हैं, तब 'कफन' जैसे कथा-प्रतीक और अधिक तीखे लगते हैं। किसान आत्महत्या कर रहे हैं, बेरोजगारी चरम पर है, और अमीर-गरीब की खाई और गहरी होती जा रही है।



प्रेमचंद की कहानियों में स्त्रियाँ भी विषमता की शिकार हैं-चाहे वह 'बूढ़ी काकी' हो जो बुजुर्ग होने के कारण उपेक्षित रहती है, या 'सेवासदन' की सौंदर्य और नैतिक द्वंद्व में फंसी स्त्री या 'प्रेमा' जैसी शिक्षित, परंपरा और स्वावलंबन के बीच उलझी नायिका। भले ही शिक्षा और अवसरों ने कुछ महिलाओं को सशक्त किया है, परंतु ग्रामीण भारत में अब भी लड़कियाँ स्कूल छोड़ने पर विवश होती हैं, दहेज हत्या और घरेलू हिंसा जैसे अपराध लगातार जारी हैं। प्रेमचंद की स्त्रियाँ अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करती प्रतीत होती हैं-जिससे उनके चरित्र और अधिक जीवन्त हो जाते हैं।

ठाकुर का कुआँ में एक दलित स्त्री जब ठाकुरों के कुएं से पानी भरती है, तो उसे जान से मारने की धमकी मिलती है। यह केवल पानी का प्रश्न नहीं है-यह संसाधनों पर वर्चस्व और सत्ता के संकेंद्रण का प्रश्न है। जब आदिवासी समुदाय अपने जल-जंगल-जमीन के अधिकार के लिए संघर्ष करते हैं, जब बड़े उद्योग उनकी जमीनें हड़प लेते हैं, तब यह कहानी उस असमान शक्ति संरचना की ओर इशारा करती है जो समाज के कमज़ोर वर्गों को हमेशा दोयम दर्जे का नागरिक मानती रही है।

भारत में आर्थिक विकास की दरें बढ़ रही हैं, शहरीकरण तेज़ हो रहा है, डिजिटल क्रांति आई है-फिर भी ग़रीब और अमीर के बीच की दूरी, दलितों और सवर्णों के बीच की खाई, और स्त्री-पुरुष समानता की वास्तविकता बहुत कम बदली है। प्रेमचंद की कहानियाँ इसलिए केवल ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे समाज का वह आईना हैं ।

प्रेमचंद का पुनर्पाठ करना केवल साहित्यिक गतिविधि नहीं है, यह एक सामाजिक दायित्व है-एक आत्मालोचना, एक नैतिक जागृति है। उनके पात्र जीवंत हैं-घीसू, माधव, दुखी, बूढ़ी काकी, झूरी के बैल-ये सभी आज की भीड़ में गुम नहीं हुए हैं, बल्कि समाज में कहीं साँस ले रहे हैं।

प्रेमचंद केवल समस्या को उजागर नहीं करते, वे मानवीयता, करुणा और सामाजिक बदलाव की चेतना भी देते हैं। उनकी कहानियों में संघर्ष है, लेकिन साथ ही एक विश्वास भी है कि परिवर्तन संभव है जब भारत सामाजिक न्याय की नई परिभाषाएँ गढ़ रहा है, तब प्रेमचंद की दृष्टि हमारे समाज को रास्ता दिखा सकती है।उल्लेखनीय है कि प्रेमचंद शिक्षा को सामाजिक बदलाव का मूल आधार मानते थे। समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही विषमता को दूर कर सकती है । उनकी कहानियों में नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की पुकार है-जो मौजूदा राजनीतिक और सामाजिक विमर्श में और अधिक आवश्यक हो गई है। भूमि सुधार, सामाजिक सुरक्षा, आरक्षण और जनसरोकार की नीतियाँ तभी सफल होंगी जब उनमें प्रेमचंदीय संवेदना और वास्तविकता की समझ होगी।

प्रेमचंद की कहानियाँ समय की सीमाओं से परे जाकर सामाजिक चेतना की स्थायी मशाल बन गई हैं। वे न केवल साहित्यकार थे, बल्कि समाज के मनोचिकित्सक, नैतिक शिक्षक और मानवीय मूल्य-बोध के गहरे व्याख्याता भी थे। वर्तमान में जहाँ असमानता नए रूपों में सामने आ रही है-डिजिटल डिवाइड, शहरी-ग्रामीण खाई, जाति आधारित हिंसा, स्त्री सुरक्षा का संकट-वहाँ प्रेमचंद का पुनर्पाठ हमारी आंखें खोल सकता है। प्रेमचंदयह सिखाते हैं कि यदि हम एक न्यायसंगत, समतामूलक और संवेदनशील समाज बनाना चाहते हैं, तो हमें न केवल तकनीकी प्रगति करनी होगी, बल्कि उस मानवीयता को भी पुनः जीवित करना होगा, जिसे उनकी कहानियाँ पुकारती हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 4 जुलाई, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ शुक्लपक्ष नवमी, 16:32 तक, नक्षत्र : चित्रा, 16:44 तक, योग : शिव, 19:27 तक, सूर्योदय: 4:56, सूर्यास्त: 18:25, चन्द्रोदय : 12:53, चन्द्रास्त: 24:20, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 10:00 से 11:40

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों का दिन धन और कार्यक्षेत्र के लिहाज से व्यस्त रहेगा। आपके ऊपर कई जिम्मेदारियां रहेंगी, लेकिन आप उन्हें कुशलतापूर्वक निभाएंगे। नई व्यापारिक डील्स फाइनल हो सकती हैं।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों के लिए ग्रहों की दशा शुभ होगा। शुक्र का प्रभाव आपको आत्मविश्वास से भर देगा, लेकिन साथ ही खर्चों में भी वृद्धि करेगा। कार्यक्षेत्र में पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों की किस्मत साथ दे रही है। कार्यक्षेत्र में आपके तर्क और विश्लेषण की क्षमता से सभी प्रभावित होंगे। यदि धन कहीं फंसा है, तो उसके वापस मिलने की प्रबल संभावना है।

**कर्क :** कर्क राशि वालों का भाग्य चमकने के संकेत मिल रहे हैं। आर्थिक लाभ के कई अवसर बनेंगे, लेकिन भावुकता या जल्दबाजी से किया गया निर्णय नुकसानदेह हो सकता है।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों के लिए दिन तरक्की से भरा होगा और कारोबार में कोई बड़ी डील करने से आपको फायदा होगा। साहस और पराक्रम के बल पर व्यवसाय में बड़ी डील संभव है।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों के लिए उन्नति के योग बन रहे हैं। आय और खर्च दोनों में संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण रहेगा। बड़े लाभ के साथ-साथ अचानक खर्चों का सामना भी करना पड़ सकता है।

**तुला :** तुला राशि राशि के लोगों को मिलेजुले परिणाम मिलने की उम्मीद है। शुक्र की स्थिति मिलाजुला असर दे रही है। खर्चों पर नियंत्रण नहीं रहा तो बजट बिगड़ सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को लाभ होगा और कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिलने के संकेत हैं, खासकर जो लोग सेल्स, मार्केटिंग या काउंसलिंग से जुड़े हैं। शत्रु पक्ष कमजोर होगा।

**धनु :** धनु राशि वालों के मान सम्मान में वृद्धि होगी। विदेश यात्रा या विदेशी कंपनी से जुड़ा कार्य प्रारंभ हो सकता है। उच्च शिक्षा, रिसर्च या आयात-निर्यात से जुड़े कार्यों में प्रगति होगी।

**मकर :** मकर राशि के लोगों के लिए दिन बड़ा फायदा लेकर आएगा। आप अपने व्यावसायिक अनुभवों को सशक्त रूप से प्रस्तुत करेंगे। उच्चाधिकारियों से तारीफ मिलेगी।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा। आपको कर्म और फल की सीधी अनुभूति मिलेगी। बेरोजगारों को नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। बुजुर्गों की सलाह से लाभ मिलेगा।

**मीन :** मीन राशि के लोगों को धन लाभ के अवसर मिल रहे हैं। दिन आय के नए अवसर और प्रगति की दिशा लेकर आएगा। क्रिएटिव और कंसल्टिंग फील्ड में सफलता मिलेगी।

## विदेश की खबरें

### लोगों को जबरन गायब करने के मामले में कुछ कर्मियों के खिलाफ जांच जारी : बांग्लादेश की सेना

**ढाका :** बांग्लादेश की सेना ने बृहस्तिवार को कहा कि उसने इस आरोप की जांच शुरू कर दी है कि कुछ सैन्यकर्मी लोगों को जबरन गायब करने में शामिल थे और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। सैन्य अभियान निदेशालय के कर्नल स्टाफ शफीकुल इस्लाम ने संवाददाताओं को बताया, ऐसे आरोप हैं कि कुछ (सैन्यकर्मी) सेना से बाहर अपनी सेवा के दौरान ऐसी घटनाओं में शामिल रहे होंगे। उन्होंने कहा, मामले की जांच की जा रही है। यदि कोई सैन्यकर्मी दोषी पाया जाता है तो उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ये आरोप कई सैन्यकर्मियों के खिलाफ लगाए गए हैं जो विभिन्न संगठनों में प्रतिनियुक्ति पर थे। अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने पहले अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन के दौरान लोगों को जबरन गायब किए जाने पर एक आयोग का गठन किया था। आयोग ने कहा कि सेना, नौसेना या वायु सेना संस्थागत रूप से ऐसी कार्रवाइयों में शामिल नहीं थी। हालांकि, कुछ अधिकारी जो विशिष्ट अपराध-विरोधी रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) या अन्य एजेंसियों जैसे कि बल आसूचना महानिदेशालय (डीजीएफआई) या राष्ट्रीय सुरक्षा आसूचना (एनएसआई) में प्रतिनियुक्ति पर थे, ऐसी घटनाओं से जुड़े थे।

### पुतिन और ट्रम्प ने फोन पर ईरान और यूक्रेन पर चर्चा की: क्रेमलिन

**मॉस्को :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को फोन पर बातचीत के दौरान ईरान, यूक्रेन और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। क्रेमलिन ने यह जानकारी दी। ट्रंप के व्हाइट हाउस लौटने के बाद से यह फोन पर उनकी छठी बातचीत थी। पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा कि ईरान के हालात पर चर्चा करते हुए पुतिन ने सभी मुद्दों को राजनीतिक और कूटनीतिक तरीकों से सुलझाने की आवश्यकता पर बल दिया। अमेरिका ने 22 जून को ईरान के तीन स्थलों पर हमला किया, जिससे वह तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के उद्देश्य से इजराइल के युद्ध में शामिल हुआ। यूक्रेन में संघर्ष के बारे में उशाकोव ने कहा कि ट्रंप ने लड़ाई को शीघ्र रोकने के लिए अपने प्रयास पर बल दिया तथा पुतिन ने कीव के साथ वार्ता जारी रखने के लिए मॉस्को की इच्छा व्यक्त की। पुतिन ने तर्क दिया है कि उन्होंने यूक्रेन के नाटो में शामिल होने के प्रयास से रूस के लिए उत्पन्न खतरे को दूर करने और यूक्रेन में रूसी भाषियों की रक्षा के लिए फरवरी 2022 में यूक्रेन में सेना भेजी थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी संभावित शांति समझौते में यूक्रेन को नाटो में शामिल होने की अपनी कोशिश छोड़नी होगी तथा रूस के क्षेत्रीय आधिपत्य को मान्यता देनी होगी। दोनों नेताओं के बीच बृहस्पतिवार को बातचीत पेंटागन की इस पुष्टि के बाद हुई है कि अमेरिका यूक्रेन को कुछ हथियारों की आपूर्ति रोक रहा है। उशाकोव ने कहा कि ट्रंप-पुतिन वार्ता में यूक्रेन को कुछ अमेरिकी हथियारों की आपूर्ति को निलंबित करने पर चर्चा नहीं हुई।

## वर्ग पहेली नं. 3142

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | |
| | ■ | ■ | 15 | | ■ | 16 | | ■ | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | 20 | ■ |
| 21 | | ■ | 22 | | ■ | 23 | 24 | | 25 |
| ■ | 26 | 27 | | ■ | 28 | ■ | | ■ | |
| 29 | ■ | | ■ | 30 | | | | ■ | |
| 31 | | | | ■ | | ■ | 32 | | |

*बायें से दायें:-* 2) चौथाई, 4) पास, 7) लुंगी, 9) एक दलहन, 11) आर्थिक तंगी, 12) प्रहार; आक्रमण, 14) लेखाशीर्षक, 15) जबड़ा; अंकुर, 16) छोटा संघटित दल, 17) सिखों के चौथे गुरु, 19) अलावा, 21) नई मूँछ, 22) रिवाज, 23) सठियाया; मूर्खतापूर्ण *(कृत्य)*, 26) मूल व्यय; खर्च, 30) चौंतरा, 31) धार्मिक संप्रदाय, 32) खोज.

*ऊपर से नीचे:-* 1) ग़द्दार, 2) पापी, 3) पत्नी *(बोलचाल)*; यह नहीं, 4) पैर, 5) विस्फोटक रासायनिक गोला, 6) व्यवहार, 8) टोला, 10) निर्जल, 13) बेजोड़, 15) व्यायाम, 18) समस्या, 20) चूल्हा, 24) बुद्धि, 25) मनोनीत, 27) साक्षी, 28) स्वीकार करना, 29) खोया.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ■ | स | मू | चा | ■ | अ | त्यं | त | ■ |
| वि | ■ | पो | ■ | य | मु | ना | ■ | न | ब्ज़ |
| वा | र्ता | ला | प | ■ | नि | ग | ल | ना | ■ |
| हि | ■ | ■ | नी | ला | ■ | त | ट | ■ | ब |
| त | मो | ह | र | ■ | मौ | ■ | का | ट | ना |
| ■ | ग | ड्डी | ■ | अ | न | ब | न | ■ | व |
| आ | रा | ■ | अ | ज | ■ | या | ■ | घा | टी |
| ल | ■ | त | र | ब | त | र | ■ | य | ■ |
| म | त | ल | ब | ■ | ल्ला | ■ | पा | ल | ना |

## सुडोकू-पहेली-3099

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | | 1 | | |
| 4 | | | | | 2 | | 9 | |
| | | 7 | | | | | | 5 |
| | 4 | | | 1 | 7 | | 6 | 9 |
| | 6 | 2 | | | | | | 7 |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| | | | | 7 | | | | 6 |
| | 8 | | | | | | | |
| 2 | | | | 3 | | 4 | 8 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3098 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 6 |
| 5 | 9 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 | 1 |
| 6 | 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 3 | 8 | 1 | 4 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 |
| 4 | 5 | 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 1 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 4 | 5 | 8 | 6 | 7 | 3 | 1 | 9 |
| 8 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 4 | 2 | 8 | 6 | 5 |



### कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामले में हाई कोर्ट सख्त

# अदालत ने बंगाल सरकार से जांच की प्रगति पर हलफनामा दाखिल करने को कहा

❑ **केस डायरी भी तलब**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को एक विधि कॉलेज में सामूहिक दुष्कर्म मामले की जांच की प्रगति पर एक हलफनामा दाखिल करने का गुरुवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को 10 जुलाई को मामले की अगली सुनवाई पर उसके समक्ष जांच की केस डायरी भी पेश करने का निर्देश दिया। पीठ में न्यायमूर्ति स्मिता दास डे भी शामिल थीं। बता दें कि साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में 25 जून की शाम को कानून की



एक छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म किए जाने के मामले में तीन जनहित याचिकाएं दायर की गई हैं। खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह कानून की छात्रा से जुड़ी इस 'भयावह घटना' के संबंध में याचिकाकर्ताओं में से एक द्वारा उठाए गए कुछ प्रश्नों पर सुनवाई की अगली तारीख पर एक रिपोर्ट के रूप में जवाब दे। राज्य से यह पूछा गया है कि कैसे एक पूर्व छात्र को प्रवेश नियंत्रण प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए आधिकारिक समय के बाद कॉलेज परिसर में प्रवेश की अनुमति दी गयी तथा कैसे स्टाफ के सदस्य बिना किसी आधिकारिक उद्देश्य या प्रशासनिक पर्यवेक्षण के, कॉलेज के कामकाजी समय के बाद भी परिसर में मौजूद रहे। उसे यह भी बताने का निर्देश दिया गया कि कॉलेज भवन में अनाधिकृत प्रवेश को रोकने या उसका पता लगाने के लिए क्या निगरानी या सुरक्षा उपाय किए गए हैं।

याचिकाकर्ता ने यह भी सवाल उठाया कि पीड़िता को दी गई धमकियों के बारे में कथित तौर पर सूचित किए जाने के बावजूद कॉलेज प्रशासन और स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई क्यों नहीं की। उन्होंने पूछा कि एक प्रतिष्ठित विधि कॉलेज में सीसीटीवी कवरेज और कार्यात्मक सुरक्षा तंत्र जैसे आवश्यक निगरानी बुनियादी ढांचे का अभाव क्यों है, विशेषकर ऐसे समय में जब लैंगिक आधार पर हिंसा बढ़ रही है। एक अन्य याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील फिरोज एडुल्जी ने खंडपीठ से अनुरोध किया कि वह राज्य सरकार से कथित दुष्कर्म मामले में जांचकर्ताओं की केस डायरी पेश करने को कहे, क्योंकि इसमें मामले की जांच के सिलसिले में पुलिस की प्रत्येक गतिविधि का ब्यौरा है। राज्य की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कल्याण बनर्जी ने अदालत के समक्ष कहा कि मामले की जांच कर रही कोलकाता पुलिस ने अब तक मामले की जांच के संबंध में हर आवश्यक कदम उठाया है। तीन याचिकाकर्ताओं में से एक ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सामूहिक दुष्कर्म की घटना की प्रारंभिक जांच करने और अदालत के समक्ष अंतरिम रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। अन्य याचिकाकर्ता अदालत की निगरानी में जांच और पश्चिम बंगाल के कॉलेजों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का अनुरोध कर रहे हैं। याचिकाकर्ता ने यह दावा किया कि मनोजीत मिश्रा की राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के साथ नजदीकी है। उन्होंने जनहित याचिका में अनुरोध किया कि कथित सामूहिक दुष्कर्म मामले की निष्पक्ष जांच के लिए यह मामला कोलकाता पुलिस से सीबीआई को सौंपा जाए।

## निजी अस्पताल में 'दादागिरी' का आरोप, बीजेपी नेता कौस्तभ बागची को पुलिस ने भेजा नोटिस

**कोलकाता :** बाराकपुर के वॉयरलेस मोड़ स्थित एक निजी मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल में कथित हंगामे और धमकी के आरोप में बीजेपी नेता और अधिवक्ता कौस्तभ बागची को मोहनपुर थाना में शुक्रवार को सुबह 11 बजे तलब किया गया है। गुरुवार को इस संबंध में पुलिस द्वारा उन्हें नोटिस थमाया गया। घटना की पृष्ठभूमि में बताया गया है कि एक बीजेपी कार्यकर्ता के बुज़ुर्ग पिता की तबीयत खराब होने पर पहले उन्हें बाराकपुर बी.एन. बोस अस्पताल और फिर कामारहाटी के सागर दत्ता मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। लेकिन जब उनकी हालत और बिगड़ गई, तो उन्हें मंगलवार को बाराकपुर के वॉयरलेस मोड़ के पास एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं इलाज के दौरान उस 65 वर्षीय बुज़ुर्ग की मौत हो गई, जिसके बाद अस्पताल में तनाव फैल गया। इसी दौरान रात को बीजेपी नेता कौस्तभ बागची अस्पताल पहुंचे और उन पर उंगली दिखाकर डॉक्टरों को धमकाने और डराने-धमकाने का आरोप लगा। यह पूरी घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। बीजेपी नेता और मृतक के परिवार ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रशासन इलाज शुरू करने से पहले केवल पैकेज और खर्चों को लेकर बातचीत कर रहा था। उनका दावा है कि इस बीच अस्पताल के किसी कर्मी ने मरीज का ऑक्सीजन मास्क हटा दिया, जिससे उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई और उनकी मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस ने गंभीरता से कदम उठाते हुए कौस्तभ बागची को पूछताछ के लिए थाने में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। मामले को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

## बंगाल मेडिकल काउंसिल ने शांतनु सेन का मेडिकल रेजिस्ट्रेशन किया निलंबित

❑ **पूर्व सांसद पर फर्जी डिग्री उपयोग करने का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य मेडिकल काउंसिल ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद और डॉ. शांतनु सेन को दो साल के लिए निलंबित कर दिया। उन पर अपने चिकित्सकीय अभ्यास के दौरान विदेशी मेडिकल डिग्री का प्रमाणित दावा किए बिना उल्लेख करने का आरोप है। काउंसिल के अध्यक्ष सुदीप्तो रॉय ने कहा कि शांतनु सेन को निलंबित किया गया है क्योंकि वह अपनी विदेशी डिग्री के उल्लेख को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। उन्होंने केवल एक प्रमाणपत्र दिखाया लेकिन यह साबित करने के लिए कोई और दस्तावेज नहीं पेश कर सके कि क्या ऐसी डिग्रियों का इस तरह से



अभ्यास के दौरान उल्लेख किया जा सकता है। रॉय के अनुसार, सेन को गुरुवार को काउंसिल के सदस्यों के सामने पेश होने को कहा गया था, जिसके बाद निलंबन का आदेश जारी किया गया।

❑ **पूर्व सांसद ने आवश्यक कानूनी कदम उठाने की दी चेतावनी**

इस बारे में, शांतनु सेन ने कहा कि उन्हें काउंसिल से अब तक कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। लेकिन उन्होंने पहले ही मीडिया को इसकी जानकारी दे दी है। शांतनु सेन ने आरोप लगाया कि राज्य मेडिकल काउंसिल का रवैया प्रतिशोधात्मक है। वे मेरे प्रैक्टिस करने के अधिकार और मेरी वैध मेडिकल डिग्री का उल्लेख करने के अधिकार को नहीं छीन सकते। कई अन्य डॉक्टर भी, जिन्होंने विदेशी संस्थानों से वैध डिग्री प्राप्त की है। सेन ने यह भी कहा कि उन्होंने अपनी विदेशी डिग्री के पंजीकरण के लिए मेडिकल काउंसिल को 10,000 रुपये शुल्क के रूप में जमा किया है और एक लिखित आवेदन भी दिया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही मुझे निलंबन पत्र मिलेगा, मैं अपने व्यक्तिगत अधिकार, सम्मान और प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए आवश्यक कानूनी कदम ज़रूर उठाऊंगा।

### अगस्त से मतदाता सूची का 'विशेष गहन पुनरीक्षण' शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होना हैं। राजनीतिक दलों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इस बीच, सबसे बड़ा मुद्दा वोटर लिस्ट का पुनरीक्षण है। क्योंकि, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 'भूतिया' वोटर मुद्दे को देखते हुए वोटर लिस्ट को संशोधित करने के लिए मुखर रही हैं। इस बार, बंगाल में वोटर लिस्ट को संशोधित करने का काम शुरू होगा। संभावना है कि अगस्त माह से बंगाल में वोटर लिस्ट में विशेष पुनरीक्षण या विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू हो जाएगा। आयोग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

### नारकेलडांगा में तृणमूल पार्षद के समर्थकों ने विधायक के समर्थकों पर किया हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** नारकेलडांगा थाना अंतर्गत काइजर स्ट्रीट में इलाके पर कब्जे को लेकर तृणमूल के दो गुटों में संघर्ष की खबर सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, विधायक परेश पाल और पार्षद सचिन सिंह के गुटों में संघर्ष हुआ है। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं। घायलों का चित्तरंजन मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, काइजर स्ट्रीट में कुछ युवक बैठकर बातचीत कर रहे थे। उसी समय कथित तौर पर वार्ड 36 के तृणमूल पार्षद सचिन सिंह के समर्थकों ने उन पर पीछे से हमला कर दिया। आरोप है कि बिना किसी उकसावे के हमला किया गया। आरोप है कि बंदूक की बाट और थप्पड़ों से हमला किया गया। आरोप है कि इस दौरान एक वृद्ध महिला पर भी हमला किया गया। आरोप है कि पार्षद सचिन सिंह के हमलाकारी समर्थक कई तरह की असामाजिक गतिविधियों में लिप्त हैं। कथित तौर पर, सभी पीड़ित इलाके के विधायक परेश पाल के समर्थक हैं। इस घटना पर पार्षद की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## कार्तिक महाराज को हाई कोर्ट से राहत, सोमवार तक पुलिस की कार्रवाई पर रोक

**कोलकाता :** पद्मश्री सम्मानित साधु कार्तिक महाराज को कोलकाता हाई कोर्ट से एक बार फिर अस्थायी राहत मिली है। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सोमवार तक पुलिस उनके खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगी।

दरअसल, एक महिला ने कार्तिक महाराज पर 13 साल पुराने यौन शोषण और शारीरिक अत्याचार का गंभीर आरोप लगाते हुए नवग्राम थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने महाराज को मंगलवार को पूछताछ के लिए थाने में हाजिर होने का नोटिस भी भेजा था।

मंगलवार को थाने में हाजिर होने की बजाय कार्तिक महाराज सीधे हाई कोर्ट पहुंचे और एफआईआर



को रद्द करने की याचिका दाखिल की। उन्होंने अदालत में कहा,

मैं भारत सेवाश्रम संघ का एक सेवक हूं और मुझे पद्मश्री सम्मान मिला है। एक महिला 13 साल पुरानी घटना को लेकर अब जाकर एफआईआर दर्ज कराती है। यह संन्यासियों और संतों पर हमला है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए बुधवार और गुरुवार को लगातार दो दिनों तक हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। गुरुवार की सुनवाई रुद्धद्वार (इन-कैमेरा) होनी थी, लेकिन राज्य सरकार ने इसका विरोध किया। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने आदेश दिया कि कार्तिक महाराज के वकील को शुक्रवार को यह स्पष्ट करना होगा कि बंद कमरे में सुनवाई की आवश्यकता क्यों है। अगली सुनवाई सोमवार को निर्धारित है।

तब तक के लिए अदालत ने आदेश दिया है कि कोई भी गिरफ्तारी या कठोर कार्रवाई कार्तिक महाराज के विरुद्ध न की जाए। हाई कोर्ट के इस आदेश से कार्तिक महाराज को अस्थायी रूप से राहत मिली है, लेकिन मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आगे की सुनवाई अहम होगी।

## 13 साल की तम्मन्ना की मौत पर न्याय की मांग, सीबीआई जांच के लिए हाईकोर्ट पहुँचे परिजन

**कोलकाता/कालिगंज :** सिर्फ 13 साल की उम्र में बमबारी की चपेट में आकर जान गंवानी पड़ी मासूम तम्मन्ना खातून को। अब उसकी मौत का न्याय दिलाने की मांग को लेकर उसके माता-पिता ने गुरुवार को कोलकाता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। पश्चिम बंगाल के कालिगंज उपचुनाव के दिन मोलांदी गांव में हुई दिल दहला देने वाली इस घटना के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया था, परंतु परिजन अब सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) जांच की मांग कर रहे हैं। घटना 23 जून की है, जब कालिगंज उपचुनाव के परिणाम घोषित किए जा रहे थे। दोपहर में अचानक हुई बमबारी में 13 वर्षीय तम्मन्ना की मौके पर ही मौत हो गई। इस नृशंस कांड ने पूरे इलाके को झकझोर दिया था। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी घटना के तत्काल बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए पुलिस को दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोरतम सजा देने का निर्देश दिया था। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर कई आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन मृतका के माता-पिता पुलिस जांच से संतुष्ट नहीं हैं। उन्हें लगता है कि जांच निष्पक्ष तरीके से नहीं हो रही है। इसी कारण वे गुरुवार को अपने गांव मोलांदी से सीधे कोलकाता पहुंचे और हाई कोर्ट में याचिका दायर कर सीबीआई से निष्पक्ष जांच की मांग की। परिवार का कहना है कि उनकी बेटी की मौत कोई साधारण दुर्घटना नहीं थी, बल्कि एक सोची-समझी साजिश के तहत हुई हत्या है। इसलिए वे चाहते हैं कि सच्चाई सामने आए और दोषियों को सख्त सजा मिले। हाई कोर्ट में दाखिल याचिका पर जल्द ही सुनवाई होने की संभावना है।

# राज्यसभा सदस्य शमिक भट्टाचार्य प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष बने

### नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने 2026 के विधानसभा चुनाव को 'बंगाल की संस्कृति, बहुलता और विरासत के अस्तित्व की लड़ाई' बताया

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य शमिक भट्टाचार्य को गुरुवार को पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई का नया अध्यक्ष आधिकारिक रूप से घोषित किया गया और वह 2026 के विधानसभा चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने इस चुनाव को राज्य की संस्कृति और बहुलवाद को तृणमूल कांग्रेस के 'भ्रष्ट कुशासन' से बचाने की लड़ाई बताया। बता दें कि शमिक भट्टाचार्य को निर्विरोध चुना गया, क्योंकि बुधवार की समयसीमा तक किसी भी अन्य उम्मीदवार ने इस पद के लिए नामांकन दाखिल नहीं किया था। इस दिन, साइंस सिटी में आयोजित एक अभिनंदन समारोह के दौरान यह औपचारिक घोषणा की गयी। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद मौजूद थे, जिन्होंने शमिक भट्टाचार्य को निर्वाचन का प्रमाणपत्र दिया। अध्यक्ष बनने के बाद, उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को दिए पहले संबोधन में कहा कि राज्य में हमने ऐसी स्थिति से शुरुआत की, जहां यह मान लिया गया था कि हमारा अस्तित्व नहीं है। लेकिन, हमने अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। आज, इस राज्य की जनता ने हमें एक मुकाम दिया है। तृणमूल कांग्रेस की हार निश्चित है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने 'भ्रष्ट तृणमूल सरकार के इस कुशासन' को अगले विधानसभा चुनावों में समाप्त करने का मन बना लिया है।

❑ **'भाजपा अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं, बल्कि हिंसा और साम्प्रदायिकता की राजनीति के खिलाफ'**

शमिक भट्टाचार्य ने 2026 के विधानसभा चुनाव को 'बंगाल की संस्कृति, बहुलता और विरासत के अस्तित्व की लड़ाई' बताते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल शासन में इन मूल्यों को खतरा है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं, बल्कि हिंसा और साम्प्रदायिकता की राजनीति के खिलाफ है। भट्टाचार्य ने सांप्रदायिक सद्भाव का एक मजबूत संदेश दिया और इस बात पर जोर दिया कि बंगाल में भाजपा की लड़ाई किसी भी समुदाय के खिलाफ नहीं है। भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा की लड़ाई इस राज्य के अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं है। अल्पसंख्यक घरों में जो युवा लड़के अब पत्थर लेकर घूम रहे हैं, हम उनसे पत्थर छीनकर उन्हें किताबें देना चाहते हैं। हम उनकी तलवारें छीनकर उन्हें कलम देना चाहते हैं। हम एक ऐसे बंगाल की कल्पना करते हैं जहां दुर्गा पूजा का जुलूस और मुहर्रम का जुलूस बिना किसी संघर्ष के साथ-साथ चले। बंगाल को बचाना होगा। हालांकि, उन्होंने भर्ती में भ्रष्टाचार, प्रवासी श्रमिकों की स्थिति और केंद्रीय कल्याण योजनाओं में बाधाओं को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी पर हमला किया।



❑ **'भाजपा में पुराने या नए जैसी कोई चीज नहीं है'**

उन्होंने भाजपा के भीतर आंतरिक मतभेदों, विशेषकर पुराने सदस्यों और नए सदस्यों के बीच बढ़ती पीढ़ीगत खाई पर भी बात की। उन्होंने कहा कि पार्टी के पुराने लोगों को यह याद रखना चाहिए कि नए लोगों के बिना पार्टी आगे नहीं बढ़ सकती। साथ ही, नए लोगों को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि हार निश्चित होने पर भी पुराने नेताओं ने झंडा बुलंद रखा। भाजपा में पुराने या नए जैसी कोई चीज नहीं है। जनता की अदालत सबसे बड़ी परीक्षा है। इस बार, भाजपा न केवल 200 सीटें पार करेगी, बल्कि हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से हटा दिया जाए।

❑ **शुभेंदु और सुकांत ने साथ मिलकर काम करने का किया आश्वासन**

शुभेंदु अधिकारी और निवर्तमान राज्य भाजपा प्रमुख सुकांत मजूमदार दोनों ने भट्टाचार्य के साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया। मजूमदार ने कहा कि यह 'रिले रेस' है, जिसमें दौड़ चलती रहती है, लेकिन बैटन संभालने वाले हाथ बदलते रहते हैं। मैंने दिलीप घोष से कमान संभाली थी और आज शमिक मुझसे कमान संभाल रहे हैं। हमने 38 प्रतिशत वोट हासिल किए हैं और मुझे उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में हम इसमें सुधार करेंगे और अगले चुनाव में तृणमूल सरकार को सत्ता से बाहर करेंगे। अपने भाषण में मजूमदार ने बार-बार पूर्व राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष का जिक्र किया, लेकिन शुभेंदु अधिकारी ने उनका नाम लेने से परहेज किया।

❑ **दिलीप घोष रहे अनुपस्थित**

दिलीप घोष, जिन्हें कई लोग पार्टी के अब तक के सबसे सफल प्रदेश अध्यक्ष मानते हैं, सम्मान समारोह में अनुपस्थित थे। सूत्रों ने पुष्टि की कि घोष को इस कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया था, जो कि उनके और मौजूदा राज्य नेतृत्व के बीच बढ़ती खाई को उजागर करता है। घोष ने पूरे राज्य अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया से भी खुद को अलग रखा था।

## हरोआ में नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के आरोप में सौतेला पिता गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बशीरहाट अनुमंडल के हरोआ थाना इलाके में नाबालिग बेटी से बार-बार दुष्कर्म करने के आरोप में सौतेले पिता को गिरफ्तार किया गया है। पता चला है कि दूसरी पत्नी की शिकायत पर आरोपी पिता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी का नाम मिंटू परुई है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। बताया गया है कि एक साल पहले मिंटू को उसकी पहली पत्नी छोड़कर चली गई थी। बाद में, वे कानूनी तौर पर अलग हो गए। उसके बाद, आरोपी ने एक तलाकशुदा महिला से शादी कर ली। महिला को पिछले रिश्ते से एक बेटी है। महिला बेटी को लेकर अपने दूसरे पति के साथ रह रही थी। कथित तौर पर, मिंटू ने अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया। यह भी आरोप है कि इस बारे में किसी को बताने पर उसने नाबालिग को जान से मारने की धमकी दी। मिंटू पर नाबालिग से एक बार नहीं, बल्कि कई बार दुष्कर्म करने का भी आरोप है। इस बीच, लगातार प्रताड़ना के कारण नाबालिग बीमार हो गई। फिर, जब उसकी मां ने पूछा तो उसने सारी बात बता दी। इसके बाद, मां ने पीड़ित बेटी को लेकर हरोआ थाने में पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी सौतेले पिता को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गुरुवार को गिरफ्तार व्यक्ति को बशीरहाट उपजिला न्यायालय में पेश किया गया। पीड़िता की मां ने पति को कड़ी सजा देने की अपील की है।

### बेरोजगार शिक्षा कर्मियों ने मुख्यमंत्री से मिलने के लिए लिखा पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा**

ग्रुप-सी और ग्रुप-डी के बेरोजगार शिक्षा कर्मियों ने मुख्यमंत्री से फिर मिलने का अनुरोध किया। गुरुवार को बेरोजगार आंदोलनकारी शिक्षा कर्मियों ने नवान्न जाकर मुख्य सचिव को पत्र दिया है। पता चला है कि उन्हें पिछले चार महीनों से वेतन नहीं मिल रहा है। ऐसे में ग्रुप सी और ग्रुप डी के कई बेरोजगार शिक्षा कर्मियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही वे बिना परीक्षा दिए फिर से नियुक्त करने का अनुरोध कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इस दिन, नौकरी गंवाने वाले योग्य शिक्षाक मिंयों ने नवान्न में मुख्य सचिव को पत्र लिखा। योग्य शिक्षा कर्मियों द्वारा मुख्य सचिव कार्यालय को पत्र भेजा गया।

CHITTARANJAN LOCOMOTIVE WORKS
शुद्धिपत्र
सं.पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/एचडब्ल्यूएच/ई-प्रोक्योरमेंट/शुद्धिपत्र/25/14 दिनांक: 01.07.2025। ई-निविदा/निविदाओं का निम्नलिखित शुद्धिपत्र इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के निर्माण के लिए सामग्री की आपूर्ति के लिए है। संभावित/संभावित आपूर्तिकताओं से अनुरोध है कि वे www.ireps.gov.in वेबसाइट देखें। ये ई-निविदाएं हैं, केवल इलेक्ट्रॉनिक प्रस्ताव बोलियां ही स्वीकार की जाएंगी। विस्तृत निदेशों के लिए कृपया वेबसाइट देखें। क्रमांक: [01]। निविदा सूचना संख्या: पीसीएमएम/ सीएलडब्ल्यू/एचडब्ल्यूएच/ई-प्रोक्योरमेंट/32 दिनांक: 11/06/2025 की क्रम संख्या 155। निविदा संख्या: 25255083। निविदा खोलने की तिथि: निविदा खोलने की तिथि को मौजूदा प्रविष्टि के बजाय "15/07/2025" पढ़ा जाना चाहिए।
PR7/119 PCMM/CLW/Howrah
Like us on: www.facebook.com/clwrailways

दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा
ई-निविदा सूचना सं.: एसईआर-ओएचई-केजीपी-टाटा-2X25 केवी-आरटी, दिनांक 02.07.2025, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना), दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का विवरण: 3000 एमटी लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर/चक्रधरपुर मंडल के खड़गपुर (छोड़कर)-टाटानगर (लेकर) खंड के लिए 1X25 केवी से 2X25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम के अपग्रेडेशन के लिए डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ करना। कार्य की अनुमानित लागत: रु. 179,13,05,089.28, बोली प्रतिभूति: रु. 91,06,500/-, निविदा कागजात की लागत: शून्य। कार्य की समापन अवधि: 24 माह। प्रस्ताव की वैधता: निविदा खुलने की तिथि से 120 दिन। पूछताछ प्राप्त होने की अंतिम तिथि: दिनांक 25.07.2025, बोली-पूर्व बैठक: दिनांक 25.07.2025 को 11.30 बजे। सभी कागजातों का भौतिक जमा: दिनांक 19.08.2025, निविदा की अंतिम तिथि : 20.08.2025 (14.00 बजे आईएसटी)। वेबसाइट का विवरण जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता है: www.ireps.gov.in (PR-351)

पश्चिम मध्य रेल
यांत्रिक शाखा खुली निविदा
सिंगल पैकेट सिस्टम
टेन्डर नोटिस संख्या जबल-यांत्रिक-टेन्डर-09-2025 दिनांक 30/06/2025
निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कोचिंग), मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना क्रमांक : JBP-M-Tender-09-2025 dated 30/06/2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित : सतना स्टेशन SCADA आधारित त्वरित जल व्यवस्था का प्रावधान, कार्य की अनुमानित मूल्य रुपये में :Rs. 15878324.91/-, ब्याना राशी रुपये में : Rs. 229400.00/-, टेन्डर फार्म कीमत रुपये में : Nil, समापन अवधी: 06 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय : 21/07/2025 Upto 11.00 Hrs. निविदा खुलने की तिथि एवं समय : 21/07/2025 Upto 11.30 Hrs. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिये कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
(हस्ता)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

पूर्व रेलवे
निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/683, दिनांक: 02.07.2025. मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा- 711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: क्रम सं. 1; निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3412-आर; कार्य का नाम: (1) हावड़ा - बर्द्धमान मुख्य लाइन के लिलुआ स्टेशन पर पुराने रूट रिले इंटरलॉकिंग को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में बदलने के लिए साधारण विद्युत कार्य। (2) सेवड़ाफूली स्टेशन पर पुराने और पुराने पैनल इंटरलॉकिंग स्टेशन को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदलने के लिए साधारण विद्युत कार्य; निविदा मूल्य: रु.82,48,636.00; बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा): रु.1,65,000.00; क्रम सं. 2; निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3305-आर; कार्य का नाम: "एईएन/डीकेएई के अनुभाग में कॉर्ड लाइन पर उथले गर्डर बीआर सं. 89 के उन्मूलन के लिए शिबाईचंडी में सड़क के नीचे पुलों के निर्माण" के संबंध में साधारण विद्युत कार्य; निविदा मूल्य : रु. 8,62,521.00; बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा): रु. 17,300.00; समापन अवधि : सभी निविदाओं के लिए 180 दिन; समापन तिथि एवं समय: 23.07.2025 को 15:00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण नोटिस में उल्लिखित समापन तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा समापन की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा क्योंकि IREPS की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की समापन तिथि एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, ऑनलाइन निविदाएँ निविदा की समापन तिथि एवं समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन पर खूली जाएँगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें।
(HWH-172/2025-26)
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे
ई-निविदा (खुली निविदा) सूचना सं. ईसी/टी/ट्रैक्शन मोटर/ओटी - 09/2025-26 दिनांक : 27.06.2025, मुख्य निर्माण प्रबंधक, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा कार्यशाला, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: ई-निविदा सं.: ईसी_टी_टीएम_ओटी-09_25-26; कार्य का नाम एवं उसका स्थान: खुली निविदा के माध्यम से ईएमयू/एमईएमयू/डीईएमयू मोटर कोच और डीईटीसी टाइप टावर वैगन के सभी प्रकार के ट्रैक्शन मोटर के संपूर्ण ट्रैक्शन मोटर को खोलना, साफ करना, गैस्केट बदलना, ट्रैक्शन मोटर फ्रेम और सभी अंतिम घटकों की पेंटिंग करना और डीवाई सीईई/डब्ल्यू/केपीए संगठन के शॉप-29बी ऐप-1 के टीएम और टीएमएफ अनुभाग के तहत 02 वर्ष की अवधि के लिए बाहरी एजेंसियों के माध्यम से जारी सामग्रियों को अलग करना और स्टैकिंग करना; कार्य की अनुमानित लागत: जीएसटी सहित रु. 21,45,830.40 ; निविदा फॉर्म की लागत: शून्य; जमा की जाने वाली बयाना राशि: रु.42,900.00; कार्य की समाप्ति अवधि: 24 महीने; विज्ञापन अवधि: 23.06.2025 से 17.07.2025 अपराह्न 03.00 बजे तक; प्रस्ताव जमा करने की अवधि: 03.07.2025 से 17.07.2025 अपराह्न 03.00 बजे तक; निविदा बंद करने की तिथि एवं समय: 17.07.2025 अपराह्न 03.00 बजे तक; निविदा खुलने की तिथि एवं समय: 17.07.2025 अपराह्न 03.30 बजे तक। वेबसाइट जहां से निविदा दस्तावेज उपलब्ध होंगे: निविदा दस्तावेज और अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in से 23.06.2025 से 17.07 2025 तक अपराह्न 03.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं।
(MISC-117/2025-26)
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे
ई-निविदा सूचना सं. ईआर-एसडीएएच0सीओएमएल (यूटीएस)/3/2025-0/ओ एसआर.डीसीएम/एसडीएएच/ईआर दिनांक: 03.07.2025, रेलवे प्रशासन पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में यूटीएस, पीआरएस और यूटीएस-सह-पीआरएस स्थानों पर कार्यरत यूटीएस, पीआरएस और यूटीएस-सह-पीआरएस उपकरणों से जुड़े हार्डवेयर बाह्य उपकरणों के रखरखाव के लिए "वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) के कार्य के लिए किसी भी व्यक्ति, फर्म या कंपनी से दो (02) वर्ष की अवधि के लिए "ई-ओपन टेंडर आधार पर" ई-निविदा आमंत्रित करता है। विभागीय मूल्यांकित लागत: रु. 1,16,57,768.68; बयाना राशि: रु. 2,33,200.00; निविदा दस्तावेजों की लागत: रु. 5,600.00 (गैर-वापसीयोग्य) 12% जीएसटी सहित; तत्काल निविदा की बोली शुरू होगी: 04.07.2025; निविदा खुलने की तिथि एवं समय: 25.07.2025 को 15:00 बजे। हस्तांतरणीय नहीं विस्तृत नियम व शर्तों वाले निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। तत्काल निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। इस निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैन्युअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और उसे तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। निविदाकर्ताओं को इस निविदा के लिए निविदा दस्तावेज लागत और बयाना राशि का भुगतान केवल आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान गेटवे/मॉड्यूल जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से करने की अनुमति है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीद, एफडीआर आदि के माध्यम से मैन्युअल भुगतान की अनुमति नहीं है।
(SDAH-107/2025-26 वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, सियालदह
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# मंत्री सिद्दीकुल्ला चौधरी के काफिले पर भीड़ ने किया हमला

## मंत्री पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप, दिखाए गए काले झंडे व लगे 'गो बैक' के नारे

**मंत्री ने मुख्यमंत्री से की शिकायत, कहा... 'यह मेरी हत्या का प्रयास था'**

**पूर्व बर्दवान :** राज्य के मंत्री और जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बंगाल इकाई के अध्यक्ष सिद्दीकुल्ला चौधरी गुरुवार को पूर्व बर्दवान जिले में भीड़ द्वारा उनके काफिले पर किये गये हमले में बाल-बाल बच गये। चौधरी पूर्व बर्दवान जिले में अपने विधानसभा क्षेत्र मंतेश्वर का दौरा कर रहे थे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि उनकी जान लेने की कोशिश की गई, क्योंकि स्थानीय पंचायत प्रधान



के नेतृत्व में उनकी पार्टी के एक गुट से संबंधित भीड़ ने उनके वाहन पर पत्थर फेंके और 'विंडस्क्रीन' तोड़ दी, जिससे उनके हाथ में चोट लग गई। चौधरी ने संवाददाताओं से कहा कि स्थानीय पंचायत प्रधान रफीकुल इस्लाम शेख ने अपने समर्थकों के साथ मुझ पर जानलेवा हमला किया। स्थानीय प्रभारी निरीक्षक ने हमलावरों को तितर-बितर करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। केवल मेरे साथ मौजूद सुरक्षाकर्मी ही मुझे बचाने आए। मंत्री ने प्रशासन से हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शेख ने स्वीकार किया कि उन्होंने ही विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था, उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि यह स्थानीय लोगों द्वारा स्वतःस्फूर्त काले झंडे दिखाने का प्रदर्शन था, जो भ्रष्ट मंत्री से नाराज थे, जिन्होंने मोंटेश्वर के लोगों के लिए कुछ भी नहीं किया था। चूंकि हम चाहते थे कि वे हमारी शिकायतें सुनें, इसलिए उनका काफिला तेजी से वहां से निकलने की कोशिश कर रहा था, जिससे उनके वाहन को कुछ नुकसान हो सकता था। हालांकि, वे हत्या के प्रयास के आरोप लगाकर नाटक कर रहे हैं। पुलिस ने काले झंडे दिखाने और मंत्री के काफिले पर पथराव की घटना की पुष्टि की और कहा कि घटना के बाद भीड़ को तितर-बितर कर दिया गया तथा मंत्री को सुरक्षा में तैनात एक वाहन से मौके से ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि जांच के आदेश दे दिए गए हैं और इलाके में छापेमारी जारी है।

# नियुक्ति घोटाले में सीबीआई ने दाखिल की सप्लीमेंट्री चार्जशीट, 36 नए गवाह जोड़े गए

**कोलकाता :** शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। एकादश (11वीं) एवं द्वादश (12वीं) कक्षा के शिक्षक भर्ती और ग्रुप-डी भर्ती घोटाले में सीबीआई ने अलीपुर स्थित विशेष सीबीआई अदालत में सप्लीमेंट्री चार्जशीट (अतिरिक्त आरोप-पत्र) दाखिल किया है। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई ने अदालत को बताया है कि जांच के दौरान गवाहों की संख्या में इजाफा हुआ है और नए साक्ष्य और दस्तावेज सामने आए हैं। इस कारण से चार्जशीट में संशोधन कर नई जानकारियाँ जोड़ी गई हैं। एकादश एवं द्वादश कक्षा की शिक्षक भर्ती घोटाले में अब 36 नए




गवाहों के नाम शामिल किए गए हैं, जबकि ग्रुप-डी भर्ती घोटाले में 1 नया गवाह जोड़ा गया है। चार्जशीट के अनुसार, एकादश और द्वादश कक्षा के मामले में अब तक 84 नए दस्तावेज़, जबकि ग्रुप-डी भर्ती के मामले में 5 नए दस्तावेज़ शामिल किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही नवम (9वीं) और दशम (10वीं) कक्षा की भर्ती घोटाले से जुड़ी चार्जशीट में अब्दुल खालेक को बिचौलिए (मिडिलमैन) के रूप में अभियुक्त बनाया गया था। 2023 में 11वीं और 12वीं की भर्ती प्रक्रिया में भी अब्दुल खालेक को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था, हालांकि वह फिलहाल जमानत पर है। अब उसी को 9वीं और 10वीं की भर्ती घोटाले में भी अभियुक्त बनाया गया है। सीबीआई की इस ताज़ा चार्जशीट से यह स्पष्ट होता है कि भर्ती घोटाले की परतें अभी और खुलनी बाकी हैं, और जांच एजेंसी इस मामले को लेकर गंभीरता से आगे बढ़ रही है।

### कैस्ट्रॉल इंडिया ने ऑटोकेयर रेंज में तीन नए उत्पाद किए लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऑटोमोटिव और औद्योगिक लुब्रिकेंट्स क्षेत्र की अग्रणी कंपनी कैस्ट्रॉल इंडिया लिमिटेड ने अपनी ऑटोकेयर प्रोडक्ट रेंज का विस्तार करते हुए तीन नए उत्पाद पेश किए हैं-थ्रॉटल बॉडी क्लीनर, फ्यूल इंजेक्टर और कार्ब्युरेटर क्लीनर, तथा ब्रेक क्लीनर। ये नए समाधान खासतौर पर वर्कशॉप प्रोफेशनल्स और मैकेनिकों के लिए डिजाइन किए गए हैं ताकि गाड़ियों की सर्विसिंग और मेंटेनेंस को आसान, तेज और प्रभावी बनाया जा सके। कैस्ट्रॉल के अनुसार ये प्रोडक्ट वाहन की स्मूद परफॉर्मेंस, बेहतर माइलेज और तेज ब्रेकिंग में मदद करते हैं, साथ ही सर्विस के दौरान गाड़ी को ज्यादा देर तक बंद रखने की जरूरत नहीं होती। कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट (मार्केटिंग) रोहित तलवार ने कहा कि ये नए प्रोफेशनल-ग्रेड समाधान आधुनिक ड्राइविंग परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। ये सभी उत्पाद पर्यावरण और सुरक्षा मानकों का पालन करते हैं।

# बर्दवान मेडिकल कॉलेज में महिला जूनियर डॉक्टर से यौन उत्पीड़न

### इंटर्न के खिलाफ शिकायत दर्ज




**बर्दवान :** बर्दवान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला जूनियर डॉक्टर ने अपने ही सहकर्मी इंटर्न पर यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। यह घटना मंगलवार को अस्पताल परिसर के ऑपरेशन थिएटर में घटित हुई। पीड़िता ने बुधवार को कॉलेज की प्रिंसिपल मौसुमी बनर्जी के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई है। महिला डॉक्टर ने आरोप लगाया कि एक इंटर्न ने अस्पताल के भीतर ओटी में उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। मामले की शिकायत मिलते ही मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने तुरंत 'जेंडर हैरासमेंट सेल' को इसकी जानकारी दी है। कॉलेज प्राचार्य ने बताया कि शुक्रवार को इस मामले को लेकर आंतरिक बैठक बुलाई गई है, जिसमें विस्तृत जांच और आगे की कार्रवाई पर चर्चा की जाएगी। हालांकि, जिस इंटर्न पर आरोप लगाया गया है, उसने खुद पर लगे सभी आरोपों से इनकार किया है। उसका कहना है कि यह झूठा आरोप है और उसे बेवजह फंसाया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और निष्पक्ष जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कॉलेज के 'जेंडर हैरासमेंट सेल' की रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डोमकल में अवैध हथियार फैक्ट्री का खुलासा, नकली नोट और गोलियां बरामद, एक गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद पुलिस के विशेष अभियान समूह औंर डोमकल थाने ने चलाया संयुक्त अभियान**

**जालंगी में हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार**

**मुर्शिदाबाद :** जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार निर्माण के गोरखधंधे और नकली नोटों की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। इन छापों में न केवल हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं, बल्कि वह उपकरण भी जब्त किए गए हैं जो किसी संगठित फैक्ट्री के अस्तित्व की ओर इशारा करते हैं। घटनाएं डोमकल और जालंगी थाना क्षेत्र की हैं, जो भारत-बांग्लादेश



सीमा के बेहद करीब पड़ते हैं। पहली घटना डोमकल थाना क्षेत्र की है, जहां बुधवार की देर रात पुलिस को गुप्त सूत्रों से मिली एक अहम सूचना के आधार पर कार्रवाई की। डोमकल थाना पुलिस और स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) की संयुक्त टीम ने गोरईमारी गांव के एक मकान पर छापेमारी की। उस घर की तलाशी के दौरान पुलिस के हाथ ऐसी सामग्री लगी, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस को एक पूरी राइफल, तीन राउंड गोलियां, एक तैयार पाइप गन, एक अधूरी बारह पीस वाली बंदूक, चार और नौ राउंड की गोलियां तथा एक कारतूस बरामद हुआ। जांच में सामने आया कि मौके से बरामद औजारों में दो हाइड्रोलिक पाइप, पांच सामान्य लोहे के पाइप, एक ड्रिल मशीन, एक कटिंग मशीन, एक एयर ब्लोअर, एक डाई, दो मेटल शीट और धातु का एक बड़ा टुकड़ा शामिल है। ये सभी चीजें अवैध हथियार निर्माण में प्रयुक्त होती हैं और इस बात की पुष्टि करती हैं कि मकान को एक गुप्त फैक्ट्री में तब्दील किया गया था। छापेमारी के दौरान पुलिस को 40,000 के नकली भारतीय नोट भी बरामद हुए, जो इस पूरे रैकेट में आर्थिक अपराध की परत भी जोड़ते हैं। मौके से गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान सिराज मंडल के रूप में हुई है। शुक्रवार को उसे जिला अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर भेजे जाने की संभावना है ताकि मामले की गहराई से जांच की जा सके। डोमकल की घटना के कुछ ही घंटे बाद पुलिस ने जालंगी थाना क्षेत्र में भी एक और सनसनीखेज गिरफ्तारी की। जालंगी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि घोषपाड़ा बस स्टैंड के पास एक युवक संदिग्ध गतिविधियों में शामिल है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वहां से एक युवक को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक आग्नेयास्त्र, दो खाली मैगजीन और दो जिंदा गोलियां बरामद हुईं। युवक का नाम बिप्लब विश्वास बताया गया है, जो जालंगी थाना क्षेत्र का ही निवासी है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि वह सीमा क्षेत्र में हथियार लेकर किस उद्देश्य से घूम रहा था।

### युवाओं द्वारा संचालित एनजीओ कैरेगो ने करुणा की अपनी यात्रा शुरू की

**कोलकाता :** कैरेगो, युवाओं द्वारा संचालित एक एनजीओ, एक साझा सपने से पैदा हुआ था - सेवा और कार्य के माध्यम से एक दयालु और करुणाशील दुनिया बनाने का सपना। इसे चारित्र शर्मा ने केशव बेरीवाल, अस्तित्व शर्मा, अर्जुन बांका और व्योम अग्रवाल के साथ मिलकर स्थापित किया था। कैरेगो का उद्देश्य वहां पर देखभाल पहुंचाना था जहां इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। कैरेगो के संस्थापक चारित्र शर्मा ने कहा था, कैरेगो सिर्फ एक एनजीओ नहीं है, यह एक भावना है जो सहानुभूति में निहित है। हम मानते हैं कि अगर हम में से हर कोई किसी जरूरतमंद के लिए एक छोटा कदम भी उठाए, तो मिलकर हम एक ऐसी दुनिया बना सकते हैं जहां करुणा जीवित रहे। यह तो बस शुरुआत है, हम अपने अभियानों को और भी ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### जेएम फाइनेंशियल म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया जेएम लार्ज एंड मिड कैप फंड

**कोलकाता :** जेएम फाइनेंशियल एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने 'जेएम लार्ज एंड मिड कैप फंड' (लार्ज कैप और मिड कैप दोनों शेयरों में निवेश करने वाली एक ओपन एंडेड इक्विटी स्कीम) के लॉन्च की घोषणा की है। यह न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) चार जुलाई, 2025 से 18 जुलाई, 2025 के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला रहेगा। इस स्कीम का निवेश लक्ष्य सर्वोत्तम प्रबंधन और कॉरपोरेट गवर्नेंस स्टैंडर्ड के साथ उच्च गुणवत्ता वाले ग्रोथ स्टॉक में निवेश के साथ रिटर्न हासिल करना है। इस स्कीम के तहत आंतरिक त्र्क्षशट (आय में वृद्धि और आय की गुणवत्ता) मॉडल का लाभ उठाते हुए निवेश योग्य (इंवेस्टिबल) यूनिवर्स का निर्माण किया गया है। जेएम फाइनेंशियल एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के चीफ इंवेस्टमेंट ऑफिसर (इक्विटी) सतीश रामनाथन ने कहा, हम अपने लार्ज और मिडकैप फंड के लॉन्च को लेकर बहुत उत्साहित हैं- जो भारत की सबसे बड़ी कंपनियों का आकार एवं स्थिरता और देश की उभरती मिडकैप कंपनियों की शक्ति की पेशकश करता है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे की दो नई परियोजनाओं को मिली मंजूरी, रेल यातायात होगा सुगम

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेल मंत्रालय ने दक्षिण पूर्व रेलवे की दो महत्वपूर्ण नई रेल परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है, जिससे इस क्षेत्र में रेल यातायात की क्षमता और गति में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। पहली परियोजना निमपुरा रिसेप्शन यार्ड और खड़गपुर जंक्शन के बीच 6.41 किमी लंबी तीसरी रेल लाइन निर्माण की है, जिस पर लगभग 157.86 करोड़ की लागत आएगी। यह खंड हावड़ा-मुंबई और हावड़ा-चेन्नई उच्च घनत्व नेटवर्क मार्ग पर स्थित है। इस परियोजना के पूरा होने पर आदित्यपुर-खड़गपुर तीसरी लाइन परियोजना भी पूरी मानी जाएगी, जिससे गोकुलपुर और आद्रा से आने वाली मालगाड़ियों की देरी में कमी आएगी और माल यातायात की रफ्तार बढ़ेगी। दूसरी परियोजना, कलाईकुंडा-निमपुरा वेस्ट आउटर-गोकुलपुर कनेक्टिविटी की है, जो निमपुरा रिसेप्शन यार्ड को बायपास करते हुए बनेगी। यह रेल लाइन 12.33 किमी लंबी होगी और इसके निर्माण पर लगभग 224.44 करोड़ खर्च होंगे। इस परियोजना से खड़गपुर स्टेशन क्षेत्र की वर्तमान क्षमता में विस्तार होगा और ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हो सकेगी। दोनों परियोजनाएं क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर माल और यात्री परिवहन को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही हैं।

## मालदह मंडल की आरपीएफ ने छात्रों को रेलवे सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**मालदह :** मालदह मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में रेलवे सुरक्षा बल और जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में 2 जुलाई को आरपीएफ पोस्ट जंगीपुर रोड द्वारा जंगीपुर रोड रेलवे स्टेशन के निकट स्थित सैदपुर यू.एन. हाई स्कूल में रेलवे सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्रों को रेलवे सुरक्षा के महत्व और सुरक्षित रेलवे वातावरण बनाने में उनकी भूमिका से अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को मवेशियों और व्यक्तियों के ट्रेन से कटने की घटनाओं, ट्रेनों पर पथराव, अलार्म चेन पुलिंग



(एसीपी) के दुरुपयोग, पटरियों पर अवैध रूप से प्रवेश, सिग्नलिंग पॉइंट्स पर अवरोध उत्पन्न करने, तथा यात्रियों की संपत्ति की चोरी जैसे गंभीर सुरक्षा पहलुओं के बारे में जागरूक किया गया। आरपीएफ टीम ने वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से संवादात्मक और रोचक सत्र आयोजित किए तथा रेलवे परिसर में असुरक्षित व्यवहार के कानूनी परिणामों की जानकारी दी। छात्रों से जिम्मेदार नागरिक बनने की अपील भी की गई।

### गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप भारत की ईवी विकास को दे रहा बढ़ावा

**कोलकाता :** जैसे-जैसे भारत का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का टूलिंग व्यवसाय इस उद्योग की सप्लाई चेन को मज़बूत बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देश में ऑटोमोबाइल उद्योग की दिशा इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर तेज़ी से बढ़ने के चलते नए इंजन, बैटरी बॉक्स और उच्च गुणवत्ता वाले शीट मेटल पुर्जों की मांग में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इसी को ध्यान में रखते हुए गोदरेज ने ईवी निर्माण की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी क्षमताओं को और उन्नत किया है, विशेषकर हाई-प्रिसिजन डाई और टूलिंग समाधानों पर फोकस करते हुए। पंकज अभ्यंकर, बिज़नेस हेड, टूलिंग डिवीजन, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने कहा, जैसे-जैसे ईवी निर्माता उपभोक्ता मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ा रहे हैं, उन्हें ऐसे टूलिंग पार्टनर की आवश्यकता है।

## क्वेस्ट मॉल में सितारे जमीन पर की विशेष स्क्रीनिंग, हस्तियों ने की शिरकत



**कोलकाता, समाज्ञा**

एफसीसीआई लेडीज ऑर्गना-इजेशन (एफएलओ), एक उम्मीद और इंडिया ऑटिज्म सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में कोलकाता के क्वेस्ट मॉल में सितारे जमीन पर फिल्म की एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहीं। कार्यक्रम में आयुष सारदा, डॉ. मीनू बुधिया, मंत्री डॉ. शशि पांजा, प्रियदर्शिनी हकीम, प्रियदर्शिनी बावा, निधि झुनझुनवाला, मानसी अग्रवाल और कोयल मल्लिक ने हिस्सा लिया। यह विशेष स्क्रीनिंग ऑटिज्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में समावेशिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक अहम पहल मानी जा रही है।

## प्लास्टिक मुक्त दिवस पर दक्षिण 24 परगना जिले के विष्णुपुर-1 विकास खंड में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार के पंचायती राज एवं ग्राम विकास विभाग के निर्देशानुसार दक्षिण 24 परगना जिले के विष्णुपुर-1 विकास खंड में अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक थैला मुक्त दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 1 जुलाई से 3 जुलाई तक समस्त ग्राम पंचायत क्षेत्रों में प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम संचालित किए गए। अब प्लास्टिक थैलों को करें त्याग - इस मुख्य संदेश के साथ आज के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिम बंगाल सरकार के परिवहन राज्यमंत्री दिलीप मंडल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दक्षिण 24 परगना के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सौमेन पाल ने की।

इस अवसर पर दक्षिण 24 परगना जिला परिषद के उप सचिव अनिर्बाण बोस, जिला परिषद की कर्माध्यक्ष शची नस्कर, विष्णुपुर-1 पंचायत समिति की अध्यक्षा मोलि मंडल गोम्स और उपाध्यक्ष पलाश मंडल उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन विष्णुपुर-1 विकास खंड के खंड विकास अधिकारी नाजिरुद्दीन सरकार ने किया। कार्यक्रम में प्रत्येक ग्राम पंचायत, प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय, और स्वयं सहायता समूहों की ओर से अपने-अपने क्षेत्रों में एकत्र किए गए प्लास्टिक अपशिष्ट को ब्लॉक स्तरीय प्लास्टिक कचरा प्रबंधन केंद्र में निपटान हेतु माननीय मंत्री महोदय को सौंपा गया।



साथ ही, उपस्थित सभी लोगों को प्लास्टिक थैलियों के विकल्प स्वरूप स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित कपड़े और पटसन (जूट) के थैले वितरित किए गए।

कार्यक्रम में सड़क निर्माण हेतु कच्चे माल के रूप में प्रयोग के लिए 20 किलोग्राम कटा हुआ प्लास्टिक अपशिष्ट पश्चिम बंगाल राज्य ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण (प.बां.रा.ग्रां.स.वि.अ.) से आए तकनीकी विशेषज्ञों को सौंपा गया।

इस अवसर पर लोक कलाकारों ने प्लास्टिक त्याग और स्वच्छ पर्यावरण की आवश्यकता पर आधारित सुंदर गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का समापन एक सुसज्जित शोभायात्रा के साथ हुआ, जिसमें आम नागरिकों से प्लास्टिक त्यागने और पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया गया।

## पूर्व रेलवे ने वर्दवान स्टेशन पर ट्रेन से 31 किलो गांजा किया जब्त



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की ओर से नशीली पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन नारकोस के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। 2 जुलाई 2025 को हावड़ा मंडल के आरपीएफ पोस्ट वर्दवान और सीआईबी वर्दवान की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर वर्दवान रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान, टीम ने लगभग 31.004 किलोग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी बाजार कीमत करीब 3 लाख रुपये आंकी गई है। जब्त किए गए गांजे को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरप-ीएस वर्दवान को सौंप दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई पूर्व रेलवे द्वारा रेल परिसरों को सुरक्षित बनाने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक और बड़ी सफलता है। पूर्व रेलवे ने यह भी स्पष्ट किया कि ऑपरेशन नारकोस के तहत भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे ताकि रेलवे परिसरों में नशीली दवाओं की तस्करी पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

## समर्पण चिकित्सा सेवा सम्मान 2025: डाक्टरों का सम्मान और विश्वास पर संवाद

**कोलकाता :** समर्पण चिकित्सा सेवा सम्मान 2025 सह सेमिनार का आयोजन कोलकाता के पार्क व्यू सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में समर्पण ट्रस्ट द्वारा किया गया। डाक्टर्स डे के अवसर पर डॉ. विधानचंद्र राय को



श्रद्धांजलि दी गई और चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. राहुल जैन, डॉ. अरिंदम मुखर्जी, डॉ. तरूण जिंदल, डॉ. पल्लवी प्रिया, डॉ. आर.के. जैन और डॉ. शिल्पा भरतिया को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पवन पाटोडिया (कोलकाता थंडरबोल्ट्स) ने कहा कि भारत के 15 लाख डाक्टरों को वह सामाजिक सम्मान नहीं मिलता, जिसके वे हकदार हैं। ग्रामीण भारत की स्वास्थ्य सेवाओं पर चिंता जताते हुए उन्होंने चिकित्सकों की भूमिका को मानवता का संरक्षक बताया। विशिष्ट अतिथि बिमल बेंगानी और राजेश सोंथलिया ने डॉक्टर-रोगी संबंधों की गरिमा और चिकित्सा परंपरा पर प्रकाश डाला। सेमिनार बदलते समाज में डाक्टर और रोगी के बीच विश्वास विषय पर हुआ, जिसकी अध्यक्षता डॉ. वी.के. भरतिया ने की। डॉक्टरों ने चिकित्सा के व्यावसायीकरण, संवादहीनता और अधूरी डिजिटल जानकारी को गंभीर चुनौती बताया। ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश बजाज, ट्रस्टी एन.के. अग्रवाल और प्रदीप ढेडिया ने डॉक्टरों को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। संचालन पत्रकार प्रकाश चंडालिया ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जयप्रकाश मिश्र ने दिया। आयोजन में अशोक ढेडिया, पंकज भालोटिया, मनीष बजाज, रजीत भूतोड़िया, अमन ढेडिया, आनंद ढेडिया, संजय रूंगटा, प्रदीप अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, भगवती प्रसाद सराफ, अभिषेक गुप्ता, यशपाल भवसिंहका व अपोलो अस्प-ताल के विशाल अग्रवाल की विशेष भूमिका रही।

## बारुईपुर में सिग्नलिंग केबल क्षतिग्रस्त, 37 ट्रेनें ठप, लाखों यात्रियों को दिक्कत

**कोलकाता, समाज्ञा**

बारुईपुर रेलवे स्टेशन पर सोमवार देर रात एक बड़ी ला-परवाही के चलते रेलवे की सिग्नलिंग प्रणाली बुरी तरह बाधित हो गई। पश्चिम बंगाल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की टीम ने रेलवे की अनुमति के बिना माइक्रो टनलिंग मशीन से खुदाई का काम शुरू कर दिया। इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग बिल्डिंग के पास बिछी सिग्नलिंग केबलों का एक बड़ा समूह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना करीब रात 2:02 बजे हुई, जिससे बारुईपुर स्टेशन पर सभी सिग्नल पूरी तरह ठप हो गए और ट्रेन संचालन थम गया। इस लापरवाही के कारण सोनारपुर-बारुईपुर, बारुईपुर-डायमंड हार्बर और बारुईपुर-लक्ष्मीकांतपुर सेक्शनों में 37 पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन बाधित हुआ। ट्रेनें 12 घंटे से अधिक समय तक रोकी रहीं, जिससे हजारों यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

रेलवे के अनुसार, अस्थायी केबलिंग से संचालन बहाल करने में लगभग 15 घंटे का समय लगा, जबकि पूरी अंडरग्राउंड केबलिंग को दुरुस्त करने में कुछ दिन लग सकते हैं। नुकसान का अनुमान लगभग 62 लाख रुपये लगाया गया है। रेलवे ने इसे गंभीर ला-परवाही मानते हुए दोषियों से हर्जाना वसूलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## हावड़ा मंडल की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में हिंदी कार्यों की प्रगति पर चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 1 जुलाई को मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में अतिरिक्त मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन)/हावड़ा उदय कुमार केसरी सहित मंडल के विभिन्न विभागों के शाखा अधिकारी उप-स्थित रहे। बैठक में हावड़ा मंडल के अंतर्गत कार्यालयों और स्टेशनों में राजभाषा हिंदी के प्रगति कार्य की समीक्षा की गई। समीक्षा जनवरी-मार्च 2025 की तिमाही और अप्रैल-जून 2025 की वर्तमान तिमाही के कार्यों पर केंद्रित रही। बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा मंडल कार्यालय और स्टेशनों पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं



जैसे प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, चित्र देखकर कहानी लेखन, हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता तथा हिंदी वक्तृत्व प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। बैठक का संचालन प्रभारी राजभाषा अधिकारी एवं सहायक मंडल सामग्री प्रबंधक/हावड़ा अभिषेक कुमार ने किया। बैठक के आयोजन में वरिष्ठ अनुवादक सालुका लागुरी, आरती कुमारी मिश्रा तथा कनिष्ठ अनुवादक विकास कुमार साव, सुमित सिंह और सुभाष प्रसाद ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# ‘भ्रष्टाचार दिखे तो कार्रवाई जरूरी, किसे लाभ मिला यह मुद्दा नहीं’

## 32 हजार प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति रद्द मामले में हाई कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में प्राथमिक शिक्षा के 32,000 शिक्षकों की नियुक्ति रद्द से जुड़े मामले में कोलकाता हाई कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान सख्त रुख अपनाया। न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती ने स्पष्ट शब्दों में कहा, यह मायने नहीं रखता कि किसे लाभ मिला और किसे नहीं। यदि कहीं भ्रष्टाचार या अनियमितता दिखाई देगी, तो अदालत कार्रवाई करेगी। इस दिन सुनवाई के दौरान शिक्षकों के एक वर्ग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनिंद्य मित्रा ने दलील दी कि स्प-इरल बाइंडिंग से संबंधित मुद्दों को किस आधार पर अमान्य माना गया? उन्होंने कहा, 2014 में टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) हुई थी, लेकिन नियुक्ति प्रक्रिया 2016 में शुरू हुई। ओएमआर शीट की जांच का जिम्मा एसबीएसई राय नामक एजेंसी के पास था। ऐसे में अगर कोई गड़बड़ी हुई हो तो वह टीईटी परीक्षा में हुई, नियुक्ति प्रक्रिया में नहीं। इस पर न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती ने तीखा सवाल करते हुए कहा, जब टीईटी में गड़बड़ी है, तो उसका सीधा प्रभाव नियुक्तियों पर भी



पड़ेगा। दोनों प्रक्रियाएं एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। अनिंद्य मित्रा ने यह भी कहा कि रिक्त पदों से अधिक नियुक्तियाँ हुई हैं, लेकिन इससे सभी नियुक्तियाँ रद्द करना उचित नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि पूर्व प्राइमरी बोर्ड अध्यक्ष की गिरफ्तारी भ्रष्टाचार के आरोप में हुई थी, नियुक्तियों के लिए नहीं। उन्होंने पूछा, अगर एकल पीठ के आदेश से सभी नियुक्तियाँ रद्द हो जाती हैं, तो क्या यह न्यायसंगत होगा? सभी मामलों में भ्रष्टाचार हुआ – यह निष्कर्ष अदालत कैसे निकाल सकती है? इस पर न्यायाधीश का सख्त जवाब था: हम यह नहीं देखेंगे कि किसे लाभ हुआ या नहीं हुआ। हम केवल देखेंगे कि भ्रष्टाचार कहाँ हुआ है। जहाँ दुराचार होगा, वहाँ हम कार्रवाई करेंगे। अदालत ने मौखिक बयान के आधार पर नियुक्तियों में संशोधन को लेकर भी सवाल खड़े किए – मात्र मौखिक बयान पर कैसे नियुक्ति प्रक्रिया बदली जा सकती है? इस टिप्पणी के साथ यह साफ हो गया है कि नियुक्ति रद्द मामले में स्थिति और भी जटिल होती जा रही है। ऐसे में हज़ारों नियुक्त शिक्षकों का भविष्य अनिश्चितता के घेरे में है। अब सबकी निगाहें 7 जुलाई को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं, जहाँ इस मामले में कोई अहम फैसला आ सकता है।

# सांकराइल में पिच फैक्ट्री में लगी भीषण आग, दमकल की दस गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के सांकराइल में 16 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित एक पिच (डामर) निर्माण फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सुबह करीब 11 बजे फैक्ट्री से पहले धुआं और फिर आग की लपटें उठती देख कर्मचारियों ने हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में फैक्ट्री का लगभग चार हजार वर्ग फुट हिस्सा इसकी चपेट में आ गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दस गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। आग की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग की दोनों लेन पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। चारों ओर धुएं और तीखी बदबू से वातावरण



प्रदूषित हो गया। करीब दोपहर 1:50 बजे आग पर काबू पाया जा सका और 3:15 बजे तक कूलिंग का काम पूरा किया गया।

दमकल और पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फैक्ट्री में फायर फाइटिंग सिस्टम काम नहीं कर रहा था। आग में बड़ी मात्रा में पिच जलकर नष्ट हो गया। प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि सही वजह फॉरेंसिक जांच के बाद ही सामने आएगी।

### स्कॉटिश चर्च कॉलेज में दर्शन के नए आयाम पर केंद्रित पुस्तक का विमोचन

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कॉटिश चर्च कॉलेज के दर्शन विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. वरबी रॉय द्वारा लिखित शोधपरक पुस्तक 'एक्सटेंडेड नॉलेज एण्ड सोशल एपिस्टेमोलॉजी' का औपचारिक विमोचन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भक्ति वेदांत रिसर्च सेंटर (बीआरसी) के सहयोग से किया गया, जिसमें कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मधुमंजुरी मंडल ने पुस्तक का लोकार्पण किया। इस पुस्तक में चर्चा की गई है कि कैसे 'सत्य' और 'भ्रम' के बीच की रेखा सामाजिक दृष्टिकोण से बनती और बदलती है, और कैसे सोशल मीडिया एवं सूचना प्रौद्योगिकी मिलकर ज्ञान के नए फ्रेम तैयार कर रही हैं। इस अवसर पर दर्शनशास्त्र, समाजशास्त्र, और मीडिया स्टडीज से जुड़े कई विद्वान एवं छात्र-छात्राएं उप-स्थित थे। कार्यक्रम के अंत में पुस्तक के अंशों का पाठ किया गया और विमर्श का आयोजन भी किया गया।

# वैद्यबाटी में युगल का खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के वैद्यबाटी में गुरुवार की सुबह एक युगल का खून से लथपथ शव मिलने इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि वार्ड 18 के सीताराम बागान इलाके में तड़के करीब 3 बजे घर से जोर-जोर की चीखें सुनाई पड़ी। जब वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति घर के अंदर और एक बाहर खून से लथपथ हालत में पड़े हैं। दोनों दर्द से तड़प रहे थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची श्रीरामपुर थाना पुलिस ने दोनों को तुरंत श्रीरामपुर वाल्श अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान मनीष भादुड़ी (35) और अपर्णा माझी (32) के रूप में हुई है। दोनों पिछले तीन वर्षों से एक साथ इस मकान में रह रहे थे। मनीष एक ढलाई फैक्ट्री में काम करता था,




जबकि अपर्णा घरेलू सहायिका (कामवाली) के रूप में काम करती थी। वे रोज सुबह अपने-अपने काम पर निकलते और रात में लौटते थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के डीसीपी (श्रीरामपुर) अर्णब विश्वास, एसीपी शुभंकर विश्वास और श्रीरामपुर थाने के प्रभारी अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि दोनों की मौत हत्या थी या आत्महत्या।

# टिटागढ़ विस्फोट की जांच एनआईए को मिलेगी या नहीं, निर्णय अब केंद्र सरकार के हाथ में : हाई कोर्ट

**कोलकाता :** टिटागढ़ में हुए भीषण विस्फोट की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपी जाएगी या नहीं, इस पर अंतिम निर्णय अब केंद्र सरकार लेगी। कोलकाता हाई कोर्ट ने गुरुवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए स्पष्ट कर दिया कि वह इस पर कोई निर्देश नहीं देगा और यह तय करना केंद्र सरकार का अधिकार क्षेत्र है। गौरतलब है कि 19 मई को टिटागढ़ के बांसबगान इलाके में हुए जोरदार विस्फोट से पूरा इलाका दहल उठा था। एक बहुमंजिला इमारत में हुए इस धमाके में इमारत की दीवार ढह गई और पास के एक टाली वाले मकान की छत उड़ गई। घटना के बाद स्थानीय नगर निगम पार्षद पर आरोप लगे कि जिस फ्लैट में विस्फोट हुआ, उसे उन्होंने जबरन कब्जा कर रखा था। पुलिस जांच में अब तक पार्षद अरमान मंडल उर्फ मोहम्मद रियाजुद्दीन, अरशाद खान और मोहम्मद शारुक को गिरफ्तार किया गया है। लेकिन इस मामले में राजनीति भी तेज हो गई है। बीजेपी नेता अर्जुन सिंह ने कहा कि इसे सिर्फ एक विस्फोट कहकर छोटा नहीं किया जा सकता। पास ही में कैंटोनमेंट इलाका है। यह एक गंभीर सुरक्षा मामला है और इसकी जांच पुलिस से करवाई गई तो मामले को दबाने की कोशिश होगी। इसलिए इसकी जांच एनआईए को सौंपी जानी चाहिए। बुधवार को इस मांग को लेकर वकील सूर्यनील दास ने कोलकाता हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें विस्फोट की जांच एनआईए से करवाने की अपील की गई थी। गुरुवार को हुई सुनवाई में हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को यह निर्णय लेने का अधिकार देते हुए कहा कि क्या जांच एनआईए करेगी या नहीं, यह फैसला केंद्र को लेना है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि केंद्र सरकार इस विस्फोट को लेकर एनआईए जांच का आदेश देती है या नहीं। इस बीच मामले की जांच स्थानीय पुलिस कर रही है, लेकिन घटना की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय जांच एजेंसी के हस्तक्षेप की मांग लगातार उठ रही है।

## जंगीपुर नगरपालिका के अविश्वास संकट को सुलझाने की कोशिश, तृणमूल कांग्रेस ने बुलाई महत्वपूर्ण बैठक

**मुर्शिदाबाद :** जंगीपुर नगरपालिका में चेयरमैन के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बाद उत्पन्न राजनीतिक गतिरोध को सुलझाने के लिए तृणमूल कांग्रेस ने सक्रिय पहल शुरू कर दी है। पार्टी के राज्य अध्यक्ष सुब्रत बक्सी ने आगामी 8 जुलाई को दोपहर 3 बजे कोलकाता में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में विधायक जाकिर हुसैन, सांसद खलीलुर रहमान, जंगीपुर नगरपालिका के 16 तृणमूल पार्षद और दो नगर अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया है। नगर विकास मंत्री फिरहाद हकीम के भी इस बैठक में उप-स्थित रहने की संभावना है। ज्ञात हो कि 26 जून को जंगीपुर नगरपालिका के चेयरमैन मफिजुल इस्लाम के खिलाफ उन्हीं की पार्टी के पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था। उनके साथ एक बीजेपी और दो कांग्रेस पार्षद भी शामिल थे, जिनमें से एक कांग्रेस पार्षद बाद में तृणमूल में शामिल हो गए। पार्षदों का आरोप था कि चेयरमैन सहयोग नहीं कर रहे हैं और विकास कार्यों में बाधा डाल रहे हैं। स्थिति को संभालने के लिए पार्टी के राज्य उपाध्यक्ष जयप्रकाश मजूमदार ने पार्षदों को संदेश भेजकर बैठक में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में अविश्वास प्रस्ताव को वापस लेने को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। तृणमूल नेतृत्व का यह प्रयास जंगीपुर नगरपालिका में जारी राजनीतिक संकट को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# बारासात में जूता दुकान की निर्माणाधीन इमारत से ठेकेदार का शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बारासात थाना इलाके में एक प्रसिद्ध जूते की दुकान की निर्माणाधीन आवासीय इमारत से एक व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान शुभ्रज्योति धर (उम्र 41) के रूप में हुई है। वह उस इमारत के ठेकेदार के रूप में काम कर रहे थे। यह घटना बुधवार की रात की है। पुलिस ने बताया कि शुभ्रज्योति धर बैरकपुर के नया बस्ती इलाके के निवासी थे और बारासात स्थित उस प्रतिष्ठित जूता कंपनी के नवनिर्माण प्रोजेक्ट में ठेकेदार के रूप में नियुक्त थे। बुधवार की शाम के बाद से जब वह लापता हो गए तो अन्य कर्मचारियों ने उन्हें ढूंढना शुरू किया। बाद में, उनका शव



निर्माणाधीन लिफ्ट के नीचे पड़ा मिला। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के साथ दमकल विभाग और कंपनी के अन्य कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। लिफ्ट के चारों ओर की दीवार को तोड़ शव को बाहर निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए बारासात मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। स्थानीय सूत्रों और पुलिस के अनुसार, शुभ्रज्योति को लोग कॉमरेड नाम से जानते थे। वह लंबे समय से उस जूता कंपनी के लिए बारासात और सोदपुर (उत्तर 24 परगना जिला) में निर्माण कार्यो से जुड़े रहे हैं। इस घटना को लेकर कंपनी के ड्यूटी पर तैनात सु-परवाइज़र उत्पल भादुरी ने दावा किया कि उन्हें मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। शव मिलने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। इस बात को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं कि शुभ्रज्योति वहां कैसे गिरे और यदि यह दुर्घटना थी, तो उस समय वह अकेले क्यों थे? और किसी की नजर उन पर क्यों नहीं पड़ी? मौत के असली कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। बारासात थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और इमारत की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

# मैं रोज दौड़ता हूं लेकिन किसी दौड़ में नहीं हूं : दिलीप घोष



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है। बता दें कि इस पद की दौड़ में वरिष्ठ नेता दिलीप घोष का नाम भी चर्चा में था, लेकिन आखिरकार पार्टी की कमान शमिक भट्टाचार्य के हाथों में सौंप दी गई। इस नियुक्ति के बाद पहली बार दिलीप घोष ने इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से प्रतिक्रिया दी है। गुरुवार की सुबह दिलीप घोष कोलकाता स्थित दुर्गापुर हाउस से सुबह की सैर पर निकले थे। बारिश के कारण वे बार-बार रुकते रहे और एक मिठाई की दुकान के पास कुर्सी डालकर बैठ गए। यहां उन्हें मिठाई खाते हुए भी देखा गया। यहीं बैठे-बैठे उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की और नए अध्यक्ष को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जब मैं पार्टी में आया, तब शमिक भट्टाचार्य पार्टी के प्रदेश महासचिव थे और वे एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी थे। पार्टी दो पद एक साथ नहीं देती, इसीलिए उन्हें तब प्रदेश अध्यक्ष नहीं बनाया गया था। वे लंबे समय से पार्टी के प्रवक्ता रहे हैं और अच्छा बोलते हैं। पार्टी ने माना कि वे संगठन संभाल सकते हैं, इसलिए उन्हें जिम्मेदारी दी गई है। जब उनसे पूछा गया कि वे खुद अध्यक्ष की दौड़ से कैसे बाहर हो गए, तो उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि मैं रोज सुबह 5 बजे दौड़ता हूं, लेकिन किसी दौड़ में शामिल नहीं होता। मैं जिलों में घूम रहा हूं, कार्यकर्ताओं से संपर्क में हूं, यही मेरा काम है।

# बंगाली प्रवासियों के उत्पीड़न के खिलाफ कार्रवाई करें : मनोज पंत

❑ **मुख्य सचिव ने ओडिशा के अपने समकक्ष को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पड़ोसी राज्य ओडिशा में बांग्लादेशी नागरिक होने के संदेह में बंगाल के प्रवासियों को बंधक बनाए जाने की खबरों पर चिंता व्यक्त करने के एक सप्ताह बाद, मुख्य सचिव मनोज पंत ने गुरुवार को अपने ओडिशा समकक्ष को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। पत्र में, कहा गया है कि पश्चिम बंगाल से ओडिशा के विभिन्न हिस्सों में आजीविका के लिए जाने वाले लोगों का लगातार किए जा रहे उत्पीड़न गंभीर चिंता का विषय हैं, पंत ने लिखा कि यह जानकर बहुत दुख हुआ कि उनमें से कई को केवल इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वे बांग्ला बोलते हैं – उनकी मातृभाषा, और उन्हें गलत तरीके से बांग्लादेशी घुसपैठियों के रूप में लेबल किया जा रहा है। यह व्यापक सामान्यीकरण न केवल अनुचित और भेदभावपूर्ण है, बल्कि नागरिकों के लिए बहुत दुखदायी भी है। उन्होंने लिखा है कि बंगाल सरकार को पारादीप के आसपास के क्षेत्रों और जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा, भद्रक, मलकानगिरी, बालासोर और कटक जैसे तटीय जिलों में उचित कानूनी प्रक्रिया के बिना ऐसे व्यक्तियों को हिरासत में लिए जाने की परेशान करने वाली रिपोर्टें मिली हैं। उन्होंने कहा कि इससे भी अधिक चिंत-ाजनक बात यह है कि जब ये लोग आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, बिजली बिल और पीडीएस दस्तावेज सहित वैध पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करते हैं, तब भी उनके दावों को खारिज किया जा रहा है...कई मामलों में, उनसे कई पीढ़ियों पुराने पैतृक भूमि रिकार्ड प्रस्तुत करने के लिए कहा जा रहा है, जो प्रवासी श्रमिकों के लिए एक अनुचित मांग है। उन्होंने लिखा कि बंगाल में सक्षम अधिकारियों की सत्यापन रिपोर्ट के बावजूद व्यक्तियों की पहचान और नागरिकता की पुष्टि करने के बावजूद, कोई सकारात्मक कार्रवाई या राहत नहीं दी गई है। यह स्थिति तत्काल और संवेदनशील हस्तक्षेप की मांग करती है।

### गोदरेज इंडस्ट्रीज की केमिकल्स यूनिट 750 करोड़ रुपये से अधिक करेगी निवेश

**कोलकाता :** गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड के केमिकल व्यवसाय ने आज अपनी विस्तार योजना के तहत अगले कुछ वर्षों में 750 करोड़ रुपये से अधिक के पूंजीगत निवेश की घोषणा की है। यह निवेश कंपनी के उस लक्ष्य की दिशा में है, जिसके तहत वह वर्ष 2030 से पहले 1 अरब अमेरिकी डॉलर का वैश्विक व्यवसाय बनना चाहती है। कंपनी पहले ही कई परियोजनाओं पर काम शुरू कर चुकी है। गोदरेज इंडस्ट्रीज (केमिकल्स) के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विशाल शर्मा ने कहा, लगातार दो अंकों की वॉल्यूम और रेवेन्यू ग्रोथ हासिल करते हुए गोदरेज केमिकल्स के लिए यह एक बेहद उत्साहजनक समय है। हमारी आर एंड डी और कमर्शियल टीमों में किए गए ये भारी निवेश टिकाऊ संचालन और हरित उत्पादों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## शमिक भट्टाचार्य के अभिनंदन समारोह के दौरान तमघ्नो घोष को पड़ा दिल का दौरा, अस्पताल में भर्ती

❑ **जिला भाजपा अध्यक्ष के अचानक अस्वस्थ होने से कार्यक्रम स्थल पर मची अफरातफरी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल भाजपा के नए अध्यक्ष चुने गए शमिक भट्टाचार्य के गुरुवार को कोलकाता के साइंस सिटी में अभिनंदन समारोह के दौरान मंच पर उस वक्त अफरातफरी मच गई जब उत्तर कोलकाता जिला भाजपा के अध्यक्ष तमघ्न घोष अचानक अस्वस्थ हो गए। पार्टी सूत्रों के अनुसार, घोष को दिल का दौरा पड़ा और उन्हें तुरंत ईएम बाइपास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह घटना दोपहर में अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम शुरू होने के कुछ देर बाद ही घटी। हालांकि तब तक पूर्व केंद्रीय मंत्री व प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के केंद्रीय प्रभारी रविशंकर



प्रसाद ने भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य को प्रमाण पत्र नहीं सौंपा था। उसी समय अचानक उत्तर कोलकाता भाजपा के जिलाध्यक्ष तमघ्न घोष को खचाखच भरे मंच पर दिल का दौरा पड़ा। तत्काल पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भाजपा के संगठन महासचिव अमिताभ चक्रवर्ती की कार से उन्हें अस्पताल पहुंचाया। भाजपा सूत्रों ने बताया कि फिलहाल उनकी हालत स्थिर है।

# हावड़ा मंडल ने कचरा प्रबंधन में जागरूकता और पृथक्करण तकनीक पर सफल प्रशिक्षण दिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने स्वच्छ और टिकाऊ रेलवे पारिस्थितिकी तंत्र की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए कचरा प्रबंधन में स्रोत-स्तर पृथक्करण (सोर्स सेग्रीगेशन) पर एक वृहद ओरिएंटेशन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम गार्बेज फ्री इंडिया संगठन के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य रेलवे स्टेशनों, पटरियों और परिसरों को कचरा-मुक्त बनाने की भारतीय रेल की व्यापक दृष्टि को साकार करना है। इस प्रशिक्षण में हावड़ा मंडल के तहत सात रेलवे कॉलोनियों और आसपास के क्षेत्रों से 50 फ्रंटलाइन कचरा प्रबंधन कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मकसद कर्मचारियों को कचरा पृथक्करण की




प्रभावी तकनीकों से अवगत कराना और स्वच्छता के स्तर को बेहतर बनाना था। प्रशिक्षण सत्र में परिचय दौर, कल्पना-आधारित गतिविधियां, खुले संवाद, प्रशिक्षण से पहले और बाद के मूल्यांकन, वीडियो आधारित लर्निंग मॉड्यूल और चार-बिन स्रोत पृथक्करण मॉडल का लाइव डेमो शामिल रहा। प्रशिक्षण का खास आकर्षण सेग्रीगेशन गेम रहा, जिसमें खेल के माध्यम से कचरा प्रबंधन की सर्वोत्तम प्रथाओं को मजेदार तरीके से सिखाया गया। कार्यक्रम की उल्लेखनीय उपलब्धि 100% उपस्थिति रही, जिससे कर्मचारियों की जिम्मेदारी और समर्पण का परिचय मिला। यह पहल हावड़ा मंडल के जीरो-वेस्ट रेलवे तंत्र के प्रति संकल्प को और मजबूत करती है।

### राज्य के सभी सरकारी कॉलेजों की संचालन समितियों का कार्यकाल छह महीने बढ़ा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी कॉलेजों की संचालन समितियों का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से बुधवार को एक आधिकारिक निर्देशिका जारी की गई, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि संचालन समितियों का कार्यकाल अब 31 दिसंबर तक मान्य रहेगा। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार, यह निर्णय कॉलेजों के प्रशासनिक संचालन को स्थिर बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। सभी संबंधित कॉलेजों को इस फैसले की सूचना भेज दी गई है ताकि वे आवश्यकतानुसार योजना तैयार कर सकें।

### नशे की हालत में कॉलेज प्राचार्य को पीटने का मामला, शिकायत दर्ज

**कोलकाता :** चापड़ा सरकारी महाविद्यालय के प्राचार्य शुभाशीष पांडा के साथ नशे की हालत में मारपीट का आरोप एक स्थानीय व्यक्ति पर लगा है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब प्राचार्य ने पर्यावरण जागरूकता के लिए कॉलेज के आसपास के गांवों में लगाए गए पोस्टरों को फाड़ने के विरोध में आरोपी से बातचीत की। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने प्राचार्य को गालियां देते हुए बुरी तरह से पीटा। इस घटना के बाद प्राचार्य के सहयोगियों ने उन्हें बचाकर अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। प्राचार्य ने चापड़ा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, शिकायत के बावजूद आरोपी अभी भी खुलेआम घूम रहा है और पुलिस ने उसे अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है। आरोपी ने स्वीकार किया है कि वह नशे की हालत में था और इस घटना के लिए उसने माफी मांगी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कटवा में अदालत से लौट रही महिला से सामूहिक दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार

**पूर्व वर्दवान :** पूर्व वर्दवान जिले के कटवा में बुधवार रात एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार, महिला अपने पति के साथ एक अदालती मामले के सिलसिले में कटवा अदालत गई थी और लौटते समय यह वारदात हुई। पुलिस की तत्-परता से दोनों आरोपियों को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि 24 वर्षीय पीड़िता अदालत से काम निपटाकर पति के साथ बस से घर लौट रही थी। इसी दौरान रात करीब साढ़े आठ बजे एक पोल्ट्री फार्म के पास दुलाल शेख और बजरुल शेख ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि दोनों



ने उसे जबरन खेत की ओर खींचकर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया और मारपीट की। वारदात के बाद आरोपी महिला को छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद, कटवा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की जांच जारी है।

# बुआ की बेटी की शादी में आए दो बच्चों की पानी में डूबकर मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** बुआ की बेटी की शादी में आए दो बच्चों की पानी में डूबकर मौत हो गयी। मृतकों की पहचान आदिल मंडल (8) और बेटी रिया मंडल (10) के रूप में की गई है। वे रिश्ते में भाई-बहन थे। यह घटना गुरुवार की दोपहर बशीरहाट के बिथारी हकीमपुर ग्राम पंचायत के उत्तरपाड़ा इलाके में हुई। घटना से इलाके में मातम छा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उत्तरपाड़ा इलाके के निवासी मोफिजुल सरदार का परिवार अपनी बेटी की शादी में शामिल होने बनगांव के गोपालनगर से आया था। उनके साथ उनका बेटा आदिल मंडल (8) और बेटी रिया मंडल (10) भी आए थे। शादी के कारण सभी अपने-अपने काम में व्यस्त थे। परिवार के एक सदस्य ने कहा कि इस कारण बच्चों पर नजर रखना संभव नहीं हो पाया था। उसी समय दो बच्चे सबकी नजर से बचकर पास के तालाब में गिर गए।



माना जा रहा है कि उसी समय वे डूब गए। काफी देर तक आदिल और रिया को न देखने पर उनकी दादी ने सभी को मामले की जानकारी दी। पहले तो सभी को लगा कि बहन-भाई पास में ही खेल रहे होंगे। लेकिन, काफी देर तक दोनों नहीं दिखे तो खोजबीन शुरू की गई। तभी, परिजनों ने घर के पास ही पानी में बहन-भाई को तैरते देखा। आनन-फानन में उन्हें निकालकर स्वरूपनगर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से पूरे इलाके में मातम छा गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### बिष्णुपुर में तालाब में डूबकर बच्ची की मौत

**बांकुड़ा :** जिले के बिष्णुपुर थाना अंतर्गत राधानगर गांव में गुरुवार को घर के पास स्थित तालाब में डूबकर एक बच्ची की मौत हो गई। मृतका की पहचान सुप्रिया बाउरी (03) के रूप में की गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह में तीन साल की सुप्रिया अपने घर के आंगन में परिवार के एक सदस्य के साथ खेल रही थी। उसी समय अचानक सबकी नजरों से बचते हुए, बच्ची घर के बगल में स्थित तालाब के पास चली गई। जब परिवार का सदस्य घर लौटा तो उसे सुप्रिया नहीं मिली और उसने खोजबीन शुरू की। उसी समय परिवार के सदस्यों ने बच्ची को घर के पास स्थित तालाब में डूबते देखा। बच्ची को आनन-फानन में तालाब से निकाला गया और स्थानीय राधानगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मालदह में आवासीय विद्यालय में नाबालिग छात्र की रहस्यमय मौत

**मालदह :** मालदह जिले के मानिकचक थाने इलाके में स्थित आवासीय विद्यालय में एक नाबालिग की रहस्यमय मौत से हड़कंप मच गया। परिजनों का दावा अधिकारियों के अत्याचार के कारण उसकी मौत हुई है। घटना को लेकर इलाके में काफी हंगामा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों और अन्य छात्रों के अभिभावकों ने घटना की जांच की मांग की है। पता चला है कि मृतक छात्र की उम्र 13 साल है। वह मालदह के भुटनी का निवासी था। वह मानिकचक स्थित एक निजी आवासीय विद्यालय में पढ़ता था। छात्र करीब तीन साल से वहां रह रहा था। जानकारी के अनुसार, गत बुधवार की देर रात नाबालिग का फंदे से लटका शव उसके घर से बरामद किया गया। खबर मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजन रात में ही स्कूल पहुंचे। इसके बाद, उन्होंने दावा किया कि अधिकारी उनके बच्चे को अकल्पनीय यातनाएं देते थे। इसी कारण वह छुट्टी में घर नहीं लौटना चाहता था। आरोप है कि उसी यातना के कारण उसकी मौत हुई है। इधर, छात्र की मौत की घटना की जानकारी मिलते ही गुरुवार की सुबह से ही स्कूल के अन्य छात्रों के अभिभावक मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटना की समुचित जांच की मांग की। इस बीच, मानिकचक थाने की पुलिस ने मौत की जांच के सिलसिले में स्कूल के प्रधानाध्यापक व प्रधानाध्यापक साजिर हुसैन को तलब किया और उनसे लगातार पूछताछ कर रही है। दूसरी तरफ, अधिकारियों का दावा है कि प्रताड़ना के कारण मौत के आरोप निराधार हैं।

### बच्चों ने दिखाया भारतीय परंपरा का जीवंत स्वरूप

**कोलकाता :** संस्कृति परिचय, नेक्स्ट सीन्स और रोटरी क्लब बेलूर के सहयोग से आयोजित स्टेज परिचय 2025 में बच्चों ने नाट्य, कथाकथन और भारतीय संस्कृति की भावनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का दिल जीत लिया। 4 से 14 वर्ष के बच्चों द्वारा गाए गए संस्कृत श्लोकों से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसने रोटरी सदन को आध्यात्मिकता से भर दिया। शुभा चुड़ीवाल, संस्थापक, संस्कृति परिचय ने कहा, यह मंच बच्चों के आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम को प्रोत्साहित करने का माध्यम है। कर्तिकेय त्रिपाठी, संस्थापक एवं सीईओ, नेक्स्ट सीन्स ने कहा, रंगमंच बच्चों को जीवन में भी अपनी आवाज़ खोजने में मदद करता है। स्टेज परिचय बच्चों की सीखने की यात्रा भी है आत्मविश्वास, संचार कौशल और सांस्कृतिक जुड़ाव का सशक्त माध्यम।

## न्यूज इन ब्रीफ

### उप्र मंत्रिमंडल ने 4,775 करोड़ रुपये के एक्सप्रेसवे को मंजूरी दी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए एक नियंत्रित पहुंच वाले 'ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे' के निर्माण को मंजूरी दे दी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंजूर की गई इस परियोजना का उद्देश्य प्रमुख क्षेत्रीय गलियारों में कनेक्टिविटी को बढ़ाना है। उप्र के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा, ''एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश के उभरते 'एक्सप्रेसवे ग्रिड' का एक अनिवार्य हिस्सा होगा, जो आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे (निर्माणाधीन), बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे जैसे मौजूदा और आगामी गलियारों को जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित एक्सप्रेसवे छह लेन (आठ तक विस्तार योग्य) में बनाया जाएगा, जिसकी लंबाई 49.96 किलोमीटर होगी और इसमें इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मॉडल का पालन किया जाएगा।

### पंजाब: फिरोजपुर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एके-47 राइफल, 37 कारतूस बरामद

**फिरोजपुर :** भारत-पाकिस्तान सीमा पर पंजाब के फिरोजपुर के ममदोट क्षेत्र में घोड़ा चक्क गांव के पास एक खेत से एक एके-47 राइफल और 37 कारतूस बरामद किए गए। यहां एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस को संदेह है कि ये हथियार और कारतूस सीमा के उस पार से ड्रोन के जरिए गिराए गए थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) भूपिंदर सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद तलाशी अभियान चलाया गया, जिसके दौरान राइफल और कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि ममदोट थाने में शस्त्र अधिनियम और विमान अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की जांच की जा रही हैं।

### अमृतसर: सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत छह घायल

**अमृतसर :** अमृतसर के तरनत-ारन रोड पर बृहस्पतिवार को क्षमता से अधिक सवारी लेकर जा रहे ऑटो-रिक्शा की कार से टक्कर हो जाने के कारण चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मनिंदर सिंह ने बताया कि टक्कर के कारण ऑटो-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चार लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के समय ऑटो-रिक्शा में नौ लोग सवार थे। घायलों में 13 और 12 वर्ष के दो बच्चे तथा तीन महिलाएं शामिल हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना से कार भी क्षतिग्रस्त हो गई और उसका चालक भी घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार में एकमात्र चालक ही सवार था।

### उप्र सरकार ने भाषा संस्थान के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 58 से बढ़ाकर 60 वर्ष कर दी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 58 से बढ़ाकर 60 वर्ष करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। यहां जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि उप्र भाषा संस्थान भाषा विभाग के तहत एक स्वायत्त संस्थान है और इसके कर्मचारी लगातार अपनी सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने की मांग कर रहे थे। खन्ना ने कहा, ''इसी विभाग के तहत अन्य स्वायत्त संस्थान पहले ही सेवानिवृत्ति की संशोधित 60 वर्ष की उम्र सीमा को पहले ही लागू कर चुके हैं।

# झारखंड के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध : गडकरी

**गढ़वा (झारखंड) :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र झारखंड के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य में दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं लागू की जाएंगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि खनिज संसाधनों से समृद्ध झारखंड में राजमार्ग क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास होगा। उन्होंने यहां जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं झारखंड के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं लोगों को राज्य में दो लाख करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के क्रियान्वयन का आश्वासन देता हूं।'' गडकरी ने कहा, ''हमने राज्य में 40,000 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय




राजमार्ग परियोजनाएं पूरी की हैं। वर्तमान में हम 70,000 करोड़ रुपये की लागत वाली राजमार्ग परियोजनाओं को लागू कर रहे हैं, जबकि 75,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं।'' उन्होंने कहा कि 36 हजार करोड़ रुपये की लागत से वाराणसी-रांची-कोलकाता हरित गलियारे (ग्रीनफील्ड कॉरिडोर) का काम मार्च 2028 तक पूरा हो जायेगा जबकि जनवरी, 2028 तक 12,800 करोड़ रुपये की लागत से रांची-वाराणसी आर्थिक गलियारा बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली-कोलकाता के बीच 31,700 करोड़ रुपये की लागत से छह लेन वाली कॉरिडोर परियोजना का काम जून 2026 तक पूरा हो जायेगा। गडकरी ने कहा कि 8,900 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा चार लेन का रांची-पटना आर्थिक गलियारे का काम दिसंबर 2029 तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 16,500 करोड़ रुपये की लागत से रायपुर-धनबाद आर्थिक गलियारा जनवरी 2028 तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इन सभी परियोजनाओं से यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। गडकरी ने 6,000 करोड़ रुपये की रांची रिंग रोड परियोजना की भी घोषणा की और कहा कि इस पर एक विस्तृत रिपोर्ट जल्द ही जारी की जाएगी।

### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में सोशल मीडिया का दुरुपयोग फैशन बन गया है: अदालत

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री और भारतीय सेना के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोपी व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा है कि लोगों के कुछ समूहों के बीच अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में सोशल मीडिया का दुरुपयोग करना एक फैशन बन गया है। न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने बुधवार को अशरफ खान नाम के व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि संविधान के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी है, लेकिन यह इस हद तक नहीं है कि कोई उच्च गणमान्य व्यक्तियों का अपमान करे और नागरिकों के बीच सौहार्द बिगाड़े। अदालत ने कहा कि उच्च गणमान्य व्यक्तियों के खिलाफ निराधार आरोप लगाकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में सोशल मीडिया का दुरुपयोग करना कुछ लोगों के समूहों के बीच एक फैशन बन गया है।

## बिहार के राज्यपाल ने पटना विश्वविद्यालय के कॉलेजों में लॉटरी से प्राचार्यों की नियुक्ति का बचाव किया

**पटना :** पटना विश्वविद्यालय के पांच कॉलेजों में एक अभूतपूर्व कदम के तहत लॉटरी के जरिए प्राचार्यों की नियुक्ति किए जाने का बचाव करते हुए बिहार के राज्यपाल एवं




विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान ने बृहस्पतिवार को कहा कि एक ऐसी प्रणाली अपनाई गई है जिसमें प्राचार्य की नियुक्ति व्यक्तिगत पसंद-नापसंद से निर्देशित नहीं होती। विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार की अधिसूचना के अनुसार, नए प्राचार्यों की नियुक्तियां बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (बीएसयूएससी) की अनुशंसा पर की गई हैं। बुधवार को विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कॉलेजों में प्राचार्य के रूप में नियुक्त किए गए लोगों में नागेंद्र प्रसाद वर्मा (मगध महिला कॉलेज), अनिल कुमार (पटना कॉलेज), अलका (पटना साइंस कॉलेज), सुहेली मेहता (वाणिज्य महाविद्यालय) और योगेंद्र कुमार वर्मा (पटना लॉ कॉलेज) शामिल हैं। राज्यपाल खान ने संवाददाताओं से कहा, ''हमने एक ऐसी प्रणाली अपनाई है जिसमें प्राचार्य की नियुक्ति व्यक्तिगत पसंद और नापसंद से निर्देशित नहीं होती...।'' राजभवन के सूत्रों ने पुष्टि की कि राज्यपाल-सह-कुलाधिपति ने विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्राचार्यों की नियुक्ति में अनियमितताओं की पिछली शिकायतों के मद्देनजर लॉटरी प्रणाली के उपयोग का निर्देश दिया।

## झारखंड : करीब एक करोड़ रुपये के गहने लूटने के मामले में दो बदमाश गिरफ्तार

**जमशेदपुर (झारखंड) :** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले से एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के आभूषण कथित तौर पर लूटने के दो आरोपियों को पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बदमाशों ने 30 जून को 70 वर्षीय जौहरी अरुण कुमार नंदी के चाकुलिया स्थित घर से सोने के गहने और नकदी लूट ली थी और पश्चिम बंगाल की ओर भाग गए थे। इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ऋषभ गर्ग की देखरेख में अनुमंडल पुलिस अधिकारी (घाटशिला) के नेतृत्व में एक विशेष दल का गठन किया गया, ताकि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गर्ग ने कहा कि टीम ने पश्चिम बंगाल के अपने समकक्षों के साथ झाड़ग्राम जिले में संयुक्त रूप से छापेमारी की और मंगलवार को जाम्बोनी थाने के तहत आने वाले पोरहाटी के बड़ा बंशोल के पास मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों को रोकने की कोशिश की। एसपी ने बताया कि पुलिस को देखकर तीनों ने मोटरसाइकिल छोड़कर भागने की कोशिश की लेकिन वे सफल नहीं हुए।

## 'इंडिया' गठबंधन ने बिहार चुनाव में अपनी निश्चित हार का बहाना पहले ही ढूंढना शुरू कर दिया: चिराग

**पटना :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बृहस्पतिवार को कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन ने बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों में अपनी ''निश्चित हार'' के लिए ''बहाने तलाशने'' शुरू कर दिए हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष ने यह टिप्पणी उस समय की जब संवाददाताओं ने उनसे राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और वामपंथी दलों के गठबंधन की ओर से निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के आदेश के खिलाफ किए जा रहे विरोध पर प्रतिक्रिया मांगी। चिराग ने कहा, ''विपक्षी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' जानता है कि वह बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के



सामने टिक नहीं सकता, जहां हम एक विजयी गठबंधन हैं। इसलिए उसने नवंबर में होने वाली हार के लिए पहले से ही बहाने तलाशने शुरू कर दिए हैं।'' उन्होंने दावा किया, ''मैं राजद के झांसे को बेनकाब करना चाहूंगा, जो 2020 में सबसे अधिक सीटें जीतने पर गर्व करता है। इसने उन अधिकांश सीटों पर जीत हासिल की थी, जहां हमने आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ अपने उम्मीदवार उतारे थे। इस बार चीजें अलग हैं और विपक्ष के पास कोई मौका नहीं है।'' चिराग पासवान उस समय अपने दिवंगत पिता रामविलास पासवान द्वारा स्थापित लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख थे और पिछले विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ बगावत कर दी थी। उनकी बगावत की वजह से नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू)की सीटों की संख्या में भारी कमी आई थी। हाजीपुर से लोकसभा सदस्य चिराग राजभवन के बाहर संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। वह यहां इस सप्ताह के अंत में आयोजित एक समारोह के लिए बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को आमंत्रित करने आए थे।

## दुबई में फंसे 15 मजदूर जल्द ही झारखंड लौटेंगे: झारखंड सरकार

**रांची :** दुबई में कंपनी की तरफ से कथित तौर पर वेतन का भुगतान नहीं किए जाने के कारण फंसे झारखंड के 15 मजदूर जल्द ही राज्य लौट आएंगे। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मजदूरों ने वीडियो संदेश के माध्यम से झारखंड सरकार से राज्य में वापसी के लिए मदद मांगी थी। आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद गिरिडीह, हजारीबाग और धनबाद से (संबंध रखने वाले) सभी मजदूरों को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। श्रमिकों ने अपने संदेश में दावा किया कि उन्हें महीनों से वेतन नहीं मिला है। उन्होंने सरकार से कहा, बार-बार अनुरोध के बावजूद कंपनी कोई वित्तीय सहायता नहीं दे रही है। हम जिन घरों में रह रहे हैं, वहां पानी की आपूर्ति बकाया किराये के कारण बंद हो गई है। हम स्वदेश लौटना चाहते हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, यह सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग और राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को श्रमिकों की सुरक्षित वापसी तथा उनके बकाया वेतन के भुगतान की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप, राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने विदेश मंत्रालय, भारत सरकार और अबू धाबी में स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क करके श्रमिकों के लिए भोजन, पानी और आवश्यक दैनिक सहायता की तत्काल व्यवस्था करने का अनुरोध किया।

## स्कूलों का विलय: उच्च न्यायालय ने सरकार को पूरे तथ्यों के साथ जवाब देने को कहा

**लखनऊ :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश सरकार से सवाल किया कि क्या उसने राज्य में प्राथमिक विद्यालयों के 'विलय' का निर्णय लेने से पहले कोई सर्वेक्षण कराया था। अदालत की लखनऊ पीठ ने कहा कि यदि कोई सर्वेक्षण कराया गया था तो उसकी रिपोर्ट पेश की जाए। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सीतापुर की कृष्णा कुमारी और 50 अन्य की ओर से दायर याचिका पर आदेश पारित करते हुए यह भी कहा कि सरकार विलय के खिलाफ याचिका पर पूरी तैयारी और तथ्यों के साथ अपना पक्ष रखे। इसके लिए अदालत ने सुनवाई शुक्रवार तक के लिए टाल दी। अदालत ने सरकार की ओर से पेश हुए वकीलों को चेतावनी दी कि वह शुक्रवार को मामले की सुनवाई और आगे नहीं टालेगी। अदालत ने कहा कि अगर शुक्रवार को भी सरकार का पक्ष पूरी तैयारी और तथ्यों के साथ पेश नहीं किया गया तो वह उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगा सकती है। यह याचिका बुधवार को सुनवाई के लिए पेश की गई थी लेकिन सरकारी वकीलों ने बहस के लिए बृहस्पतिवार तक का समय मांगा था। इससे पहले, याचिकाकर्ताओं के वकील एल. पी. मिश्रा और गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि राज्य सरकार का प्राथमिक स्कूलों के परस्पर विलय का 16 जून का फैसला मनमाना और अवैध है। याचिका में कहा गया कि संविधान के अनुच्छेद 21-ए के तहत प्रदत्त शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने साल 2009 में मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम पारित किया था। इसके तहत छह से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा अनिवार्य कर दी गई है। इस संवैधानिक अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के तहत राज्य में बड़ी संख्या में प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना की। याचिका के मुताबिक, कानून की मंशा के अनुरूप शिक्षा का संवैधानिक अधिकार देने के लिए एक किलोमीटर के दायरे में हर 300 की आबादी पर विद्यालय स्थापित किए गए और अब सरकार प्रशासनिक आदेश के जरिए बड़ी संख्या में उक्त विद्यालयों को विलय करके बंद कर रही है।

## बिहार : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गंगा के जलस्तर में वृद्धि का निरीक्षण किया

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को पटना के विभिन्न घाटों पर गंगा के जलस्तर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सतर्कता बरतने तथा किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति का आकलन करने के लिए जेपी सेतु, दीघा घाट, कृष्णा घाट और गांधी घाट का दौरा किया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान में कहा गया, ''मुख्यमंत्री ने जेपी सेतु के पास स्थिति का आकलन किया, जहां गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से जलस्तर में और वृद्धि होने



पर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा।'' हाल ही में हुई बारिश के कारण मनेर, दीघा घाट, गांधी घाट, हाथीदह और अन्य स्थानों पर गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। हालांकि, पटना के अधिकांश हिस्सों में गंगा अब भी खतरे के निशान से नीचे बह रही है। पिछले दो-तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण राज्य में नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है।

## जौनपुर: दोहरा हत्याकांड मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह समेत सभी आरोपी बरी

**जौनपुर (उप्र) :** जौनपुर की एक स्थानीय अदालत ने दो लोगों की हत्या से जुड़े 15 साल पुराने एक मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया। शासकीय अधिवक्ता लालबहादुर पाल ने बताया कि जौनपुर के केराकत थाना क्षेत्र के बेलाव घाट पर ठेकेदारी के विवाद को लेकर एक अप्रैल 2010 की सुबह संजय निषाद व नंदलाल निषाद नामक व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में तत्कालीन सांसद धनंजय सिंह, आशुतोष सिंह तथा पुनीत सिंह सहित पांच लोगों को आरोपी बनाया गया था। हालांकि, पुलिस ने सभी को क्लीन चिट दे दी थी। बाद में सीबीसीआईडी ने जांच के बाद आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था। पाल ने बताया कि विशेष सांसद-विधायक अदालत के न्यायाधीश सादिक सिद्दीकी ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पूर्व सांसद धनंजय सिंह समेत मामले के सभी आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत का फैसला आने के बाद धनंजय सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि इस मामले में उन्हें राजनीतिक रंजिश के तहत फंसाया गया था। मगर उन्हें न्यायपालिका पर भरोसा था। इस मामले में दोषमुक्त होने पर उन्होंने न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्व सांसद ने कहा कि घटना के समय वह बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद थे। इस घटना की दो बार सीबीसीआईडी जांच हुई थी। जांच में और अन्य प्रक्रिया में उन्हें निर्दोष पाया गया था। आज आये फैसले के जरिये न्यायालय ने उनकी दोषमुक्ति पर मुहर लगा दी है।

## सब्जी में 'नमक ज्यादा' होने पर पति ने गर्भवती पत्नी को मारा थप्पड़, मौत

**एटा (उप्र) :** एटा से सटे कासगंज जिले में कथित रूप से सब्जी में नमक ज्यादा हो जाने से नाराज एक व्यक्ति ने सीढ़ी पर खड़ी अपनी गर्भवती पत्नी को थप्पड़ मार दिया जिससे असंतुलित होकर नीचे गिरने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने यह जानकारी देत हुए कहा कि पीड़ित की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने बृहस्पतिवार को बताया कि ढोलना थाना क्षेत्र के नगला ढक गांव में रामू नामक व्यक्ति ने बुधवार को कथित रूप से सब्जी में नमक ज्यादा होने से नाराज होकर अपनी पत्नी ब्रजबाला (26) को थप्पड़ मार दिया। उन्होंने कहा कि पीड़िता घटना के वक्त सीढ़ी पर खड़ी थी और थप्पड़ मारे जाने से लड़खड़ाकर नीचे गिरने के कारण वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी। उन्होंने बताया कि पांच महीने की गर्भवती ब्रजबाला को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। भारती ने बताया कि घटना के बाद आरोपी पति रामू गांव से फरार हो गया। वह गांव के बाहर एक मकान में छिपा था जहां से ग्रामीणों ने उसे पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। उसके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

## सपा विधायक सुधाकर सिंह को भगोड़ा घोषित करने का आदेश बरकरार

**मऊ (उप्र) :** मऊ की एक विशेष सांसद/विधायक अदालत ने घोसी सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक सुधाकर सिंह को करीब चार दशक पुराने एक आपराधिक मामले में भगोड़ा घोषित करने के जिला अदालत के आदेश को बृहस्पतिवार को बरकरार रखा। इस मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी। सिंह के वकील वीरेंद्र बहादुर पाल ने बताया कि विशेष सांसद/विधायक अदालत ने वर्ष 1986 में बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन के दौरान सरकारी काम में बाधा डालने और तोड़फोड़ करने के मामले में मऊ जिला अदालत द्वारा 25 जुलाई 2023 को भगोड़ा घोषित किये जाने के आदेश को बरकरार रखा है। उन्होंने बताया कि शुरू में मामले की सुनवाई आजमगढ़ जिला अदालत में चल रही थी, जहां सिंह को जमानत मिल गई थी। साल 1989 में मऊ को एक अलग जिला बनाए जाने के बाद मामले की फाइल मऊ जिला अदालत में स्थानांतरित कर दी गयी थी। अदालत ने सिंह को 25 जुलाई 2023 को औपचारिक रूप से भगोड़ा घोषित कर दिया था। पाल ने बताया कि विधायक चुने जाने के बाद सिंह ने चार जून 2024 को जिला न्यायाधीश के समक्ष निगरानी याचिका दायर की थी। इसके बाद मामले को आगे की कार्यवाही के लिए सांसद/विधायक अदालत में भेज दिया गया था। पाल के मुताबिक, उन्होंने अदालत में तर्क दिया था कि गिरफ्तारी वारंट ठीक से तामील नहीं हुआ और उनके मुवक्किल को अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किये जाने के आदेश की जानकारी नहीं थी। इसके बाद उन्होंने भगोड़ा घोषित किये जाने के आदेश को रद्द करने के लिए याचिका दायर की। पाल ने बताया कि सरकारी वकील राजेश पांडेय ने कहा कि सिंह को कानूनी कार्यवाही की पूरी जानकारी थी और उन्होंने आदेश के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में दो हजार रुपये का जुर्माना जमा कर दिया है।

## बिहार: पुलिस ने 'देह व्यापार' में धकेली गईं और 'शोषण' की शिकार 271 लड़कियों को मुक्त कराया

**पटना :** बिहार पुलिस ने पिछले छह महीनों में राज्य के विभिन्न जिलों में तलाश अभियान चलाकर 271 लड़कियों को मुक्त कराया है, जिनका ''शोषण किया जा रहा था और देह व्यापार के लिए मजबूर किया गया था।'' अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान कथित तौर पर बंधुआ मजदूरी के लिए मजबूर किये गए कुल 506 लड़कों को भी मुक्त कराया गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि मुक्त कराई गईं 153 लड़कियों का शोषण किया जा रहा था और उन्हें ऑर्केस्ट्रा समूह में नाचने के लिए मजबूर किया जाता था, जबकि 118 लड़कियों को जनवरी 2025 से देह व्यापार के लिए मजबूर किया गया था। पुलिस ने इस सिलसिले में अब तक 23 महिलाओं समेत 191 लोगों को गिरफ्तार किया है। बयान में कहा गया है, ''रोहतास, सीवान, सारण, बेतिया, गोपालगंज और बेगूसराय में पुलिस और एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) के सदस्यों द्वारा संयुक्त तलाश के बाद नाबालिग लड़कियों और लड़कों को मुक्त कराया गया। मुक्त कराई गईं लड़कियों में से ज्यादातर नेपाल, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, असम, ओडिशा, दिल्ली, पंजाब और मध्यप्रदेश की रहने वाली हैं।'' इसमें कहा गया है कि ''लड़कियों को जबरन देह व्यापार में धकेलने'' के लिए विभिन्न जिलों में कम से कम 231 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं और ''ऑर्केस्ट्रा समूहों में जबरन नृत्य कराने और शोषण करने के संबंध में 14 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं।

## अखिलेश ने आजमगढ़ में सपा के नए कार्यालय का किया उद्घाटन, मुलायम-कांशीराम की एकता को याद किया

**आजमगढ़ (उप्र) :** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव और बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम के बीच ऐतिहासिक एकता का जिक्र करते हुए कहा कि यह सामाजिक न्याय के लिए वैचारिक गठबंधन की शक्ति को दर्शाता है। आजमगढ़ में पार्टी के नए आवास और कार्यालय परिसर के उद्घाटन के अवसर पर अखिलेश ने भीड़ में मौजूद एक युवा पार्टी कार्यकर्ता द्वारा दिखाई गई तस्वीर का जिक्र किया। उन्होंने कहा, उस तस्वीर में नेताजी (मुलायम सिंह यादव) और कांशीराम एक साथ थे। सोचिए वह समय कितना महत्वपूर्ण



था - जब दो विचारधाराएं एक साथ खड़ी थीं। दलित नेता कांशीराम और मुलायम सिंह यादव ने 1990 के दशक की शुरुआत में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ हाथ मिलाया था, जो उस समय अपने उत्कर्ष पर थी। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश में पार्टी की मौजूदगी के रणनीतिक विस्तार को चिह्नित करते हुए अखिलेश ने कहा कि आजमगढ़ का उनके पिता मुलायम सिंह से विशेष भावनात्मक जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा, ''आजमगढ़ जिस तरह का प्यार और सम्मान देता है, वह दुर्लभ है। नेताजी का इस जगह से गहरा भावनात्मक जुड़ाव था और यहां के लोग हमेशा उनके साथ खड़े रहे।'' अपने राजनीतिक सफर पर विचार करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''मेरे जीवन का एक चौथाई हिस्सा राजनीति में बीता है। मुझे याद है कि कैसे आजमगढ़ के लोगों ने चुनावों में नेताजी की जीत सुनिश्चित की थी।''

### लखनऊ को मिलेगा आधुनिक एकीकृत सिटी बस टर्मिनल, मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को एक एकीकृत सिटी बस टर्मिनल मिलेगा। राज्य मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को इससे संबंधित प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक, प्रदेश मंत्रिमंडल ने लखनऊ के पी-4 पार्किंग वृन्दावन योजना में 380 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली एकीकृत सिटी बस टर्मिनल और कॉमर्शियल जोन के विकास के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अधिकारियों के अनुसार, लगभग सात एकड़ क्षेत्र में विकसित की जाने वाली इस परियोजना के पूरा हो जाने से शहरी गतिशीलता बेहतर होगी, यातायात जाम कम होगा और नागरिकों को आधुनिक और सुविधायुक्त परिवहन सेवायें मिलेंगी।

## लखनऊ, पुणे, इंदौर नगर निगमों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शहरी निकायों के रूप में मिली मान्यता

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान बृहस्पतिवार को लखनऊ, पुणे और इंदौर नगर निगमों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शहरी स्थानीय निकायों के रूप में मान्यता दी गई। गुरुग्राम के मानेसर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में, इन शहरों के जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने अन्य राज्यों के समकक्षों के साथ अपनी उन सर्वोत्तम कार्य प्रणाली को साझा किया, जिससे नवीन शहरी विकास रणनीतियों के सहयोगात्मक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिला। लखनऊ ने अपशिष्ट संग्रहण के लिए डीजल या पेट्रोल से चलने वाले वाहनों के स्थान पर ई-वाहनों के उपयोग, उच्च क्षमता वाले अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्रों की स्थापना और डंपिंग स्थलों (कूड़ा डालने वाले स्थलों) को राष्ट्रीय प्रेरणा केंद्रों में बदलने जैसी पहल को रेखांकित किया। इसी तरह, मध्यप्रदेश के इंदौर नगर निकाय ने जीपीएस से लैस कचरा संग्रहण वाहन, 'सफाई मित्र' कार्यबल और स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सार्वजनिक भागीदारी की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम को संबोधित करने वाले गणमान्य व्यक्तियों में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण शामिल थे। लखनऊ की महापौर सुषमा खरकवाल ने कहा कि लगभग 50 लाख की आबादी के बावजूद उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ शून्य अपशिष्ट शहर के रूप में उभरी है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### झांसी में पुलिसकर्मी के टीटीई से मारपीट करने के बाद संगठन ने चिंता जतायी

**नयी दिल्ली :** झांसी डिवीजन के ललितपुर स्टेशन पर टिकट दिखाने के लिए कहने पर उत्तर प्रदेश राजकीय रेलवे पुलिस के एक हेड कांस्टेबल द्वारा एक ट्रेन टिकट निरीक्षक (टीटीई) के साथ कथित तौर पर मारपीट के बाद टीटीई संघ ने बृहस्पतिवार को सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की। भारतीय रेलवे टिकट निरीक्षक कर्मचारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया, ''यह घटना 30 जून को हुई जब हेड कांस्टेबल संदीप कुमार अपने परिवार के साथ बिना टिकट के हीराकुंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे थे। टीटीई ने उनसे टिकट दिखाने को कहा, जिसके बाद संदीप ने टीटीई की पिटाई की और उसे ललितपुर में ट्रेन से उतरने पर मजबूर कर दिया।'' उन्होंने कहा, ''ललितपुर स्टेशन पर संदीप ने अपने अन्य साथियों को भी बुला लिया और उनसे टीटीई की पिटाई करने को कहा।'' सिंह ने कहा, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना टिकट निरीक्षकों के लिए गंभीर सुरक्षा चिंता का विषय है। हम उम्मीद करते हैं कि यदि कोई यात्री टीटीई के साथ दुर्व्यवहार करने की कोशिश करता है तो जीआरपी और आरपीएफ के जवान उन्हें सुरक्षा प्रदान करेंगे।

### इसरो ने आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए उद्योग जगत को 10 प्रौद्योगिकियां हस्तांतरित कीं

**नयी दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में वाणिज्यिक उपयोग के लिए छह भारतीय उद्योगों को आयात पर निर्भरता कम करने के लिए 10 प्रौद्योगिकियां हस्तांतरित की हैं, जिनमें दो जड़त्वीय सेंसर भी शामिल हैं। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) द्वारा सुगम बनाया गया। इसरो की जड़त्वीय प्रणाली इकाई द्वारा विकसित दो उन्नत जड़त्वीय सेंसरों – 'लेजर जाइरोस्कोप' और 'सिरेमिक सर्वो एक्सेलेरोमीटर' की प्रौद्योगिकियों को हैदराबाद आधारित जेटाटेक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित किया गया, जिससे यह विशिष्ट प्रौद्योगिकी प्राप्त करने वाली पहली कंपनी बन गई। जड़त्वीय नौवहन प्रणाली (आईएनएस) परीक्षण, अंशांकन और क्यूए/क्यूटी उपकरण में 25 वर्षों से अधिक की विशेषज्ञता वाली कंपनी जेटाटेक देश में सेंसर का निर्माण करेगी, जिससे आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिल सकती है।

# दिल्ली सरकार पुराने वाहनों पर प्रतिबंध के मुद्दे के समाधान के लिए 'सभी प्रयास' करेगी: गुप्ता



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि नगर सरकार तय मियाद पूरी कर चुके वाहनों पर प्रतिबंध से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए ''सभी संभव प्रयास'' करेगी। गुप्ता ने कहा कि लोगों का इन वाहनों से भावनात्मक रूप से तब वाहनों से जुड़ाव महसूस करते हैं, जब उन्हें कोई करीबी व्यक्ति इन्हें उपहार में देता है। दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे वाहन केवल यादगार होते हैं और अक्सर उन्हें बहुत नहीं चलाया जाता। गुप्ता ने कहा, ''दिल्ली के लोगों का यह दर्द समझा जा सकता है। दिल्ली सरकार इस समस्या के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। जहां भी जरूरत होगी हम लोगों की आवाज उठाएंगे।'' वर्ष 2018 में उच्चतम न्यायालय के एक फैसले में दिल्ली में 10 साल से पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के 2014 के आदेश में सार्वजनिक स्थानों पर 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों की पार्किंग पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। यह नियम एक जुलाई से लागू हुआ है, जिसके तहत पेट्रोल पंपों पर ऐसे वाहनों में ईंधन भरने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस मामले पर गुप्ता ने पिछली सरकारों की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि यह समस्या इसलिए मौजूद है क्योंकि पिछली सरकारों ने वायु प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए कोई कदम नहीं उठाया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि दिल्ली सरकार वायु प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए काम कर रही है और पर्यावरण की रक्षा के लिए विशेषज्ञों से परामर्श कर रही है।

## नेशनल हेराल्ड मामला: ईडी ने अदालत से कहा, यह कानून की दृष्टि से एक सटीक मामला

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली की एक अदालत के समक्ष दलील दी कि यह कानून की दृष्टि से एक सटीक मामला है, जिसमें सभी आरोपियों के खिलाफ धन शोधन का मामला बना है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष आरोपपत्र के संज्ञान पर अपनी दलील जारी रखते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस वी राजू ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी 'यंग इंडियन' के ''लाभकारी मालिक'' थे तथा अन्य शेयरधारकों की मृत्यु के बाद उन्होंने 100 प्रतिशत नियंत्रण हासिल कर लिया। राजू ने कहा, ''ये दोनों अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) को नियंत्रित करते थे। उन्होंने देखा कि एआईसीसी ने 90 करोड़ रुपये का ऋण जारी किया (एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड या एजेएल को, जो 2,000 करोड़ रुपये की कंपनी है और नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र की प्रकाशक है।) इसका मकसद...लक्ष्य 2,000 करोड़ रुपये प्राप्त करना था।'' उन्होंने कहा कि 'यंग इंडियन' के कामकाज के संचालन के लिए गांधी परिवार जिम्मेदार था और यह ''फर्जी लेनदेन'' उनकी सहमति के बिना नहीं किया जा सकता था। अन्य आरोपियों की भूमिका को रेखांकित करते हुए एएसजी ने कहा कि सुमन दुबे 'यंग इंडियन' के निदेशकों में से एक थे, जिन्होंने सोनिया गांधी को 550 शेयर हस्तांतरित किए। राजू ने दलील दी, ''(दुबे द्वारा) शेयरधारिता केवल नाम के लिए थी। वह गांधी परिवार की कठपुतली थे। उनकी मिलीभगत के बिना यह फर्जी लेनदेन नहीं हो सकता था।'' उन्होंने कहा कि आरोपी सैम पित्रोदा ने कंवर्जन पत्र की मांग की थी, डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड ने फर्जी ऋण देकर अपराध की आय अर्जित करने में सहायता की थी और डोटेक्स के कामकाज के संचालन की जिम्मेदारी सुनील भंडारी के पास थी। राजू ने कहा कि यह कानूनी की दृष्टि से एक सटीक मामला है, जिसमें सभी आरोपियों के खिलाफ धन शोधन का मामला बना है।

## कोविड टीके और अचानक हृदयाघात के बीच कोई संबंध नहीं : एम्स-दिल्ली के अध्ययन में दावा

**नयी दिल्ली :** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के सहयोग से एम्स-दिल्ली द्वारा किए गए एक अध्ययन में दावा किया गया है कि युवा व्यक्तियों में कोविड-19 टीकाकरण और अचानक हृदयाघात के बीच कोई संबंध नहीं है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में एक संवाददाता सम्मेलन में चिकित्सकों की एक समिति ने कहा कि चल रहे अध्ययन में अब तक अचानक मृत्यु के 300 मामलों की जांच की गई है, विशेष रूप से 40 वर्ष से कम आयु के लोगों में। यद्यपि उन सभी को कोविड-19 टीके की खुराक दी गई थी, लेकिन प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि हृदयाघात के पीछे अन्य स्वास्थ्य और जीवनशैली से संबंधित कारण अधिक प्रमुख थे। एम्स-दिल्ली के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस नारंग ने कहा, इस बात के कोई निर्णायक सबूत नहीं हैं कि कोविड-19 टीके अचानक हृदय गति रुकने का कारण बन रहे हैं। वास्तव में, टीके संक्रमण की गंभीरता और संबंधित जटिलताओं को कम करके अधिक फायदेमंद साबित हुए हैं। अध्ययन में पाया गया कि विश्लेषित मामलों में अचानक मृत्यु का सबसे आम कारण हृदयाघात था, जो अक्सर जीवनशैली संबंधी मुद्दों जैसे धूम्रपान, रक्त का थक्का, शराब का सेवन और धमनी अवरोध से जुड़ा होता है। उन्होंने कहा, अध्ययन में शामिल लगभग 50 प्रतिशत व्यक्तियों का शराब पीने और धूम्रपान करने का इतिहास पाया गया। हृदय रोग विशेषज्ञ ने बताया कि दूसरा सबसे आम कारण नकारात्मक शव परीक्षण के रूप में वर्गीकृत किया गया हैं।

## मंडी में बादल फटने से मरने वालों की संख्या 14 हुई, 31 लापता लोगों की तलाश जारी



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के मंडी में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से संबंधित घटनाओं में एक और शव बरामद होने के साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों बताया कि पांच लोग घायल हुए हैं जबकि लापता 31 लोगों की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि शव जिले के थुनाग उपमंडल के रोडे में पाया गया और अबतक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। मंगलवार को मंडी के विभिन्न हिस्सों में बादल फटने की दस घटनाएं, तीन बार अचानक बाढ़ और एक भूस्खलन की घटना हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले बृहस्पतिवार की सुबह दो शव मिले थे। उन्होंने बताया कि सात शव गोहर से, पांच थुनाग से और एक शव मंडी जिले के करसोग उपमंडल से बरामद किया गया। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) के मुताबिक इस प्राकृतिक आपदाओं में 150 से ज्यादा मकान, 106 मवेशियों को रखने के लिए बनाया गया आश्रय, 31 वाहन, 14 पुल और कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं। उसने बताया कि कुल 164 मवेशी मारे गए, जबकि 402 लोगों को बचाया गया, जिनमें से 348 मंडी में थे। प्रभावित को लिए पांच राहत शिविर बनाए गए हैं। एसईओसी के मुताबिक खराब मौसम के कारण राज्य में पिछले कुछ दिनों में 246 सड़कें यातायात के लिए बंद हो गई हैं, जिनमें से 145 मंडी जिले में हैं। इसके अलावा 404 ट्रांसफार्मर और 784 जलापूर्ति योजनाएं भी बाधित हुई हैं।

## आरएसएस एक सामाजिक संगठन, जो समाज के सभी वर्गों के लिए काम करता है: सुनील आंबेकर

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उस पर राजनीतिक हमले नहीं किए जाने चाहिए क्योंकि वह समाज के हर वर्ग और देश की प्रगति के लिए काम करने वाला एक सामाजिक संगठन है। शुक्रवार से यहां शुरू हो रही प्रांत प्रचारकों की तीन दिवसीय बैठक के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पूछे गये प्रश्नों का उत्तर देते हुए आरएसएस के राष्ट्रीय प्रचार एवं मीडिया विभाग के प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि संघ जमीनी स्तर पर अपने स्वयंसेवकों के माध्यम से समाज से ''स्वाभाविक तरीके'' से जुड़ता है। उन्होंने कहा, ''संघ की प्रक्रिया में, संपूर्ण समाज हमारी दृष्टि में है। और यही कारण है कि आज संघ का कार्य देश भर में फैल रहा है, देश के कोने-कोने तक पहुंच रहा है।'' आंबेकर से जब उन आलोचकों के बारे में पूछा गया जो अक्सर आरोप लगाते हैं कि संघ में पिछड़े समुदायों के सदस्यों के लिए कोई जगह नहीं है, तो उन्होंने यह जवाब दिया। उन्होंने कहा, ''इसलिए मेरा मानना है कि जब इन सवालों पर राजनीतिक चर्चा हो रही है, तो संघ को इससे दूर रखा जाना चाहिए। यह अपने तरीके से समाज के हर वर्ग को जोड़ रहा है। हर तरह से लोग इससे जुड़ रहे हैं। संघ को संघ के नजरिए से देखने पर ही समझा जा सकता है।'' आरएसएस के पदाधिकारी ने बताया कि अनुसूचित जाति(एससी), अनुसूचित जनजाति(एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सहित समाज के सभी वर्गों के लोग स्वयंसेवक और पदाधिकारी के रूप में संघ से जुड़े हैं और सौंपी गई जिम्मेदारियों को निभा रहे हैं।

## अगले दलाई लामा का फैसला स्थापित संस्था करेगी, कोई और नहीं: रीजीजू



**नयी दिल्ली :** अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले दलाई लामा पर निर्णय सिर्फ और सिर्फ स्थापित संस्था व दलाई लामा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस फैसले में कोई और शामिल नहीं होगा। तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने बुधवार को कहा था कि दलाई लामा संस्था जारी रहेगी और केवल 'गादेन फोडरंग ट्रस्ट' को ही संस्था के भावी उत्तराधिकारी को मान्यता देने का अधिकार होगा। रीजीजू ने यहां संवाददाताओं से कहा कि दलाई लामा बौद्धों के लिए 'सर्वाधिक महत्वपूर्ण और परिभाषित संस्था' हैं। उन्होंने कहा, और दलाई लामा को मानने वाले सभी लोगों की राय है कि उत्तराधिकारी का फैसला स्थापित परंपरा के और दलाई लामा की इच्छा के अनुसार होना चाहिए। उनके और मौजूदा परंपराओं के अलावा किसी और को इसे तय करने का अधिकार नहीं है। चीन ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता दलाई लामा की उत्तराधिकार योजना को खारिज कर दिया और जोर देकर कहा कि भावी उत्तराधिकारी को उसकी मंजूरी मिलनी चाहिए, जिसके बाद रीजीजू की यह टिप्पणी आई है। बौद्ध धर्म के अनुयायी रीजीजू और उनके साथी केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह छह जुलाई को धर्मशाला में दलाई लामा के 90वें जन्मदिन के अवसर पर भारत सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। तिब्बतियों और बौद्ध धर्म की नालंदा परंपरा का पालन करने वाले सभी लोगों के लिए 14वें दलाई लामा सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं।

## निर्वाचन आयोग को अपने भवन में बैठने की क्या जरूरत, भाजपा मुख्यालय में बैठे : कांग्रेस

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग पर तीखा हमला बोला और उस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ''गुलामी करने'' तथा प्रदेश के 20 प्रतिशत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश रचने का आरोप लगाया। मुख्य विपक्षी दल ने आयोग के शीर्ष पदाधिकारियों पर निशाना साधते हुए यह तंज भी कसा कि उन्हें निर्वाचन भवन में बैठने की क्या जरूरत है, उन्हें भाजपा मुख्यालय की एक मंजिल पर बैठना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि विशेष पुनरीक्षण के मुद्दे पर जब बुधवार शाम 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेता आयोग पहुंचे तो वहां उनके साथ ''मनमाना रवैया'' दिखाया गया। उन्होंने कहा कि इस संवैधानिक संस्था का ऐसा व्यवहार लोकतंत्र की बुनियादी संरचना को कमजोर करता है। रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा कि आखिर इस आयोग के अभी कितने 'मास्टर स्ट्रोक' देखने बाकी हैं। रमेश ने दावा किया कि प्रत्येक दल से सिर्फ दो प्रतिनिधियों को ही मिलने की अनुमति दी गई जिससे कई नेता आयोग के सदस्यों से मुलाकात नहीं कर सके तथा वह स्वयं लगभग दो घंटे तक प्रतीक्षालय में बैठे रहे। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि आयोग ने सभी दलों के दो-दो प्रतिनिधियों से मिलने का फैसला किया ताकि सभी के विचारों को सुना जा सके। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, ''हम सभी के पास वोट देने का एक महत्वपूर्ण अधिकार है, जिसके ऊपर साजिशन चोट करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग मोहरा है, जो ये कदम उठा रहा है।'' उन्होंने कहा, ''हैरानी की बात है कि जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी या राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे महाराष्ट्र की मतदाता सूची देने और मतदान वाले दिन की सीसीटीवी फुटेज की मांग करते हैं तो महीनों तक आयोग का जवाब नहीं आता है, लेकिन यहां एक महीने में पूरे बिहार की नयी मतदाता सूची तैयार कर दी जाएगी।''

### मियाद पूरी कर चुके वाहनों को ईंधन पर रोक व्यावहारिक नहीं : दिल्ली सरकार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को पत्र लिखकर कहा है कि तकनीकी चुनौतियों और जटिल प्रणालियों के कारण तय मियाद पूरी कर चुके वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध लगाना व्यावहारिक नहीं है और तत्काल इसे स्थगित करने का अनुरोध किया। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बृहस्पतिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस कदम से लोगों में असंतोष है और सरकार उनके साथ खड़ी है। सिरसा ने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार 10 वर्ष या उससे अधिक पुराने डीजल और 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों

## सुनिश्चित करें कांवड़ यात्रा के दौरान 'थूक जिहाद' की घटनाएं न हों: धामी ने अधिकारियों से कहा




**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को हरिद्वार में आगामी कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि तीर्थयात्रा के दौरान थूक जिहाद की घटनाएं दोबारा न हों। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा करने के बाद धामी ने संवाददाताओं से कहा, यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि हरिद्वार आने वाले कांवड़िये अच्छे अनुभव के साथ लौटें। कांवड़ यात्रा के दौरान पहले भी 'थूक जिहाद' की घटनाएं हुई हैं। मैंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। 'थूक जिहाद' शब्द भारतीय जनता पार्टी द्वारा गढ़ा गया एक शब्द है, जो कुछ साल पहले सामने आए एक व्यापक रूप से प्रसारित वीडियो को संदर्भित करता है, जिसमें एक ढाबे के रसोइए को रोटी बनाते समय आटे में थूकते हुए देखा गया था। एक अन्य वीडियो सामने आया था जिसमें एक फल विक्रेता सेबों पर थूकते हुए तथा उन्हें बेचने से पहले उन्हें साफ करते हुए दिखाई दे रहा था। अगले सप्ताह से पखवाड़े भर चलने वाली कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है, जिसके दौरान विभिन्न राज्यों से शिव भक्त गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार आते हैं।

## मुसलमानों के गाय की 'कुर्बानी' देने के खिलाफ बोलकर दिखाए कांग्रेस : असम के मुख्यमंत्री



**उदलगुड़ी (असम) :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को विपक्षी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसमें 'कुर्बानी' के दौरान मुसलमानों द्वारा गोकसी किए जाने और धार्मिक स्थलों के निकट कथित तौर पर गोमांस फेंके जाने के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं है। शर्मा ने एक बैठक से इतर कहा कि भाजपा एकमात्र पार्टी है जो मुस्लिम समुदाय से गायों को छोड़कर अन्य जानवरों की 'कुर्बानी' करने का अनुरोध कर सकती है। मुख्यमंत्री ने पूछा, ''क्या कांग्रेस ऐसा कर सकती है? उसे यह बात कहने के लिए सात बार जन्म लेना पड़ेगा। तो गायों का हितैषी कौन है?'' उन्होंने यह सवाल भी किया कि क्या कांग्रेस ने दुकानों में खुलेआम गोमांस बेचने और नामघर के सामने मांस फेंके जाने का कभी विरोध किया है। शर्मा ने कहा, ''क्या कांग्रेस ने धुबरी की घटना की निंदा की है? या वह हाजो मामले की निंदा करेगी, जिसमें आज गोमांस पाया गया? क्या उसे मृत गायों के बारे में नहीं बोलना चाहिए, ताकि पता चल सके कि उन्हें किसने मारा? कांग्रेस उलटे क्रम में काम करती है। जहां उसे बोलना चाहिए, वहां वह चुप रहती है।'' पुलिस के अनुसार, पिछले महीने ईद के दौरान गोमांस के टुकड़े फेंकने के आरोप में धुबरी, होजई, ग्वालपाड़ा और लखीमपुर जिलों में करीब 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बृहस्पतिवार को कामरूप जिले के हाजो में भी मांस के कुछ टुकड़े पाए गए, जिनके गोमांस होने का संदेह है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''विपक्षी दल वहां आवाज नहीं उठाते जहां उन्हें आवाज उठानी चाहिए। असम में 'कुर्बानी' के लिए हजारों गायों को मार दिया जाता है...।''

## बल्क सीमेंट परिवहन में एक नया युग: कंटेनरों में सीमेंट लोडिंग की सुविधा शुरू



**नयी दिल्ली :** कॉनकॉर ने भारत में सीमेंट लॉजिस्टिक्स को बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पहली बार बल्क सीमेंट को ढीले रूप में परिवहन करने के लिए विशेष टैंक कंटेनरों की शुरुआत की गई है।इन विशेष टैंक कंटेनरों की वास्तविक समय में आवाजाही आंध्र प्रदेश के म्य होम सीमेंट साइडिंग (एमएमएचएम), मल्लेचरुवु से कॉनकॉर आईसीडी व्हाइटफील्ड, बेंगलुरु तक सफलतापूर्वक शुरू हो चुकी है। यह पहल भारतीय रेल द्वारा प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों के लिए नवाचारी और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करने के निरंतर प्रयासों में एक और मील का पत्थर है।ये टैंक कंटेनर सीमेंट उद्योग को सहयोग देने के लिए डिजाइन किए गए हैं, जिससे रेल नेटवर्क के माध्यम से सीमेंट का कुशल, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल बल्क परिवहन संभव हो सके। इससे पारंपरिक बोरी आधारित परिवहन पर निर्भरता काफी हद तक कम होगी। यह पहल सीमेंट कंपनियों की संचालन क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ भारत के हरित और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने के लक्ष्य के अनुरूप है। अपने मजबूत बुनियादी ढांचे और मल्टीमॉडल क्षमताओं का लाभ उठाकर कॉनकॉर उद्योगों को लागत प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### दिल्ली में किशोरों समेत आठ लोगों ने निर्वस्त्र कर लड़के की हत्या की, छह आरोपी पकड़े

**नयी दिल्ली :** बाहरी उत्तरी दिल्ली में एक खौफनाक घटना में किशोरों समेत आठ लोगों के एक समूह ने 14 वर्षीय लड़के की कथित तौर पर चाकू से वार कर हत्या कर दी और शव को हैदरपुर क्षेत्र की एक नहर में फेंक दिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार रंजिश में हुई इस वारदात में सिरसपुर के जीवनपार्क निवासी लड़के को कथित तौर पर अपहरण, निर्वस्त्र करने के बाद मार दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि एक जुलाई को मुनक नहर के पास उसका शव मिला था, जिस पर चाकू के कई घाव थे और गले में दुपट्टा बंधा हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि अपराह्न करीब तीन बजकर 10 मिनट पर पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को सूचना मिली कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के जल शोधन संयंत्र के पास एक शव पड़ा है।

# भोपाल गैस त्रासदी : 40 साल बाद मिटा कचरे का 'कलंक', कुल 358 टन अपशिष्ट जलकर भस्म



**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** भोपाल गैस त्रासदी के लिए जिम्मेदार यूनियन कार्बाइड कारखाने के कचरे का नामो-निशान मिटाने की दिशा में बृहस्पतिवार को अहम मुकाम हासिल किया गया, जब इस बंद पड़े कारखाने की 19 टन मिट्टी के साथ ही इसकी 2.22 टन वजनी पैकेजिंग सामग्री भी धार जिले के एक अपशिष्ट निपटान संयंत्र में जलकर राख में बदल गई। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर यूनियन कार्बाइड कारखाने के 337 टन कचरे की मूल खेप को पीथमपुर के संयंत्र में अलग-अलग चरणों में पहले ही भस्म किया जा चुका है। भोपाल में दो और तीन दिसंबर 1984 की दरमियानी रात यूनियन कार्बाइड कारखाने से अत्यधिक जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ था। इससे कम से कम 5,479 लोग मारे गए थे और हजारों लोग अपंग हो गए थे। इसे दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक आपदाओं में गिना जाता है। देश-विदेश के संयंत्रों में यूनियन कार्बाइड कारखाने के कचरे को नष्ट किए जाने के लिए गुजरे चार दशक के दौरान कई योजनाएं बनीं और विरोध प्रदर्शनों के बीच रद्द हुईं। आखिरकार, इस कचरे को इंदौर से करीब 30 किलोमीटर दूर पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में एक निजी कंपनी द्वारा संचालित अपशिष्ट निपटान संयंत्र में भस्म करके 800 टन से ज्यादा वजनी राख में बदल दिया गया।

## आप का कांग्रेस से कोई समझौता नहीं, 'इंडिया' गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव के लिए था : केजरीवाल



**अहमदाबाद :** कांग्रेस पर गुजरात में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की मदद करने का आरोप लगाते हुये आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी का मुख्य विपक्षी दल के साथ अब कोई समझौता नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस की अगुवाई वाली विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') केवल लोकसभा चुनावों के लिए था। दिल्ली के मुख्यमंत्री रह चुके आप सुप्रीमो ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आप 2027 का गुजरात विधानसभा चुनाव लड़ेगी और जीतेगी, क्योंकि राज्य के लोगों के पास अब भाजपा और कांग्रेस के अलावा एक और विकल्प है। केजरीवाल ने कहा, ''हमारा कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं है। अगर कोई गठबंधन था, तो उन्होंने विसावदर में उपचुनाव क्यों लड़ा? वे हमें हराने आए थे। भाजपा ने हमारे वोट काटकर आप को हराने के लिए कांग्रेस को भेजा था।'' उन्होंने कहा, ''जब कांग्रेस विफल हुई, तो भाजपा ने उन्हें फटकार भी लगाई। 'इंडिया' गठबंधन केवल लोकसभा चुनावों के लिए था। अब हमारी तरफ से कोई गठबंधन नहीं है।'' प्रदेश के जूनागढ़ जिले की विसावदर सीट पर पिछले महीने हुए उपचुनाव में आप नेता गोपाल इटालिया ने भाजपा के किरीट पटेल को 17,000 से अधिक मतों से हराया था। कांग्रेस उम्मीदवार नितिन रनपरिया को केवल 5,501 मतों से संतोष करना पड़ा और वह तीसरे स्थान पर रहे थे। केजरीवाल ने दावा किया कि भाजपा ने अपने 30 साल के शासन में गुजरात को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विपक्ष के तौर पर विफल रही है क्योंकि वह भाजपा को सत्ता में बने रहने में मदद कर रही है।

# गिल के रिकॉर्ड दोहरे शतक से भारत मजबूत

## इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 77 रन



**बर्मिंघम :** भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। भारत की पहली पारी दूसरे दिन 587 रन पर ऑलआउट हुई थी और भारत ने अच्छी शुरुआत करते हुए इंग्लैंड के तीन विकेट गिरा दिए। हालांकि, हैरी ब्रूक और जो रूट ने चौथे विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी कर इंग्लैंड को संभाला। दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने पहली पारी में तीन विकेट पर 77 रन बनाए हैं और वह अभी भारत से 510 रन पीछे चल रही है। स्टंप्स के समय ब्रूक 30 और रूट 18 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। जसप्रीत बुमराह के बिना खेलने उतरी भारतीय टीम को आकाश दीप ने दोहरी सफलता दिलाई। उन्होंने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लेकर इंग्लैंड को शुरुआती झटके दिए। आकाश ने पहले शुभमन गिल के हाथों कैच कराकर बेन डकेट को आउट किया और फिर अगली ही गेंद पर ओली पोप को पवेलियन भेजा। डकेट और पोप खाता खोले बिना आउट हुए। इसके बाद मोहम्मद सिराज ने जैक क्रावली को आउट कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। क्रावली 30 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 19 रन बनाकर आउट हुए।

**भारत की पहली पारी**

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत की पहली पारी 587 रन पर ऑलआउट हो गई है। भारत के लिए कप्तान शुभमन गिल ने शानदार प्रदर्शन किया और 269 रनों की पारी खेली। गिल के अलावा रवींद्र जडेजा और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अर्धशतक लगाए जिससे भारत इंग्लैंड के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाने में सफल रहा। इंग्लैंड की ओर से शोएब बशीर ने तीन विकेट झटके, जबकि क्रिस वोक्स और जोश टंग ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, ब्रायडन कार्स, बेन स्टोक्स और जो रूट को एक-एक विकेट मिला। भारत ने दूसरे दिन पांच विकेट पर 310 रन से पारी आगे बढ़ाई। भारत के लिए गिल और जडेजा ने शानदार बल्लेबाजी की और छठे विकेट के लिए 203 रन जोड़े। इस साझेदारी को जोश टंग ने जडेजा को आउट कर तोड़ा। जडेजा 89 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद गिल ने वॉशिंगटन सुंदर के साथ पारी आगे बढ़ाई और अपने करियर का पहला दोहरा शतक लगाया। टी ब्रेक से पहले भारत को सुंदर के रूप में सातवां झटका लगा। सुंदर 42 रन बनाकर पवेलियन लौटे। टी ब्रेक के बाद गिल भी ज्यादा देर पारी आगे नहीं बढ़ा सके और आठवें बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। गिल जब आउट हुए उस वक्त भारत का स्कोर 574 रन था। भारत ने अपने अगले दोनों विकेट 13 रन के अंतराल पर गंवाए। भारत के लिए आकाश दीप छह और मोहम्मद सिराज आठ रन बनाकर आउट हुए। प्रसिद्ध कृष्णा पांच रन बनाकर नाबाद लौटे।

# सबसे कठिन हिस्सा ट्रेनिंग है, बहुत कम समय मिलता है: नीरज चोपड़ा



**बेंगलुरू :** दोहरे ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके नाम पर शुरू हुई अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता से पहले संगठनात्मक जिम्मेदारियों को निभाना और साथ ही अपनी व्यक्तिगत तैयारियों का प्रबंधन करना उनकी सबसे बड़ी चुनौती थी। नीरज चोपड़ा क्लासिक में शीर्ष स्तर के खिलाड़ी शनिवार को यहां श्री कांतीरवा स्टेडियम में हिस्सा लेंगे। यह शीर्ष एथलीट पेरिस और चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं के बाद इसमें हिस्सा ले रहा है। ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता 24 जून को जबकि पेरिस डायमंड लीग 20 जून को थी जिसमें इस भारतीय ने जीत हासिल की थी। कर्नाटक ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान चोपड़ा ने कहा, ''सबसे कठिन हिस्सा ट्रेनिंग है। हमें ट्रेनिंग के लिए बहुत कम समय मिलता है। मैंने पेरिस और ओस्ट्रावा में प्रतिस्पर्धा की और फिर बेंगलुरु की यात्रा की। अब मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा। हमें सब कुछ एक साथ ही व्यवस्थित करना होता है।'' उन्होंने कहा, ''हमें सभी खिलाड़ियों से इस बारे में बात करनी होगी कि इसे कैसे बेहतर बनाया जाए। लेकिन सब कुछ ठीक चल रहा है। हम इसे संभाल लेंगे और प्रतिस्पर्धा भी करेंगे। लेकिन सबसे बड़ा लक्ष्य इस टूर्नामेंट को बड़ा बनाना है।'' चोपड़ा ने बृहस्पतिवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से भी मुलाकात की। 27 वर्षीय इस मौजूदा विश्व चैंपियन ने कहा कि इस तरह के बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए बेंगलुरु एकदम सही जगह है। उन्होंने कहा, ''मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। जिस तरह से तैयारियां चल रही हैं, मैं बहुत खुश हूं। मैं खेल विभाग, कर्नाटक ओलंपिक संघ, कर्नाटक सरकार को इतने कम समय में टूर्नामेंट आयोजित करने में मेरी मदद करने के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने मेरी बहुत मदद की। बेंगलुरू में इसे आयोजित करने का सबसे बड़ा कारण यह है कि यहां मौसम अच्छा है।''

# जोकोविच ने जीत के साथ विंबलडन में एक और रिकॉर्ड बनाया



**लंदन :** नोवाक जोकोविच ने बुधवार को सेंटर कोर्ट पर डैन इवांस पर 6-3, 6-2, 6-0 की जीत के साथ 19वीं बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंचकर एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। जोकोविच ने विंबलडन में कुल मिलाकर 99वां मैच जीता और तीसरे दौर में 19वीं बार जगह बनाई जो ओपन युग में किसी पुरुष खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। महान खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 18 बार तीसरे दौर में प्रवेश किया था। हालांकि यह 38 वर्षीय जोकोविच के लिए शायद ही कोई प्रतिष्ठित रिकॉर्ड है जिनके नाम सात विंबलडन सहित कुल 24 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं जो पुरुष खिलाड़ियों के बीच रिकॉर्ड है। जोकोविच ने कहा, ''उन्नीस बार, यह एक शानदार आंकड़ा है। यह शायद (यानिक) सिनर और (कार्लोस) अल्कारेज की उम्र के बराबर है।'' पिछले दो विंबलडन फाइनल में जोकोविच को हराने वाले अल्कारेज 22 जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर 23 साल के हैं। महिल एकल में सातवीं वरीय मीरा आंद्रीवा और 10वीं वरीय ऐमा नवारो ने सीधे सेट में जीत दर्ज की। आंद्रीवा ने इटल की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-1, 7-6 से हराया जबकि नवारो ने एकतरफा मुकाबले में वेरोनिका कुदरमेतोवा को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। विंबलडन 2022 चैंपियन एलेना रिबाकिना ने मारिया सकारी को 6-3, 6-1 से हराया। पुरुष एकल में एलेक्स डि मिनोर ने आर्थर केजॉक्स को 4-6, 6-2, 6-4, 6-0 से शिकस्त दी जबकि 19वें वरीय ग्रेगोर दिमित्रोव ने कोरेनटिन मोटेट को 7-5, 4-6, 7-5, 7-5 से हराया।

# एशिया कप और जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए अभी सरकार से मंजूरी नहीं मिली है पाकिस्तान को

**कराची :** पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) और पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि उन्हें इस साल भारत में होने वाले हॉकी के दो बड़े टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए सरकार से अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। भारत के खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान की हॉकी टीमों को अगले महीने भारत में होने वाले एशिया कप और उसके बाद होने वाले जूनियर विश्व कप में भाग लेने से नहीं रोका जाएगा क्योंकि उन्हें बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से रोकने का कोई भी कदम ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन होगा। एशिया कप का आयोजन बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर तक जबकि जूनियर विश्व कप का आयोजन चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होगा। पीएचएफ के महासचिव राणा मुजाहिद ने कहा कि उन्होंने भारत में टीमें भेजने की मंजूरी के लिए पीएसबी से आधिकारिक रूप से पूछा है। उन्होंने कहा, ''लेकिन पीएसबी ने इस आधिकारिक पूछताछ को संबंधित मंत्रालयों को भेज दिया है और उन्होंने अभी तक जवाब नहीं दिया है।''

# श्रीनगर में अगले महीने होगा पहला खेलो इंडिया 'वॉटर स्पोटर्स फेस्टिवल'

**नयी दिल्ली :** श्रीनगर में 21 से 23 अगस्त तक डल झील पर पहले खेलो इंडिया 'वॉटर स्पोटर्स फेस्टिवल' का आयोजन होगा जिसमें देश के 400 से अधिक खिलाड़ी कयाकिंग, केनोइंग, वॉटर स्कीइंग और नौकायन जैसे खेलों में भाग लेंगे। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने यहां मीडिया से बातचीत में बताया कि खेलो इंडिया मुहिम को विस्तार देने की कवायद में यह फैसला लिया गया है। हाल ही में दीयू में पहले खेलो इंडिया 'बीच गेम्स' का आयोजन किया गया था। यह फेस्टिवल खेलो इंडिया योजना की खेल प्रतिस्पर्धा और प्रतिभा विकास पहल के तहत आयोजित किया जायेगा। मांडविया ने कहा ,'' यह वॉटर स्पोटर्स को बढावा देने और उनकी लोकप्रियता में इजाफा करने की कवायद में आयोजित किया जा रहा है।'' इसमें शिकारा और ड्रैगन बोट रेस का भी आयोजन किया जायेगा। मंत्रालय को 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 400 से अधिक खिलाड़ियों के इसमें भाग लेने की उम्मीद है। खिलाड़ियों का नामांकन राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा उनकी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या अन्य टूर्नामेंटों के जरिये किया जायेगा।

### एन श्रीराम बालाजी विंबलडन के पुरुष युगल के दूसरे दौर में

**लंदन :** भारत के एन श्रीराम बालाजी ने बृहस्पतिवार को यहां विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के युकी भांबरी और रित्विक बोलिपल्ली पहले ही दूसरे दौर में पहुंच चुके हैं। दुनिया के 74वें नंबर के खिलाड़ी बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वरेला ने शुरुआती दौर के मैच में लर्नर टीएन और अलेक्जेंडर कोवासेविक की अमेरिकी जोड़ी को 6-4, 6-4 से हराया। यह मुकाबला 71 मिनट तक चला और भारत तथा मैक्सिको की जोड़ी ने दोनों सेट में अपने विरोधियों की सर्विस एक-एक बार तोड़कर मैच अपने नाम किया।

# जीत की हैट्रिक लगाकर इंग्लैंड के खिलाफ पहली टी20 श्रृंखला जीतने उतरेगा भारत



**लंदन :** पहले दो मैच को सहजता से अपने नाम करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार सबसे छोटे प्रारूप में श्रृंखला जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। हालांकि इग्लैंड को अपनी कप्तान नैट साइवर ब्रंट की कमी खलेगी जो 'ग्रोइन' चोट के कारण मुकाबले में नहीं खेल पाएंगी। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा, ''स्कैन के नतीजों से पता चलेगा कि साइवर ब्रंट को श्रृंखला के और मैच में भी बाहर बैठने की जरूरत होगी या नहीं क्योंकि चौथा मैच ओल्ड ट्रैफर्ड में नौ जुलाई को होगा।'' इसके अनुसार, ''टैमी ब्यूमोंट उनकी अनुपस्थिति में टीम की अगुआई करेंगी और हैम्पशर की बल्लेबाज माइया बाउचर को 'कवर' के तौर पर बुलाया गया है।'' ब्रंट की अनुप-स्थिति से परिदृश्य नहीं बदलेगा क्योंकि हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस समय शानदार फॉर्म में है। उसने पांच मैच की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से हराया तथा उसके बाद ब्रिस्टल में 24 रन से जीत दर्ज की जो इंग्लैंड की महिला टीम की इस मैदान पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पहली हार थी। इस तरह से भारतीय टीम श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे चल रही है। भारतीय महिला टीम ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र मैच में इंग्लैंड को हराया था। तब से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ हर महिला टी20 श्रृंखला में हारती रही है, चाहे वह घरेलू मैदान पर हो या बाहर। यह प्रभावशाली प्रदर्शन भारत के लिए उत्साहजनक है, क्योंकि वे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने की कोशिश कर रहे हैं, जो अगले वर्ष इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्व रखता है।

### लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा और उनके भाई की कार दुर्घटना में मौत

**मैड्रिड :** लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा और उनके भाई की स्पेन में कार दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्पेनिश सिविल गार्ड ने एसोसिएटेड प्रेस को पुष्टि की कि जोटा और उनके भाई की कार पश्चिमी शहर ज़मोरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे कार में सवार दोनों भाइयों की मौत हो गई। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि इसमें कोई अन्य वाहन शामिल नहीं था। 28 वर्षीय जोटा और उनके भाई, 25 वर्षीय आंद्रे सिल्वा दोनों पुर्तगाल के खिलाड़ी थे। जोटा पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए भी खेल चुके हैं। सिल्वा निचले डिवीजन में पुर्तगाली क्लब पेनाफेल के लिए खेल चुके हैं।

### श्रीकांत कनाडा ओपन सुपर 300 के क्वार्टरफाइनल में

**कालगैरी :** भारतीय शटलर किदाम्बी श्रीकांत ने बृहस्पतिवार को यहां चीनी ताइपे के वांग पो वेई पर सीधे गेम में जीत के साथ कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता और 2022 थॉमस कप विजेता श्रीकांत ने दुनिया के 71वें नंबर के खिलाड़ी वांग को 21-19, 21-12 से शिकस्त दी।



### सोना 450 रुपये चढ़ा, चांदी 1,000 रुपये मजबूत

**नयी दिल्ली :** स्टॉकिस्ट की सतत लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 450 रुपये बढ़कर 99,620 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 99,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये बढ़कर 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी बृहस्पतिवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,05,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले सत्र में चांदी 1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। मेहता इक्विटीज के उपाध्यक्ष-जिंस राहुल कलंत्री ने कहा, ''डॉलर इंडेक्स के 3.5 साल के नए निचले स्तर पर आने तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल के दो महीने के निचले स्तर पर आने के बाद सोने और चांदी में तेजी जारी रही।''

# चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6.4-6.7 प्रतिशत रहेगी, जीएसटी को त्रिस्तरीय बनाया जाए: सीआईआई



**नयी दिल्ली :** भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में मजबूत घरेलू मांग के सहारे 6.4-6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने बृहस्पतिवार को यह संभावना जताई। सीआईआई के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद मेमानी ने अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की एक सरल त्रिस्तरीय कर संरचना की वकालत की। उन्होंने कहा कि जरूरी वस्तुओं को पांच प्रतिशत कर के दायरे में रखा जा सकता है जबकि विलासिता एवं नुकसानदेह उत्पादों पर 28 प्रतिशत कर लगाया जाए और शेष वस्तुओं को 12-18 प्रतिशत कर दायरे में रखा जाए। फिलहाल जीएसटी एक चार-स्तरीय कर व्यवस्था है जिसमें पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाता है। मेमानी ने भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में कहा कि अच्छे मानसून का अनुमान और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) एवं रेपो दर में कटौती से बढ़ी हुई तरलता जैसे कारक देश की आर्थिक वृद्धि का समर्थन करेंगे। पिछले महीने, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सीआरआर में एक प्रतिशत कटौती की घोषणा करने के साथ मानक ब्याज दर रेपो में भी 0.50 प्रतिशत की कमी कर इसे 5.50 प्रतिशत कर दिया था। वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के बारे में सीआईआई के पूर्वानुमान पर पूछे गए सवाल पर मेमानी ने कहा, ''हमें भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.4 से 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।'' हालांकि, उन्होंने कहा कि इस वृद्धि की राह में कुछ स्पष्ट जोखिम हैं जिनमें से कुछ बाहरी व्यापार जोखिमों से संबंधित हैं। मेमानी ने कहा, ''मुझे लगता है कि उनमें से बहुत से कारकों को अपने आकलन में शामिल किया गया है और कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। इसलिए उम्मीद है कि वे संतुलित हो जाएंगे... सीआईआई के नजरिये से देखें तो हम 6.4 से 6.7 प्रतिशत की वृद्धि देख रहे हैं।'' उन्होंने एक प्रस्तुति में कहा कि आर्थिक वृद्धि से जुड़े जोखिम समान रूप से संतुलित हैं। सीआईआई अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि के लिए 'भू-राजनीतिक अनिश्चितता' नकारात्मक जोखिम पैदा करती है जबकि 'मजबूत घरेलू मांग' इसका सकारात्मक पहलू है। उन्होंने जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि कम आय वाले तबके के इस्तेमाल वाली वस्तुओं पर कर की दर घटाई जानी चाहिए।

### इस महीने 730 एफएम रेडियो चैनल की होगी नीलामी: सूचना प्रसारण सचिव

**नयी दिल्ली :** सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि देशभर के 234 शहरों में 730 एफएम रेडियो चैनल के लिए ऑनलाइन नीलामी इस महीने के अंत में शुरू होने वाली है। जाजू ने यहां ब्रॉडकास्टिंग इंजीनियरिंग सोसायटी एक्सपो को संबोधित करते हुए कहा कि देशभर की 20 से अधिक शीर्ष कंपनियों ने निजी एफएम रेडियो चरण- तीन नीति के तहत नीलामी के लिए आमंत्रित बोलियों में भाग लिया है। उन्होंने कहा, ''निजी एफएम रेडियो के मामले में अब काफी लाभ हो रहा है। निजी एफएम रेडियो के लिए नीलामी इस महीने शुरू होने वाली है।'' जाजू ने कहा, ''मुझे यकीन है कि इसमें कई कंपनियों की अच्छी भागीदारी होगी।''

# इंडिगो के निदेशक मंडल में शामिल होंगे अमिताभ कांत



**मुंबई :** इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने बृहस्पतिवार को नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत को अपने निदेशक मंडल में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। कांत ने पिछले महीने भारत के जी-20 शेरपा के पद से इस्तीफा दे दिया था। इंटरग्लोब एविएशन ने बयान में कहा कि निदेशक मंडल में उनकी नियुक्ति नियामकीय और शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर है। इंडिगो के निदेशक मंडल के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा, ''इंडिगो को अमिताभ कांत को बोर्ड सदस्य के रूप में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। कांत के पास राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रशासनिक कार्यों का अच्छा-खासा अनुभव है। उनके नेतृत्व गुणों से इंडिगो को बहुत लाभ होगा...।'' मेहता ने कहा कि इंडिगो की टीम 2030 तक वैश्विक कंपनी बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में अपने व्यापक अनुभव और ज्ञान का लाभ उठा सकती है। नीति आयोग में अपने कार्यकाल के दौरान, कांत ने कई प्रमुख भूमिकाएं निभाईं। इनमें भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के बोर्ड में निदेशक और भारत के राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग के सदस्य की भूमिका शामिल हैं। अपनी नियुक्ति पर कांत ने कहा, ''मैं इंटरग्लोब एविएशन लि. (इंडिगो) के निदेशक मंडल में शामिल होकर बहुत खुश हूं...मैं इंडिगो और भारत के व्यापार, पर्यटन और आर्थिक विकास के अगले अध्याय में यो-गदान देने के लिए तत्पर हूं।''

# चीनी क्षेत्र 1.3 लाख करोड़ रुपये का उद्योग बना : खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत का चीनी क्षेत्र 1.3 लाख करोड़ रुपये का उद्योग बन गया है और यह ग्रामीण समृद्धि और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा दे रहा है। मंत्री 'सहकारी चीनी उद्योग सम्मेलन 2025' और 'राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार समारोह' को संबोधित कर रहे थे। जोशी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत का चीनी क्षेत्र 1.3 लाख करोड़ रुपये (वार्षिक) का उद्योग बन गया है, जो रिकॉर्ड एथनॉल मिश्रण और ईंधन में आत्मनिर्भरता जैसे सुधारों के माध्यम से ग्रामीण समृद्धि, ऊर्जा सुरक्षा और हरित ऊर्जा को बढ़ावा दे रहा है।'' उन्होंने कहा कि यह देखना प्रेरणादायक है कि कैसे इस क्षेत्र का विकास भारत के लिए एक टिकाऊ, आत्मनिर्भर भविष्य को आकार दे रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड द्वारा किया गया था। इसकी स्थापना वर्ष 1960 में भारत में एक मजबूत और जीवंत सहकारी चीनी क्षेत्र के निर्माण के लिए की गई थी। देशभर की सभी सहकारी चीनी मिलें और राज्य सहकारी चीनी संघ इसके सदस्य हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अनुकूल नीतिगत पहल की मदद से मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों में भारत की एथनॉल उत्पादन क्षमता चार गुना से अधिक होकर 1,810 करोड़ लीटर सालाना हो गई है।

# एनसीडीईएक्स, आईएमडी ने भारत के पहला मौसम डेरिवेटिव पेश करने के लिए किया करार

**मुंबई :** नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड (एनसीडीईएक्स) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जो भारत के पहले मौसम डेरिवेटिव्स (व्युत्पन्न कारोबार) को पेश करने का महत्वपूर्ण आधार तैयार करेगा। एनसीडीईएक्स ने बयान में कहा कि 26 जून को हस्ताक्षरित यह समझौता ज्ञापन (एमओयू) भारत के पहले मौसम डेरिवेटिव्स की पेशकश करने के लिए महत्वपूर्ण आधार तैयार करेगा। यह एक लंबे समय से प्रतीक्षित बाजार साधन है। इसे किसानों और संबद्ध क्षेत्रों को अनियमित वर्षा, लू और प्रतिकूल मौसम संबंधी घटनाओं मसलन जलवायु संबंधी जोखिमों से बचाव में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस साझेदारी के साथ, एनसीडीईएक्स, आईएमडी से प्राप्त ऐतिहासिक और वास्तविक समय के आंकड़ों का उपयोग करके बाकी चीजों के अलावा वर्षा-आधारित डेरिवेटिव उत्पाद विकसित करेगा। एनसीडीईएक्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुण रस्ते ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमारा प्रयास इसे जल्दी पेश करना है ताकि अंशधारकों को लाभ हो। हमें दक्षिण-पश्चिम और पूर्वी मानसून चक्रों पर विचार करते हुए उत्पाद विकसित करने के लिए समय चाहिए।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 170 अंक और टूटा

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 170 अंक टूट गया। बाजार में कारोबार के दौरान तेजी थी लेकिन अंतिम घंटे में वित्तीय कंपनियों और धातु शेयरों में बिकवाली से यह गिरावट के साथ बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 170.22 अंक यानी 0.20 प्रतिशत टूटकर 83,239.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 440.4 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी भी 48.10 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,405.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में मारुति, इन्फोसिस, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन बाजार में उतार-चढ़ाव रहा और यह मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ...।'' उन्होंने कहा कि क्षेत्रावार देखा जाए तो रुख मिला-जुला रहा। वाहन और औषधि क्षेत्र के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई, जबकि धातु और रियल्टी सबसे ज्यादा नुकसान में रहे। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.47 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मझोली कंपनियों से जुड़े बीएसई मिडकैप में 0.06 प्रतिशत की गिरावट आई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि शुल्क छूट को लेकर 90 दिन की अवधि समाप्त होने वाली है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3286 अंक 096, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in